किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 324 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 02 सितम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

प्रदर्शनकारियों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, FIR खत्म करने का आदेश

अनुच्छेद 142 की विशेष शक्ति का इस्तेमाल; CJI सूर्यकांत की पीठ ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन में दर्ज मामलों को खत्म करने का रास्ता साफ किया

नई दिल्ली, 1 सितंबर। नीट पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर हुए प्रदर्शनों में दर्ज एफआईआर के मामले में

प्रदर्शनकारियों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्ति का इस्तेमाल करते हुए 20 से 25 जुलाई के बीच हुए प्रदर्शनों से जुड़े मामलों को खत्म करने का आदेश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन भी शामिल थे। केंद्र तथा संबंधित राज्य सरकारों की ओर से अदालत को बताया गया कि 25 जुलाई को हुए समझौते और सरकार के आश्वासनों के तहत इन मामलों को आगे नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद अदालत ने मामलों को समाप्त करने का रास्ता साफ किया।

क्या है अनुच्छेद 142 की ताकत?

संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को 'पूर्ण न्याय' के लिए विशेष शक्ति देता है। अदालत ने इसी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को खत्म करने का आदेश दिया। पीठ ने इस बात को भी ध्यान में रखा कि बड़ी संख्या में युवा अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल हुए थे और आपराधिक मामलों का उनके भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

विरोध मार्च भी वापस

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदर्शनकारी संगठन ने 5 सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित विरोध मार्च वापस लेने का ऐलान किया है।
"अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए विशेष आदेश जारी कर सकता है।"

शेयर बाजार में मिला-जुला कारोबार, सेंसेक्स-निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद

आईटी और एफएमसीजी शेयरों ने संभाला बाजार, हेल्थकेयर-फार्मा में बिकवाली का दबाव; मिडकैप शेयरों में बड़ी गिरावट



नई दिल्ली, 1 सितंबर। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को पूरे दिन उतार-चढ़ाव के बीच कारोबार करता रहा और अंत में मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 12.99 अंक यानी 0.02 प्रतिशत फिसलकर 76,944.28 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 24.60 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,055.80 अंक पर रहा।

बाजार की तस्वीर

सेंसेक्स — 76,944.28 12.99 अंक की गिरावट	निफ्टी — 24,055.80 24.60 अंक की गिरावट
मिडकैप 100 — 63,334.50 890.25 अंक यानी 1.39 प्रतिशत नीचे	स्मॉलकैप 100 — 19,886.25 45.40 अंक यानी 0.23 प्रतिशत नीचे

आईटी-एफएमसीजी में खरीदारी ने दिया सहारा

बाजार की कमजोरी के बीच आईटी और एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी आईटी 0.98 प्रतिशत और निफ्टी एफएमसीजी 0.94 प्रतिशत की तेजी के साथ सबसे मजबूत क्षेत्रीय सूचकांकों में रहे। निफ्टी ऑयल एंड गैस 0.35 प्रतिशत, इंफ्रा 0.33 प्रतिशत, मीडिया 0.26 प्रतिशत और कमोडिटीज 0.14 प्रतिशत चढ़े।

हेल्थकेयर और फार्मा शेयरों पर दबाव

दूसरी ओर हेल्थकेयर, फार्मा और रियल्टी शेयरों में भारी बिकवाली रही। निफ्टी हेल्थकेयर 1.60 प्रतिशत, फार्मा 1.45 प्रतिशत और रियल्टी 1.42 प्रतिशत टूटे। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.40 प्रतिशत, ऑटो में 1.22 प्रतिशत और पीएसयू बैंक में 1.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

आगे किस पर रहेगी बाजार की नजर?

आने वाले दिनों में शेयर बाजार की दिशा कच्चे तेल की कीमतों, वैश्विक मौद्रिक नीति, अमेरिकी ब्याज दरों और विदेशी निवेश के प्रवाह से प्रभावित हो सकती है। घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती बाजार के लिए सकारात्मक संकेत है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियां निवेशकों की धारणा पर दबाव बनाए रख सकती हैं।

मिडकैप शेयरों में ज्यादा बिकवाली

लार्जकैप की तुलना में मिडकैप शेयरों पर निवेशकों का दबाव अधिक रहा। निफ्टी मिडकैप 100 में 1.39 प्रतिशत की गिरावट बाजार में व्यापक बिकवाली का संकेत देती है। स्मॉलकैप सूचकांक भी कमजोरी के साथ बंद हुआ।

सेंसेक्स के टॉप गेनर्स

आईटीसी, एचसीएल टेक, इंफोसिस, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड, टीसीएस और इटरनल में बढ़त रही।

सेंसेक्स के टॉप लूजर्स

मारुति सुजुकी, एसबीआई, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, टाइटन, सन फार्मा, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एलएंडटी, आईसीआईसीआई बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और बीईएल दबाव में रहे।

बाजार पर नजरः उम्मीद से बेहतर घरेलू आर्थिक वृद्धि ने बाजार को सहारा दिया है, लेकिन वैश्विक अनिश्चितता, मध्य पूर्व का तनाव, अमेरिकी फेडरल रिजर्व का सख्त रुख और ऊंची बॉन्ड यील्ड निवेशकों को सतर्क बनाए हुए हैं।

दिल्ली में कल थमेगी रफ्तार, 35 से ज्यादा सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव

समाज जागरण

नई दिल्ली, 1 सितंबर। दिल्ली में 2 सितंबर को वीआईपी मोटरकेड रिहर्सल के चलते राजधानी के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रभावित रहेगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लुटियंस दिल्ली और आसपास के इलाकों में वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की जाएगी। इस दौरान 22 से अधिक स्थानों पर डायवर्जन लागू किए जाने की संभावना है।

सरदार पटेल मार्ग, मथुरा रोड, जनपथ समेत 35 से अधिक प्रमुख सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ सकता है। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को घर से निकलने से पहले यात्रा में अतिरिक्त समय रखने और संभावित वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

क्यों रहेगी पाबंदी?

दिल्ली में 11 से 13 सितंबर तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 आयोजित होना है। सम्मेलन की सुरक्षा और वीआईपी आवाजाही की तैयारियों को परखने के लिए 2 सितंबर को मोटरकेड रिहर्सल की जा रही है। इसी के चलते कई प्रमुख मार्गों पर अस्थायी यातायात प्रतिबंध और डायवर्जन लागू किए जाएंगे।

SCO Summit: घोषणा-पत्र समेत 20 से ज्यादा फैसलों पर मुहर

आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई पर जोर, मोदी बोले- संघर्षों का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं, संवाद और कूटनीति से संभव

बिश्केक में एससीओ का 26वां शिखर सम्मेलन` जलवायु परिवर्तन, परमाणु सुरक्षा, ऊर्जा संरक्षण और नशीले पदार्थों से मुकाबले पर बनी सहमति` भारत ने कई अहम पहलों का नेतृत्व किया

समाज जागरण

बिश्केक, 1 सितंबर। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 26वें शिखर सम्मेलन में बिश्केक घोषणापत्र समेत 20 से अधिक फैसलों और बयानों को मंजूरी दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित सम्मेलन में आतंकवाद, क्षेत्रीय सुरक्षा, संपर्क, विकास और आपसी सहयोग को लेकर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट किया। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने बताया कि सम्मेलन में चार समझौता ज्ञापनों के अलावा विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े 20 से अधिक फैसले और बयान भी अपनाए गए।

कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बनी सहमति

सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, परमाणु सुरक्षा, ऊर्जा संरक्षण और नशीले पदार्थों की लत से मुकाबले जैसे विषयों पर सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। भारत ने कई महत्वपूर्ण पहलों का नेतृत्व किया और उनका समर्थन किया, जिन्हें बिश्केक घोषणापत्र में स्थान मिला है।

इनमें एससीओ चार्टर में अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा के रूप में शामिल करना, सभ्यता संवाद मंच, युवा वैज्ञानिक मंच और युवा लेखक सम्मेलन जैसी पहलें प्रमुख हैं।

अगले 25 वर्षों की दिशा तय करने का अवसर

सिबी जॉर्ज ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सदिर जापारोव को गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद देकर की। मोदी ने कहा कि एससीओ की 25वीं वर्षगांठ संगठन के अगले 25 वर्षों की दिशा तय करने का उपयुक्त अवसर है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एससीओ ने पिछले ढाई दशकों में संवाद और सहयोग की मजबूत परंपरा विकसित की है। अब इस सहयोग को ठोस परिणामों में बदलने की जरूरत है। उन्होंने पिछले एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत की ओर से रखे गए 'सुर क्षा, संपर्क और अवसर' के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए इन तीनों क्षेत्रों में ठोस परिणाम हासिल करने के लिए मिलकर काम करने पर जोर दिया।

आतंकवाद के पूरे तंत्र को खत्म करने का आह्वान

प्रधानमंत्री ने आतंकवाद को पूरी मानवता के लिए गंभीर खतरा बताते हुए इसके पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करने के लिए निर्णायक कार्रवाई का आह्वान किया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी भी तरह के दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए।

मोदी ने यूरेशिया क्षेत्र की सुरक्षा और अफगानिस्तान में शांति एवं स्थिरता के बीच गहरे संबंध का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की स्थिरता पूरे क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। भारत की ओर से अफगानिस्तान को दी जा रही विकासात्मक और मानवीय सहायता का भी उन्होंने उल्लेख किया।

संपर्क परियोजनाओं में संप्रभुता का सम्मान जरूरी

प्रधानमंत्री ने एससीओ देशों की साझा प्रगति और समृद्धि के लिए मजबूत तथा विश्वसनीय संपर्क पहलों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भारत ऐसे संपर्क प्रयासों का समर्थन करता है जो बाजारों को जोड़ें, व्यापार को बढ़ावा दें और विकास के नए अवसर पैदा करें।

हालांकि, मोदी ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी संपर्क परियोजनाओं में देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए।

युवाओं और तकनीक को बताया विकास का आधार

प्रधानमंत्री ने तकनीक, उद्यमिता, नवाचार, स्टार्टअप और लोगों के बीच संपर्क को एससीओ देशों के नागरिकों के लिए नए अवसर पैदा करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने किर्गिस्तान की अध्यक्षता में युवाओं की भागीदारी पर दिए गए जोर की सराहना की। मोदी ने घोषणा की कि भारत इस वर्ष के अंत में पहले एससीओ सभ्यता संवाद मंच की मेजबानी करेगा। इस पहल का उद्देश्य एससीओ सदस्य देशों के बीच सभ्यतागत आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।

भारत साझा प्रगति के लिए प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री मोदी ने सफलतापूर्वक शिखर सम्मेलन आयोजित करने के लिए राष्ट्रपति सदिर जापारोव को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत साझा प्रगति और समृद्धि के लिए एससीओ परिवार के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

"युद्ध के मैदान में संघर्षों का समाधान नहीं हो सकता। संवाद और कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है।"
— नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

22 भाषाओं में तैयार होंगी पहली से आठवीं तक की किताबें

समाज जागरण

नई दिल्ली, 1 सितंबर। पहली से आठवीं कक्षा तक की पाठ्यपुस्तकें संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं में तैयार की जा रही हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को एनसीईआरटी के 66वें स्थापना दिवस समारोह में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 93 जनजातीय भाषाओं सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं में 121 प्रारंभिक भाषा सामग्री भी तैयार की जा रही है।

जोशी ने कहा कि अपनी भाषा में पढ़ाई से बच्चों को सीखने में आसानी होगी और शिक्षा को विभिन्न क्षेत्रों व समुदायों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने एनसीईआरटी से एआई, डिजिटल साक्षरता, नवाचार और मानसिक स्वास्थ्य को शिक्षा व्यवस्था में और मजबूती से शामिल करने का आह्वान किया। समारोह में एनसीईआरटी के रोबोटिक्स लर्निंग सेंटर, अनुवाद प्रयोगशाला और उन्नत टेलीविजन स्टूडियो का भी उद्घाटन किया गया।

"बच्चों को उनकी अपनी भाषा में सीखने का अवसर देना शिक्षा को अधिक सहज और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।"
— प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

चीन की पकड़ पर अमेरिकी सेंध, वेनेजुएला के तेल से बढ़ी जिनपिंग की चिंता

अरबों डॉलर के चीनी निवेश के बाद अब अमेरिका की नजर वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार पर; चीन के सबसे बड़े तेल खरीदार होने के बावजूद बदल सकता है पूरा समीकरण

समाज जागरण

नई दिल्ली। वेनेजुएला को लेकर अमेरिका और चीन के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा तेज होती दिख रही है। जिस वेनेजुएला में चीन ने अरबों डॉलर का निवेश कर तेल और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ बनाई, वहां अब अमेरिका की सक्रियता बढ़ने से चीन के हितों पर असर पड़ने की आशंका है।

अमेरिका और वेनेजुएला के बीच हुए समझौते के बाद वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार से उत्पादन और उसके वैश्विक कारोबार में अमेरिकी भूमिका बढ़ने की संभावना है। इससे चीन की उस पकड़ को चुनौती मिल सकती है, जो उसने वर्षों के निवेश और तेल खरीद के जरिए बनाई है।

अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वेनेजुएला के लिए पश्चिमी देशों को तेल बेचना मुश्किल हो गया था। ऐसे में चीन उसका प्रमुख तेल खरीदार बनकर उभरा। 2025 में वेनेजुएला से निर्यात होने वाले कच्चे तेल का आधे से अधिक हिस्सा चीन ने खरीदा था।

अब अमेरिकी प्रभाव बढ़ने की स्थिति में तेल की आपूर्ति और उसके बाजार को लेकर समीकरण बदल सकते हैं। इसका सीधा असर चीन की ऊर्जा सुरक्षा और वेनेजुएला में उसके आर्थिक प्रभाव पर पड़ सकता है।

2,873 लोगों पर चलेगा केस, बाकी प्रदर्शनकारियों को राहत

नई दिल्ली, 1 सितंबर। जंतर-मंतर समेत देशभर में 20 से 25 जुलाई के बीच हुए छात्र प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत विशेष शक्ति का इस्तेमाल करते हुए प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया है।

हालांकि, राहत सभी के लिए नहीं है। केंद्र सरकार के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को 2,873 ऐसे लोगों के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज करने की अनुमति दी है, जिनके बारे में पुलिस का दावा है कि उनके गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड हैं और वे जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन में मौजूद थे।

युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बड़ी संख्या में युवा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए थे। आपराधिक मामलों का उनके भविष्य पर असर पड़ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए अदालत ने अनुच्छेद 142 के तहत 'पूर्ण न्याय' सुनिश्चित करने की अपनी विशेष शक्ति का इस्तेमाल किया।

राम जन्मभूमि मंदिर के लिये 02 सितंबर को होगी सीईओ की घोषणा !

अजय कुमार

अयोध्या में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रशासनिक ढांचे में एक बड़ा और अहम बदलाव होने जा रहा है। लंबे समय से चल रही अटकलों और प्रशासनिक कसावट की कवायद के बीच, रामनगरी के प्रबंधकीय तंत्र को नई गति देने के लिए एक नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। सूत्रों से मिल रही पुख्ता जानकारी के अनुसार, इस सिलसिले में सोमवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में तीन प्रमुख नामों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इन नामों का पैनल पूरी गोपनीयता के साथ एक बंद लिफाफे में ट्रस्ट के पदाधिकारियों को सौंप दिया गया है, जिस पर मंगलवार यानी आज होने वाली महत्वपूर्ण बैठक में गहन मंत्रणा के बाद मुहर लगने की पूरी संभावना है।

गौरतलब हो, राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। देश-विदेश से रोजाना लाखों की संख्या में रामभक्त अयोध्या पहुंच रहे हैं। ऐसे में मंदिर परिसर की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, आंतरिक व्यवस्था और तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के दैनिक प्रशासनिक कार्यों का दायरा बहुत बड़ा हो गया है। मौजूदा प्रशासनिक व्यवस्था इस भारी-भरकम दबाव के बीच कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना कर रही है। ट्रस्ट से जुड़े एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, अयोध्या का स्वरूप अब केवल एक धार्मिक कस्बे का नहीं रहा, बल्कि यह वैश्विक आध्यात्मिक मानचित्र का केंद्र बन चुका है। हमें एक ऐसे प्रशासनिक चेहरे की जरूरत है जो मंदिर निर्माण के साथ-साथ सुदृढ़ व्यवस्था और जन-संवाद के संतुलन को साध सके। नए सीईओ की नियुक्ति इसी दिशा में उठाया जा रहा एक बेहद निर्णायक कदम है।

चर्चित तीन नामों के पैनल में प्रशासनिक अनुभव रखने वाले कुछ खास वरिष्ठ अधिकारियों और प्रबंधन विशेषज्ञों के नाम शामिल हैं, जिन्होंने पूर्व में बड़े सरकारी उपक्रमों या महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाया है। ट्रस्ट के भीतर यह आम सहमति बन चुकी है कि आने वाले समय में अयोध्या को सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि एक आधुनिक और अनुशासित प्रबंधन मॉडल के रूप में विकसित करना होगा। राम मंदिर के दूसरे और तीसरे चरण का निर्माण कार्य, संग्रहालय का विकास, तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार और स्थानीय स्तर पर भूमि अधिग्रहण व विकास कार्यों की मॉनिटरिंग जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट्स कतार में हैं। इन तमाम प्राथमिकताओं को गति देने के लिए एक पूर्णकालिक और ऊजार्वान सीईओ की अनिवार्यता महसूस की जा रही थी।

सूत्रों का यह भी कहना है कि ट्रस्ट की बैठक में केवल नाम की घोषणा ही नहीं होगी, बल्कि नए सीईओ के अधिकारों और उनके कार्यक्षेत्र की रूपरेखा भी स्पष्ट की जाएगी ताकि प्रशासनिक निर्णयों में किसी प्रकार के विलंब की गुंजाइश न बचे। राम जन्मभूमि

तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक अन्य सदस्य ने अनौपचारिक बातचीत में संकेत देते हुए कहा, ट्रस्ट पारदर्शिता और कार्यक्षमता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। जो भी नाम बंद लिफाफे में आए हैं, वे सभी अपनी कार्यशैली और ईमानदारी के लिए जाने जाते हैं। कल की घोषणा से अयोध्या के प्रशासनिक गलियारों में एक नया संदेश जाएगा।अयोध्या की जनता और देश भर के राम भक्तों की निगाहें अब ट्रस्ट की इस बैठक पर टिकी हैं। यह नियुक्ति केवल एक पद को भरना मात्र नहीं है, बल्कि यह इस बात की भी परीक्षा होगी कि रामनगरी का भविष्य का प्रशासन कैसे तकनीक, समन्वय और जन-भावनाओं के तालमेल के साथ आगे बढ़ता है। यदि सब कुछ तय योजना के मुताबिक रहा, तो कल शाम तक अयोध्या के नए प्रशासनिक मुख्य के रूप में किसी एक नाम पर आधिकारिक मुहर लग जाएगी, जो आने वाले वर्षों में राम मंदिर के भव्य और दिव्य स्वरूप को संभालने की धुरी बनेंगे।

गांवों में तेजी से बढ़ रही हैं बांग्लादेशी-रोहिंग्या की बस्तियां

शहरों की शोरगुल से भरी और भागमभाग की जिंदगी से दूर एक जिंदगी गांव में भी बसती है। यह करीब 74 प्रतिशत की है। भारत कृषि प्रधान और ग्रामीण पृष्ठभूमि वाला देश है। गांवों में सुविधाएं भले ही सीमित हों, लेकिन जिंदगी यहां भी पूरे सलीके से पलती-बढ़ती है। गांव की संस्कृति देश का प्रतिनिधित्व करती है। कई मामलों में तो यह जिंदगी शहरों से भी काफी बेहतर होती है, लेकिन इससे इतर गांव में इस समय अजीब सी बेचैनी देखने को मिल रही है। दरअसल, हाल के कुछ सालों में भारत के सीमावर्ती और आंतरिक राज्यों के ग्रामीण इलाकों में अवैध रूप से आए प्रवासियों (जिनमें मुख्य रूप से बांग्लादेश और म्यांमार से आए लोग शामिल हैं) के बसने की खबरें गांव की चौपालों में लगातार चिंता का कारण बनती जा रही हैं। ग्रामीण परेशान हैं, लेकिन यहां उनका दुख-दर्द सुनने वाला कोई मीडिया या नेता मौजूद नहीं होता है। पुलिस भी सीमित संख्या में रहती है। क्योंकि गांवों में बड़ी संख्या में बस गए बांग्लादेशी और रोहिंग्या अब तो इतने निर्भीक हो गए हैं कि वह किसी न किसी तरह अपनी ह्यताकतह्ण का प्रदर्शन करते ही रहते हैं। इसकी बानगी सहज देखना हो तो आप किसी भी ट्रेन में बैठ जाएं, जब यह ट्रेन गांवों से गुजरती है तो सैकड़ों की तादाद में कई ऐसी बस्तियां नजर

आती हैं जिनकी छतों पर ये घुसपैठिए धार्मिक हरा झंडा लहराकर अपनी ताकत का इजहार करते दिखते हैं। इस बात का खुलासा गांव के लोग भी करते हैं, गांव वालों का कहना है कि पिछले 15-20 सालों में यह बदलाव काफी तेजी से देखने में आया है। शुरूआत में काम की तलाश में आए कई घुसपैठिए रेलवे लाइनों के किनारे, झुग्गी-झोपड़ियों या सरकारी जमीनों पर अस्थायी ठिकाने बनाकर रहते थे। तिकड़म के सहारे इनके स्थानीय पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज बन जाने के कारण ये लोग ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी या अर्ध-स्थायी मकान बनाकर बसने लगे हैं।

गौरतलब है कि अवैध रूप से सीमा पार करने वाले लोग सबसे पहले बड़े शहरों के बाहरी हिस्सों या रेलवे पटरियों के किनारे खाली पड़ी जमीनों पर शरण लेते हैं। इन जगहों पर वे दिहाड़ी मजदूरी, कचरा बीनने या छोटे-मोटे काम करके गुजारा करते थे, लेकिन शहरों में बढ़ती निगरानी और जमीन की कमी के कारण ये लोग धीरे-धीरे ग्रामीण इलाकों की ओर बढ़ने लगे। गांवों में सस्ती जमीन, किराए पर मकान मिलना आसान और स्थानीय लोगों के खेतों में काम मिलना सहज होता है, जिससे वे वहां अपनी बस्तियां बसा लेते हैं। इसका प्रभाव यह होता है कि किसी भी क्षेत्र में अचानक जनसंख्या बढ़ने से वहां के पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं और राशन जैसे संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। क्योंकि अक्सर स्थानीय स्तर पर कुछ बिचौलियों की मदद से ये घुसपैठिए राशन कार्ड, आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र बनवा लेते हैं, जिससे इन्हें कानूनी रूप से रोकने में सुरक्षा एजेंसियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उत्तर प्रदेश सहित अन्य सीमावर्ती राज्यों (जैसे पश्चिम बंगाल, असम) के साथ-साथ देश के आंतरिक हिस्सों (जैसे झारखंड के संताल परगना, दिल्ली-एनसीआर के आसपास के ग्रामीण इलाके) में भी इस तरह के जनसांख्यिकीय बदलावों को लेकर स्थानीय आबादी और प्रशासन के बीच सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से जुड़ी चिंताएं बनी रहती हैं।

भारतीय सुरक्षा बल (जैसे बीएसएफ) और राज्य पुलिस समय-समय पर अवैध बस्तियों की पहचान करने और उनके दस्तावेजों की जांच करने के लिए अभियान चलाती हैं। मगर इसमें राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण ज्यादा कामयाबी नहीं मिल पाती थी। जब से बंगाल जैसे कुछ राज्यों में राजनीतिक बदलाव हुए हैं, तब से जरूर हालात में कुछ सुधार आया है। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय ने भी देश में अवैध प्रवासन को लेकर चिंता जताई है और सरकारों को घुसपैठ रोकने तथा अवैध प्रवासियों की पहचान करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सरकारी और विभिन्न आधिकारिक अनुमानों के अनुसार देश के करीब 17 से अधिक राज्यों में अवैध प्रवासियों का जाल फैला हुआ है, जिनमें पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा, झारखंड, बिहार और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर) के ग्रामीण व अर्ध-शहरी इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। संसद में समय-समय पर पेश किए गए विभिन्न आंकड़ों और रिपोर्टों के मुताबिक देश भर में अवैध घुसपैठियों की कुल संख्या एक करोड़ से डेढ़ करोड़ के बीच आंकी गई है, जो सीमावर्ती व आंतरिक जिलों की डेमोग्राफी को लगातार बदल रहे हैं। अकेले पश्चिम बंगाल में अनुमानित रूप से 50 लाख से अधिक, असम में 20 से 25 लाख, और झारखंड, बिहार व दिल्ली-एनसीआर जैसे राज्यों व क्षेत्रों में शेष लाखों अवैध प्रवासी अनधिकृत रूप से रह रहे हैं। बात अगर इन्हें देश से बाहर खदेड़ने या डिपोर्ट करने की की जाए, तो सुरक्षा बलों, बीएसएफ और राज्य सरकारों के विशेष अभियानों के तहत अब तक कुल मिलाकर कई लाख अवैध प्रवासियों की पहचान करके उन्हें वापस उनके देश भेजा जा चुका है। अकेले असम और पश्चिम बंगाल जैसे सीमावर्ती राज्यों से पिछले कुछ वर्षों में नियमों और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन कराते हुए हजारों संदिग्ध घुसपैठियों की पहचान कर और उनके नाम सूचीबद्ध कर उनके खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है, तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय के निदेशों पर देश भर में अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें स्वदेश लौटने या कानूनी रूप से डिपोर्ट करने का सिलसिला तेजी से चल रहा है।

संजय सक्सेना

सड़कों पर एक सवाल खड़ा... ?

फिर दिल्ली की सड़कों पर, एक सवाल खड़ा है,
कानून की चौखट पे इंसानियत का धड़ पड़ा है?
बस, चलती रही रात भर, शहर तो सोता ही रहा,
एक मासूम का विश्वास व्यवस्था से रोता ही रहा।

सड़कें थीं, वाहन थे और पुलिस साथ पहरे भी थे,
फिर भी अपराधी बेखौफ रहे, कहाँ के वे चेहरे थे?
सिर्फ बस को दोषी कहकर क्या? हम बच पाएँगे!
जब सोच नहीं बदलेगी, अपराध कहाँ रुक पाएँगे?

हरेक बेटी जब घर से निकले, माँ का दिल न काँपे,
हर बहन की राह में डर के साये कभी-भी न झाँकें।
न्याय केवल खबर न बने, न आँकड़ों में दर्द सिमटे,
दोषी को मिले कठोर "दंड", व्यवस्था की नींद टूटे।

यह एक बेटी का दुःख नहीं, पूरे समाज की हार है,
जब मासूमियत सुरक्षित न हो बाकी सब बेकार हैं।
दरिंन्दों की काम वासना क्या? कोख से ही बुझेगी,
यूं शर्मसार करते लज्जित कपूतों की अर्थी उठेगी?
(संदर्भ - दिल्ली फिर एक बार हुई शर्मसार)

संजय एम तराणेकर(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश) मो. 98260 25986

काला धन का साम्राज्य और बेबस होती एजेंसियां

महेन्द्र तिवारी

काला धन आज केवल किसी व्यक्ति, संस्था या देश की समस्या नहीं रह गया है। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने खड़ी उन सबसे गंभीर चुनौतियों में शामिल हो चुका है, जिनसे निपटना किसी एक सरकार या जांच संस्था के लिए संभव नहीं है। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कैम्ब्रिज में आयोजित 43वें अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अपराध सम्मेलन के समापन सत्र में इस समस्या की भयावहता को जिस उदाहरण के माध्यम से सामने रखा, वह पूरी दुनिया की आर्थिक और कानूनी व्यवस्था को आईना दिखाता है। उन्होंने कहा कि यदि धन शोधन के वैश्विक अनुमानों को मोटे तौर पर भी सही माना जाए तो एक वर्ष में अवैध रूप से प्रवाहित होने वाला धन इतना है कि उससे दुनिया के 8 अरब लोगों में से प्रत्येक के लिए एक साधारण संगणक खरीदा जा सकता है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि इस विशाल अवैध संपदा का 1 प्रतिशत से भी कम हिस्सा वापस प्राप्त हो पाता है।

इस आंकड़े का अर्थ केवल इतना नहीं है कि अपराधियों ने बहुत बड़ी मात्रा में धन अर्जित कर लिया है। इसका सबसे गंभीर पक्ष यह है कि आधुनिक कानून व्यवस्था अपराध से पैदा हुई संपत्ति का पीछा करने में उतनी सफल नहीं है, जितनी तेजी से अपराधी उस संपत्ति को छिपाने और स्थानांतरित करने में सफल हो रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने इसी अंतर को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रत्येक 100 हिस्सों में से 99 हिस्से केवल भाषणों और रिपोर्टों में रह जाते हैं, जबकि लगभग 1 हिस्सा ही वास्तव में वापस आ पाता है।

धन शोधन का संसार अत्यंत जटिल है। भ्रष्टाचार, रिश्वत, तस्करी, धोखाधड़ी, संगठित अपराध, कर चोरी और दूसरे गैरकानूनी कार्यों से अर्जित धन को अनेक स्तरों पर घुमाया जाता है। अपराधी ऐसे माध्यमों का सहारा लेते हैं जिनसे धन का वास्तविक स्रोत और वास्तविक स्वामी छिप जाता है। कभी यह धन अनेक खातों के माध्यम से घूमता है, कभी अलग-अलग संस्थाओं और संपत्तियों में लगाया जाता है और कभी देश की सीमा पार कर दूसरे देशों में पहुंच जाता है। जब तक जांच एजेंसी मूल धन के स्रोत तक पहुंचती है, तब तक धन का स्वरूप और उसका स्थान दोनों बदल चुके होते हैं।

आज की तकनीक ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। जिस तकनीकी विकास ने व्यापार, बैंकिंग और संचार को गति दी है, उसी ने आर्थिक अपराधियों को भी असाधारण सुविधा प्रदान की है। कुछ ही क्षणों में धन एक खाते से दूसरे खाते और एक देश से दूसरे देश में पहुंच सकता है। आभासी माध्यमों से होने वाली ठगी इसका नया उदाहरण है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने तथाकथित आभासी गिरफ्तारी जैसी धोखाधड़ी का भी उल्लेख किया, जिसमें अपराधी पुलिस, न्यायिक अधिकारी या सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को भयभीत करते हैं और उनकी मेहनत की कमाई हड़प लेते हैं।

आर्थिक अपराध की विशेषता यह है कि इसमें अपराध का प्रमाण अक्सर किसी घटनास्थल पर नहीं मिलता। हत्या या डकैती जैसे अपराधों में घटनास्थल, हथियार या प्रत्यक्षदर्शी महत्वपूर्ण प्रमाण बन सकते हैं, लेकिन धन शोधन में अपराध का रास्ता कागज, खाते, संस्थाओं, संपत्तियों और सीमाओं के बीच छिपा रहता है। अपराधी जानता है कि यदि धन को पर्याप्त स्तरों पर घुमा दिया जाए तो जांचकर्ता के लिए उसके मूल स्रोत तक पहुंचना कठिन हो जाएगा। इसलिए आर्थिक अपराध के विरुद्ध लड़ाई में केवल अपराधी को गिरफ्तार करना पर्याप्त नहीं है। उसके धन के स्रोत, रास्ते, स्वामित्व और अंतिम ठिकाने तक पहुंचना भी उतना ही आवश्यक है।

यही कारण है कि न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आर्थिक अपराध के विरुद्ध सफलता का पैमाना केवल अपराध के बारे में जानकारी जुटाने को नहीं, बल्कि अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाने, उसे रोकने और वापस प्राप्त करने को माना। उनका संदेश स्पष्ट है कि यदि अपराधी जेल पहुंच भी जाए लेकिन उसकी अवैध संपत्ति सुरक्षित रह जाए तो आर्थिक अपराध के विरुद्ध लड़ाई अधूरी है। अपराध से होने वाले लाभ को समाप्त करना ही इस संघर्ष का मूल उद्देश्य होना चाहिए।

इस संदर्भ में भारतीय चिंतक कौटिल्य का उल्लेख अत्यंत महत्वपूर्ण है। लगभग 2000 वर्ष पहले रचित अर्थशास्त्र में उन्होंने राजस्व की चोरी और प्रशासनिक भ्रष्टाचार के विभिन्न तरीकों की पहचान की थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने बताया कि कौटिल्य ने अधिकारियों द्वारा राजस्व के दुरुपयोग के 40 तरीकों का उल्लेख किया और उसके मुकाबले लेखा परीक्षण, गुप्त सूचना, परस्पर सत्यापन तथा अवैध संपत्ति की जब्ती जैसे उपाय सुझाए थे। अर्थात आर्थिक अपराध की समस्या नई नहीं है। नया केवल उसका स्वरूप, उसका विस्तार और उसकी गति है।

भारत ने आर्थिक अपराध से निपटने के लिए पिछले वर्षों में कई महत्वपूर्ण कानूनी और संस्थागत उपाय किए हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 और भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 इसी व्यवस्था के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। इनके साथ विभिन्न जांच संस्थाएं और विशेष न्यायालय भी काम करते हैं। इनका उद्देश्य अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाना, उसे कुर्क करना और कानून के अनुसार उसे जब्त करना है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने भी भारत की व्यवस्था को कानून, संस्थाओं और न्यायिक सिद्धांतों की कई परतों से बनी संरचना बताया।

लेकिन कानून बनाना और कानून को प्रभावी ढंग से लागू करना दो अलग बातें हैं। आर्थिक अपराधी अक्सर देश की सीमाओं से बाहर निकल जाते हैं और संपत्ति भी दूसरे देशों में पहुंचा देते हैं। ऐसे मामलों में किसी एक देश की जांच संस्था की शक्ति सीमित हो जाती है। उसे दूसरे देश की सरकार, न्याय व्यवस्था और वित्तीय संस्थाओं के सहयोग की आवश्यकता पड़ती है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने भी सीमा पार आर्थिक अपराधों से निपटने के लिए पारस्परिक कानूनी सहायता, वित्तीय सूचना के आदान प्रदान और संपत्ति के वास्तविक स्वामियों की पहचान करने वाली व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर जोर दिया।

यहीं से वैश्विक व्यवस्था की सबसे बड़ी कमजोरी सामने आती है। अपराधी धन को अंतरराष्ट्रीय बना चुका है, लेकिन कानून अब भी बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय सीमाओं में बंधा हुआ है। एक देश में अपराध से अर्जित धन दूसरे देश में पहुंचते ही अलग कानूनी व्यवस्था के अधीन हो जाता है। अपराधी इसी अंतर का लाभ उठाता है। प्रत्यर्पण में वर्षों लग सकते हैं और विदेशों में मौजूद संपत्ति की जब्ती भी लंबी कानूनी प्रक्रिया में उलझ सकती है। इसीलिए आर्थिक अपराध के विरुद्ध प्रभावी लड़ाई के लिए देशों के बीच केवल समझौते पर्याप्त नहीं हैं। उन समझौतों पर तेजी से अमल भी आवश्यक है।

इस समस्या का सामाजिक प्रभाव भी कम गंभीर नहीं है। जब आम नागरिक देखता है कि ईमानदारी से अर्जित धन पर कर और नियमों का पूरा बोझ है, जबकि अवैध धन रखने वाला व्यक्ति वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया से बचता रहता है, तो व्यवस्था के प्रति उसका विश्वास कमजोर होता है। इससे केवल आर्थिक असमानता नहीं बढ़ती, बल्कि कानून के प्रति सम्मान भी घटता है। काला धन संपत्ति बाजार, व्यापार और राजनीतिक प्रक्रिया तक को प्रभावित कर सकता है। जब अवैध संपत्ति का उपयोग वैध अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा करने के लिए होता है तो ईमानदार व्यक्ति पीछे छूट जाता है।

इसलिए काले धन के विरुद्ध संघर्ष को केवल राजस्व की चोरी रोकने का अभियान समझना भूल होगी। यह न्याय, समानता, लोकतंत्र और नागरिक विश्वास की रक्षा का प्रश्न भी है। जिस धन का निर्माण अपराध से हुआ है, उसे अपराधी के पास सुरक्षित रहने देना अंततः अपराध को लाभ पहुंचाना है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत का संदेश इसी मूल सिद्धांत पर आधारित है कि आर्थिक अपराध से लड़ाई का अंतिम उद्देश्य अपराधी को केवल दंडित करना नहीं, बल्कि अपराध से होने वाले आर्थिक लाभ को समाप्त करना होना चाहिए।

अब आवश्यकता ऐसी व्यवस्था की है जिसमें धन के संदिग्ध प्रवाह का पता बहुत पहले चल सके। वित्तीय सूचनाओं का त्वरित आदान प्रदान हो, वास्तविक स्वामियों की पहचान स्पष्ट हो, संदिग्ध संपत्तियों को समय रहते रोका जा सके और न्यायिक आदेशों के बाद संपत्ति की वापसी में अनावश्यक विलंब न हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कठोर कानूनों के नाम पर नागरिकों के मूल अधिकारों की अनदेखी न हो। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्वयं विधि के शासन और उचित कानूनी प्रक्रिया की आवश्यकता पर जोर दिया है।

कौटिल्य के समय से लेकर आज के अंकीय युग तक आर्थिक अपराध का मूल उद्देश्य नहीं बदला है। अपराधी तब भी राज्य के धन पर नजर रखता था और आज भी रखता है। अंतर केवल इतना है कि उस समय धन की चोरी सीमित दूरी और सीमित साधनों से होती थी, जबकि आज अवैध संपत्ति कुछ ही क्षणों में महाद्वीपों के पार जा सकती है। इसलिए अब कानून की गति भी उसी स्तर तक पहुंचानी होगी। यदि अपराधी सीमाहीन हो गया है तो जांच और न्याय का सहयोग भी सीमाहीन होना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश का कैम्ब्रिज संदेश वास्तव में पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है। काले धन का साम्राज्य केवल धन का साम्राज्य नहीं है, बल्कि वह उस व्यवस्था को कमजोर करता है जिस पर आधुनिक समाज का विश्वास टिका है। जब 100 में से 99 हिस्से की अवैध संपत्ति कानून की पकड़ से बाहर रह जाती है, तो यह केवल अपराधियों की सफलता नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था के सामने खड़ी चुनौती है। अब समय भाषणों और रिपोर्टों से आगे बढ़कर धन की वास्तविक वापसी का है। अपराधी को यह संदेश मिलना चाहिए कि सीमा, तकनीक, गुप्त खाते या जटिल वित्तीय संरचना उसे कानून से स्थायी सुरक्षा नहीं दे सकती। तभी काले धन के साम्राज्य को वास्तव में कमजोर किया जा सकेगा।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

वैश्विक वस्त्र केन्द्र बनेगा उत्तर प्रदेश, 8-9 सितंबर को लखनऊ में 'यू.पी. टैक्स-2026'

3 सितंबर को नोएडा में होगा कर्टेन रेजर एवं रोड शो, मंत्री राकेश सचान करेंगे नेतृत्व; निवेशकों, निमार्ताओं और निर्यातकों को एक मंच पर लाने की तैयारी

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश को वैश्विक वस्त्र केन्द्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग द्वारा ह्यू.पी. टैक्स-2026ह्व का आयोजन 8 और 9 सितंबर को लखनऊ में किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में होगा।

परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त (हथकरघा) अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य सम्मेलन से पहले 3 सितंबर को नोएडा में 'यू.पी. टैक्स-2026' का कर्टेन रेजर एवं रोड शो आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन भवन, बी-110/ए, सेक्टर-6, नोएडा में होगा। इसका नेतृत्व प्रदेश सरकार के खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान करेंगे।

उन्होंने बताया कि 'यू.पी. टैक्स-2026' में नीति निमार्ता, वैश्विक निवेशक, वस्त्र निमार्ता, निर्यातक और उद्योग से जुड़े नवप्रवर्तक एक मंच पर आएंगे। सम्मेलन के माध्यम से प्रदेश के वस्त्र उद्योग में निवेश, उत्पादन, निर्यात और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी।

नोएडा से होगा सम्मेलन का आगाज

रोड शो के जरिए प्रदेश के वस्त्र उद्योग की संभावनाओं और निवेश के अवसरों को सामने रखा जाएगा। विभाग का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक मजबूत केन्द्र के रूप में स्थापित करना है। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

वंचित ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए फिर खुला पोर्टल

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। 1 सितंबर। वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवेदन अग्रसारित न होने, पीएफएमएस से रिजेक्ट होने या अन्य कारणों से छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित रहे अन्य पिछड़ा वर्ग के दशमोत्तर छात्र-छात्राओं को राहत मिलेगी। शासन ने ऐसे विद्यार्थियों के भुगतान के लिए पोर्टल खोलने और नई समय-सारिणी जारी करने के निर्देश दिए हैं।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसौदिया ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिक्षण संस्थाओं द्वारा 1 से 7 सितंबर तक मास्टर डाटा तैयार किया जाएगा। विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा 2 से 8 सितंबर तक फीस आदि का सत्यापन किया जाएगा। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 से 9 सितंबर तक फीस सत्यापन तथा विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा 3 से 10 सितंबर तक परिणाम अपडेट किया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों से निर्धारित समयावधि में आवश्यक कार्यवाही पूरी करने की अपील की है, ताकि पात्र वंचित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान किया जा सके। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

चोरी के आभूषण व अवैध चाकू समेत दो आरोपी गिरफ्तार

दादरी पुलिस ने बोड़ाकी मोड़ के पास दबोचा; चोरी का लॉकेट, कंगन, आठ सिक्के और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद

समाज जागरण

दादरी। 1 सितंबर। थाना दादरी पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी के मामलों में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को बोड़ाकी मोड़ के पास से पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से चोरी के आभूषण, सिक्के, दो अवैध चाकू, पेंट की बाल्टी और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान देव (19) पुत्र नरेश कुमार निवासी धनौरा, थाना ककोड़, बुलंदशहर और आकाश (25) पुत्र लाल किशन निवासी खवासपुर, थाना चोला, बुलंदशहर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से एक लॉकेट (पीली धातु), दो कंगन (सफेद धातु), आठ सिक्के (सफेद धातु), एक पेंट की बाल्टी और दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी पुलिस ने कब्जे में ली है।

कई मुकदमे दर्ज

पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ दादरी थाने में चोरी से संबंधित तीन मुकदमे और आर्म्स एक्ट के तहत एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर अन्य घटनाओं के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

शिक्षक दिवस विशेषांक में विज्ञापन प्रकाशन हेतु सादर अनुरोध

आदरणीय महोदय/महोदया,

5 सितंबर शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर समाज जागरण द्वारा शिक्षकों के सम्मान एवं उनके अमूल्य योगदान को समर्पित विशेष समाचार एवं सामग्री प्रकाशित की जाएगी।

शिक्षक समाज के ऐसे मार्गदर्शक हैं, जो विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस विशेष अवसर पर आप भी अपने विद्यालय, शिक्षण संस्थान, संस्था, प्रतिष्ठान अथवा व्यक्तिगत शुभकामना संदेश के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त कर सकते हैं।

समाज जागरण के शिक्षक दिवस विशेष प्रकाशन में आपका विज्ञापन/शुभकामना संदेश प्रकाशित होना न केवल आपके संस्थान की पहचान को मजबूत करेगा, बल्कि समाज के शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना को भी आगे बढ़ाएगा।

अतः आपसे सादर अनुरोध है कि शिक्षक दिवस के इस विशेष अवसर पर अपना विज्ञापन/शुभकामना संदेश देकर इस अभियान का हिस्सा बनें।

ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस में एफएलसी की तैयारियों का लिया जायजा

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा, सीसीटीवी, साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था का किया निरीक्षण; भारत निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप तैयारियां पूरी करने के निर्देश

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 1 सितंबर। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण कर फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि ईवीएम एवं अन्य निर्वाचन सामग्री के रखरखाव तथा एफएलसी से जुड़े सभी कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों और प्रोटोकॉल के अनुरूप किए जाएं।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी का भी जायजा लिया। उन्होंने ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने तथा निगरानी व्यवस्था को लगातार प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि एफएलसी निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है। इसलिए सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूरी करते हुए प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जाए। अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

ये अधिकारी रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व अरुण कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर/सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार, डिप्टी कलेक्टर पूर्वा शर्मा सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सौजन्य : सूचना विभाग,

आरक्षण आर्थिक आधार पर करने समेत चार मांगों को लेकर सवर्ण आर्मी का प्रदर्शन

सिद्धार्थनगर में हजारों कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन, मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर, 1 सितंबर 2026। आरक्षण को आर्थिक आधार पर किए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को सवर्ण आर्मी के नेतृत्व में सिद्धार्थनगर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों पर कार्रवाई की मांग की।

सवर्ण आर्मी के जनपद सिद्धार्थनगर नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आरक्षण व्यवस्था में बदलाव सहित चार प्रमुख मांगें उठाईं। संगठन की ओर से कहा गया कि आरक्षण का आधार आर्थिक स्थिति को बनाया जाना चाहिए, ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से संबंधित प्रावधानों को वापस लेने की मांग भी उठाई। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम (एससी/एसटी एक्ट) को समाप्त करने तथा सवर्ण आयोग के गठन की मांग की गई।

सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों ने कहा कि इन मांगों को लेकर संगठन लंबे समय से अपनी आवाज उठा रहा है। उनका कहना है कि सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए उचित निर्णय लेना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

समाज जागरण
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!
मात्र ₹5,000 में, पूरे 1 महीने फ्रंट पेज पर!
Prime Location: Front Page Strip (Front Strip - 4cm x 12cm)
Mass Reach: Delhi-NCR, UP, Bihar, MP, Rajasthan

दहेज उत्पीड़न मामले में वांछित पति गिरफ्तार

इकोटेक प्रथम पुलिस ने लुक्सर गांव से दबोचा, अप्रैल में विवाहिता की मौत के बाद दर्ज हुआ था मुकदमा

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 1 सितंबर। थाना इकोटेक प्रथम पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को ग्राम लुक्सर से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, 4 अप्रैल 2026 को ग्राम लुक्सर में 22 वर्षीय गोमती ने दहेज की मांग से परेशान होकर फांसी लगा ली थी। मृतका के परिजनों की शिकायत पर थाना इकोटेक प्रथम में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में मृतका का पति रणजीत उर्फ रियांश उर्फ गम्भीरा वांछित चल रहा था।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान रणजीत उर्फ रियांश उर्फ गम्भीरा (22) पुत्र राम संजीवन, निवासी ग्राम पन्धरी, थाना सुमेरपुर, हमीरपुर, वर्तमान निवासी ग्राम लुक्सर, थाना इकोटेक प्रथम के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना इकोटेक प्रथम में मु0अ0सं0 74/2026, धारा 115(2), 351(3), 80(2), 85 बीएनएस तथा दहेज अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज है। सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

भारत विकास परिषद ने धूमधाम से मनाया अधिष्ठापन दिवस और हरियाली तीज

'कान्हा के साथ' सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत-संगीत और नृत्य की रही धूम, भारतीय संस्कृति और परंपराओं की दिखी सुंदर झलक

समाज जागरण

नोएडा। भारत विकास परिषद, महानगर नोएडा की ओर से अधिष्ठापन दिवस एवं हरियाली तीज के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, परिषद के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शालिनी सिंह, गौतमबुद्धनगर रहीं। विशिष्ट अतिथियों में नोएडा विधायक पंकज सिंह, राष्ट्रीय संयोजक ट्रस्ट एवं प्रॉपर्टीज महेश बाबू गुप्ता, राष्ट्रीय गतिविधि-संपर्क राजीव अजमानी और प्रांतीय कोषाध्यक्ष पी.सी. गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गीत-नृत्य ने बांधा समां

अधिष्ठापन एवं हरियाली तीज के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत, नृत्य और अन्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और पारंपरिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की। हरियाली तीज के उल्लासपूर्ण माहौल में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का आयोजन परिषद की महासचिव एवं अधिष्ठापन अधिकारी मुक्ता अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान एमपी सिंह, करतार सिंह, सामंत, शारदा चतुर्वेदी और डॉ. अक्षय वीर समेत अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

सेवा और संस्कार का संदेश

वक्ताओं ने कहा कि भारत विकास परिषद का उद्देश्य समाज में संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करना है। ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति और पारंपरिक त्योहारों को नई पीढ़ी से जोड़ने के साथ समाज में आपसी सौहार्द और एकता को भी मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों का आभार जताया। महेंद्र शर्मा (अध्यक्ष), उमेश सिंह (सचिव), कपिल नेगी (कोषाध्यक्ष) और रेणु गर्ग (महिला सभापति) सहित परिषद के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया।

जन्माष्टमी पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, इस्कॉन नोएडा ने किए व्यापक इंतजाम

मेटल डिटेक्टर, पिंक बूथ, मेडिकल टीम और फायर ब्रिगेड रहेगी तैनात; कंट्रोल रूम से होगी पूरे परिसर की निगरानी

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर इस्कॉन नोएडा मंदिर में आयोजित होने वाले भव्य महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने सुरक्षा और सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रबंधन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, शांत और भक्तिमय वातावरण में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कराना है।

प्रवेश से लेकर निकास तक कड़ी निगरानी

मंदिर परिसर के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास को व्यवस्थित रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। भीड़ नियंत्रण और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा टीमें और प्रशिक्षित सेवादार तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारियों, नोएडा प्राधिकरण, सुरक्षा कर्मियों और मंदिर के सेवादारों के बीच समन्वय बनाया गया है।

महिलाओं के लिए पिंक बूथ

महिलाओं और बालिकाओं की सहायता के लिए पिंक बूथ बनाया गया है। यहां महिला श्रद्धालुओं को आवश्यक सहायता, मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

मेडिकल टीम और फायर ब्रिगेड तैयार

आपात स्थिति से निपटने के लिए मंदिर परिसर में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की गई है। वहीं श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए डॉक्टरों और मेडिकल टीम की तैनाती की गई है, जो जरूरत पड़ने पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराएगी।

कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

महोत्सव की व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखने के लिए विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां से भीड़, सुरक्षा व्यवस्था और किसी भी आपात स्थिति की निगरानी की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित टीमों को तत्काल निर्देश दिए जाएंगे।

पार्किंग से मंदिर तक निशुल्क ई-रिक्शा

श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए सेक्टर-21 स्थित एडोब चौक के पास पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पार्किंग स्थल से मंदिर तक आने-जाने के लिए निःशुल्क ई-रिक्शा सेवा उपलब्ध रहेगी।

बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं से अपील

मंदिर प्रशासन ने वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं से भीड़ से बचने की अपील की है। उन्हें इस्कॉन नोएडा के यूट्यूब चैनल और फेसबुक के माध्यम से घर से ही भगवान के दर्शन करने की सलाह दी गई है। "हमारा प्रयास है कि भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित, सुविधाजनक और भक्तिमय वातावरण में महोत्सव का आनंद ले।"

एक नजर में इंतजाम

सुरक्षाः मेटल डिटेक्टर और सुरक्षा टीमें
महिला सुरक्षाः पिंक बूथ
स्वास्थ्यः डॉक्टर एवं मेडिकल टीम
आपातकालः फायर ब्रिगेड
निगरानीः विशेष कंट्रोल रूम
पार्किंगः सेक्टर-21 एडोब चौक के पास
आवागमनः पार्किंग से मंदिर तक निशुल्क ई-रिक्शा

चोर समझकर युवक की पीट-पीटकर हत्या, पांच आरोपी गिरफ्तार

हरौला में किराये के मकान में घुसा था प्रमोद; शक के आधार पर आरोपियों ने की मारपीट, अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

समाज जागरण

नोएडा। 1 सितंबर। थाना फेस-1 पुलिस ने हरौला में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पांचों को हरौला, सेक्टर-5 से गिरफ्तार किया, जबकि एक नाबालिग को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, 31 अगस्त की रात प्रमोद कुमार (27) हरौला सेक्टर-5 स्थित आरोपियों के किराये के मकान में दिखाई दिया। आरोपी उसे पहचानते नहीं थे। पूछताछ के दौरान युवक के डर जाने पर आरोपियों ने उसे चोर समझ लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिचितों ने घायल प्रमोद को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय, सेक्टर-39 में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पांच आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग भी हिरासत में

पुलिस ने मामले में संतोष कुमार मंडल (30), करण कुमार मंडल (23), सुरेश मंडल (48), रोनक कुमार मंडल (19) और निखिल उर्फ ब्रेवो (22) को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी वर्तमान में हरौला, सेक्टर-5 में रह रहे थे और मूल रूप से बिहार के अलग-अलग जिलों के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने एक बाल अपचारी को भी अभिरक्षा में लिया है।

हत्या का मुकदमा दर्ज

थाना फेस-1 में मामले को लेकर मु0अ0सं0 475/2026 दर्ज किया गया है। इसमें धारा 191(2), 190, 103(1) और 351(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है। सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार, 24,200 रुपये नकद और अवैध चाकू बरामद

समाज जागरण

नोएडा, 1 सितंबर। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 24,200 रुपये नकद, दो अवैध चाकू और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने एक बाल अपचारी को भी अभिरक्षा में लिया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशीष कुमार, सचिन शर्मा और सुनार आलोक कुमार गुप्ता उर्फ कन्हैया के रूप में हुई है। तीनों को सेक्टर-18 स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के पास से गिरफ्तार किया गया।

रेकी के बाद करते थे चोरी

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आशीष कुमार अपने साथियों के साथ पहले इलाके की रेकी करता था और इसके बाद चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान को कथित तौर पर सस्ते दामों में सुनार आलोक कुमार गुप्ता उर्फ कन्हैया को बेच दिया जाता था। चोरी से मिले पैसे से आरोपी अपने शौक पूरे करते थे।

दो मुकदमों से जुड़ी नकदी बरामद

पुलिस ने बताया कि बरामद 24,200 रुपये की नकदी थाना सेक्टर-20 में दर्ज मुकदमा संख्या 299/2026 और 326/2026 से संबंधित है। आरोपियों के पास से दो अवैध चाकू और मोटरसाइकिल संख्या UP74AP6636 भी बरामद की गई है।

आरोपियों पर पहले से कई मुकदमे

पुलिस के मुताबिक आशीष कुमार के खिलाफ गौतमबुद्धनगर और कन्नौज में आर्म्स एक्ट, चोरी और आबकारी अधिनियम समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।

सार्वजनिक वाहनों की ग्रेटर नोएडा जोन में सघन चेकिंग, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

समाज जागरण

संदीप गर्ग / ग्रेटर नोएडा। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में ग्रेटर नोएडा जोन के सभी थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक वाहनों की सघन चेकिंग का अभियान चलाया गया। डीसीपी ग्रेटर नोएडा रवि शंकर निम और एडीसीपी ग्रेटर नोएडा संतोष कुमार के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमों ने बस, टैक्सी सहित विभिन्न सार्वजनिक वाहनों की जांच की।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के अभिलेख, काली फिल्म, अनधिकृत बदलाव, प्रकाश व्यवस्था और यातायात नियमों के पालन की जांच की। संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की भी पड़ताल की गई और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों तथा मोटर वाहन अधिनियम के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने सभी थाना प्रभारियों को नियमित रूप से वाहनों की चेकिंग करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस कमिश्नरेट ने कहा कि आमजन की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की चेकिंग आगे भी लगातार जारी रहेगी।

औषधीय व व्यावसायिक फसलों से किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

डीएम ने मेकम्स बायोटेक और जीआरएस बायो प्लांट का किया निरीक्षण, स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता के निर्देश

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। जनपद में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने और स्थानीय किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने सिरसागंज तहसील के राम कबीरपुर स्थित मैसर्स मेकम्स बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड तथा जीआरएस बायो प्लांट प्राइवेट लिमिटेड का स्थलीय निरीक्षण किया।

मेकम्स बायोटेक के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्लांट की विभिन्न इकाइयों, उत्पाद श्रृंखला एवं प्रोसेसिंग गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने प्रबंधन को निर्देश दिए कि ऐसी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे अधिक से अधिक स्थानीय किसानों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का बेहतर और लाभकारी मूल्य मिलना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि प्लांट में हल्दी एक्सट्रैक्ट, अश्वगंधा रूट पाउडर और पोस्बेलिया सिराता आदि औषधीय घटकों के निर्माण के लिए कच्चा माल सीधे किसानों से खरीदा जा रहा है। डीएम ने खरीद व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान इससे जुड़ सकें।

प्लांट प्रबंधन ने बताया कि संस्थान में कार्यरत जनशक्ति में करीब 95 प्रतिशत कर्मचारी फिरोजाबाद जनपद के हैं। इस पर जिलाधिकारी ने स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने से युवाओं को लाभ मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि प्लांट में निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात किया जा रहा है, जिससे जनपद में विदेशी मुद्रा का भी आगमन हो रहा है। इकाई उत्तर प्रदेश फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज पॉलिसी-2023 के अनुरूप संचालित हो रही है।

डीएम ने संस्थान के निदेशक आकाश अग्रवाल एवं मैनेजर अंकित श्रीवास्तव को कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों से निरंतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय किसानों को पारंपरिक खेती के साथ औषधीय एवं व्यावसायिक फसलों की खेती के लिए प्रशिक्षित और प्रोत्साहित करने को कहा।

इसके बाद जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने जीआरएस बायो प्लांट प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। यहां टिशू कल्चर विधि से केले एवं आलू के बीज तैयार किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने संस्थान के कार्य की सराहना करते हुए संचालिका हेमा सिंह के बेहतर संचालन की प्रशंसा की और नारी स्वावलंबन के क्षेत्र में उन्हें पुरस्कृत करने की बात कही।

निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अवैध तमंचा व कारतूस के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेजा

समाज जागरण

फिरोजाबाद।थाना जसराना की पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सटीक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मिलावली गाँव जाने वाले रास्ते से एक अभियुक्त को अवैध असलहा और कारतूस के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस टीम गश्त के दौरान मिलावली गाँव के रास्ते पर मौजूद थी, तभी मुखबिर ने लगभग 50 मीटर पहले पुलिस वाहन को रुकवाकर इशारा किया और संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कराई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन आगे बढ़ाया। पुलिस वालों को अपनी तरफ आता देख अभियुक्त ने तेजी से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके पर ही उसे दबोच लिया।

जिसने अपना नाम गोपाली पुत्र नूरमोहम्मद उम्र 45 वर्ष ग्राम खड़ीत डेरा बंजारा बताया जिसके पास से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, चालू हालत में) 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, तलाशी के बाद प्राप्त हुए अभियुक्त के खिलाफत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा।

नाम बदलकर किरायेदार बना, रक्षाबंधन पर परिवार के बाहर जाने का किया इंतजार, फिर कर दी चोरी

समाज जागरण

शिकोहाबाद। आवास विकास कॉलोनी में चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना नाम विनय बताकर 15 अगस्त को मकान में किराये पर कमरा लिया था। इसके बाद रक्षाबंधन पर परिवार के घर से बाहर जाने का इंतजार किया। परिवार के जाते ही अलमारी का ताला तोड़कर जेवरात चोरी कर लिए।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सोने के जेवरात और 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है। आरोपी की पहचान जमील अहमद उर्फ मोनू (38) निवासी फरीदाबाद, हरियाणा के रूप में हुई है। वह वर्तमान में सिरसागंज क्षेत्र में रह रहा था।

28 अगस्त को हुई थी चोरी

आवास विकास कॉलोनी निवासी मुन्नालाल 28 अगस्त को परिवार के साथ जसवंतनगर स्थित ससुराल गए थे। वापस लौटे तो मकान के मुख्य गेट का ताला खुला था। अंदर अलमारी के लॉक टूटे मिले। अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। मुन्नालाल ने पुलिस को बताया कि 15 अगस्त को विनय नाम के व्यक्ति को किराये पर रखा था, जो घटना के बाद से फरार था।

मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। सोमवार देर रात असुवा रोड स्थित नौशहरा मोड़ पर चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस और सर्विलांस टीम ने जमील अहमद उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया।

बैग में छिपाकर रखे थे चोरी के जेवर

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस मिला। पेट पर बंधे काले रंग के बैग से एक नेकलेस सेट, दो टॉप्स, दो झुमकी, पेंडल और चेन, तीन लेडीज अंगूठी, एक मंगलसूत्र और चूड़ी के 16 टुकड़े बरामद हुए।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपना नाम विनय बताकर मकान में कमरा किराये पर लिया था। उसका मकसद पहले से चोरी करना था। रक्षाबंधन पर परिवार के बाहर जाने के बाद उसने अलमारी का लॉक तोड़कर जेवरात चोरी कर लिए। चोरी का माल बेचने की फिराक में था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

पुलिस ने चोरी के मामले में बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है। तमंचा बरामद होने पर आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

भाजपा की कार्ययोजना बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुआ मंथन

समाज जागरण

फिरोजाबाद। भाजपा महानगर की कार्ययोजना बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर की अध्यक्षता में हुई। इसमें

आगामी संगठनात्मक एवं पार्टी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में महानगर पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मंडल संयोजकों और वरिष्ठ कार्यकताओं ने भाग लिया। आगामी कार्यक्रमों के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया गया। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में निवर्तमान महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार और वरिष्ठ नेता शिव मोहन श्रोतिय समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

महानगर महामंत्री प्रमोद पाल बघेल, उपाध्यक्ष विष्णु सक्सेना, विवेक अग्रवाल, डॉ. एसपी लहरी, केशव सिंह फौजी, अंकित तिवारी, रामनरेश कटारा, महानगर मंत्री सुखपाल निषाद, राम लड़ैती लकी सहित मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गौरव हिंदू बने सनातन धर्म रामलीला कमेटी के अध्यक्ष।

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। जसराना फरिहा रोड स्थित एमएस पब्लिक स्कूल में सोमवार को सनातन धर्म रामलीला महोत्सव के मंचन को लेकर रामलीला कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के संरक्षक ओमप्रकाश गुप्ता ने की।

बैठक में वर्ष 2026 में कस्बे में आयोजित होने वाले रामलीला महोत्सव के मंचन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान गौरव हिंदू को सर्वसम्मति से सनातन धर्म रामलीला कमेटी का अध्यक्ष चुना गया।

अध्यक्ष चुने जाने पर मौजूद कमेटी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गौरव हिंदू का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गौरव हिंदू ने कहा कि रामलीला महोत्सव को इस वर्ष और अधिक भव्य, व्यवस्थित एवं आकर्षक तरीके से आयोजित कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी वर्गों को साथ लेकर सामूहिक सहयोग से कार्य किया जाएगा।

बैठक में प्रमुख रूप से अशोक गुप्ता, धीरेंद्र यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, राजेश गुप्ता, दिनेश वशिष्ठ, राजेश शुक्ला, सर्वेश शुक्ला सहित कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार, हंसिया बरामद

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मंडावली थाना मंडावली पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त हंसिया भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम मोहनपुर निवासी अहमद हसन के खिलाफ उसकी पत्नी की हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने गुस्से में आकर हंसिया से पत्नी के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण महिला की मौत हो गई।

घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार को मंडावली पुलिस ने आरोपी अहमद हसन को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने घरेलू विवाद के चलते घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया हंसिया बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बेटा न होने पर प्रताड़ित करने के मामले में पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नगीना । बेटा न होने पर प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति सहित ससुराल पक्ष के छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अपनी कारवाही शुरू कर दी है।

स्थानीय मौहल्ला कलालान निवासी शबनम पत्नी शाफेज ने दी गई तकरीर में कहा है कि उसका निकाह नौ वर्ष पूर्व मोहल्ले के ही शाफेज पुत्र हसीनुद्दीन के साथ हुआ था।जिससे उसे दो बेटियां पैदा हुई। पीड़िता शबनम का आरोप है कि बेटा पैदा न होने के कारण पति शाफेज, सास रशीदा, ससुर हसीनुद्दीन,नन्द सोनी व नरगिस तथा देवर अजीम गाली गलौच व मारपीट करते हैं और दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं।पीड़िता शबनम ने यह भी आरोप लगाया है कि पति शाफेज शराब पी कर मारपीट करता है और कहता है कि तू लड़का पैदा कर अगर लड़का पैदा नहीं हुआ तो मैं तुझे तलाक दे दूंगा।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 (विवाहिता के साथ क्रूरता करने, 115(2)चोट पहुंचाने, 352 अपमानित करने व 351(2)धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अपनी कारवाही शुरू कर दी है।

गुलदार पिंजरे में कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना रायपुर सादात ग्राम सिकनी वाला में 4 अगस्त को एक खूनी गुलदार द्वारा 8 वर्षीय बालक को निशाना बनाने के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने सतर्कता बरतते हुए एक माह के अंदर गांव में पिंजरा लगाकर आज दूसरे गुलदार को कैद कर लिया। वन विभाग की टीम गुलदार को रेस्क्यू कर अपने साथ ले गई। थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम सिकनी वाला में 4 अगस्त को ग्रामीणों का उस समय गुस्सा फूट पड़ा जब एक 8 वर्षीय बालक रवि कुमार पुत्र नरसिंह को गुलदार ने अपना निवाला बना लिया था। 5 अगस्त को वन विभाग के उच्च अधिकारी तथा तहसील के प्रशासनिक अधिकारी ग्राम सिकनी वाला पहुंच गए थे। ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश को शांत करने के लिए वन अधिकारियों ने गांव के आसपास गुलदार को पकड़ने के लिए चार पिंजरे लगाए थे। 24 घंटे के भीतर ही एक गुलदार को पकड़ने में वन अधिकारी कामयाब हो गए थे। एक पिंजरा डब्लू के खेत में लगा हुआ था। आज सवेरे सवेरे गांव के लोग जब खेतों की ओर गए तो पिंजरे में गुलदार को कैद देखकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गुलदार के पिंजरे में कैद होने की सूचना पर ग्रामीणों के साथ-साथ कौड़िया रेंज के वन अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है गुलदार करीब 5 वर्ष की आयु का है। वन क्षेत्राधिकारी सचिन शर्मा ने बताया वन विभाग की गश्ती टीम क्षेत्र में गश्त कर रही है। गुलदार को पकड़कर किसी आश्रय गृह में उच्च अधिकारियों के निर्देश पर छुड़वाया जाएगा।

किशोरी से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नूरपुर एक व्यक्ति ने गांव के ही युवक पर उसकी पुत्री को आधी रात को घर पर बुलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव राहूंगली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि गांव के ही गैर बिरादरी का एक युवक उसकी करीब पंद्रह वर्षीय पुत्री की अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहा है। 30 अगस्त को रात को उसकी पुत्री घर पर सोई हुई थी। अचानक रात को 11 बजे उसकी पुत्री बिस्तर से गायब मिली तो तलाश करने पर सागर के घर मिली। आरोप है कि युवक द्वारा उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया गया। उसने इसकी सूचना 112 पर भी थी। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने तहरीर मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

ससुराल गए राजमिस्त्री के मकान से 5 कुंतल गेहूं चोरी, पुलिस जांच में जुटी

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नहटौर रक्षाबंधन के पर्व पर अपने परिवार के साथ ससुराल गए एक राजमिस्त्री के बंद मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए टंकी में रखा लगभग 5 कुंतल गेहूं चुरा लिया। पीड़ित ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कलाली निवासी बृजेश कुमार पुत्र हरपाल सिंह जो कि पेशे से राजमिस्त्री हैं। वह 28 अगस्त 2026 को रक्षाबंधन के अवसर पर अपने घर पर ताला लगाकर पूरे परिवार के साथ ससुराल गए थे। 31 अगस्त 2026 को पड़ोसियों के माध्यम से उन्हें सूचना मिली कि उनके बंद मकान में चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही जब बृजेश कुमार घर पहुंचे, तो देखा कि चोरों ने उनकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर घर में रखी गेहूं की टंकी को खोलकर उसमें से करीब 5 कुंतल गेहूं साफ कर दिया था। पीड़ित ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन चोरी हुए गेहूं का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक को लिखित शिकायत पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में आया नया मोड़

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नगीना । खुशनुमा की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है।यद्यपि खुशनुमा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में खुशनुमा यह कह रही है कि मुझे बचा लो, ये मुझे जलाकर मार देंगे। मैं चार पहियों की गाड़ी कहां से लाऊं। मेरे बाप का इंतकाल हो चुका है, मेरी मां इदत्त में बैठी है। सोशल मीडिया पर वायरल यह वीडियो खुशनुमा की मृत्यु से पूर्व का बताया जा रहा है। अब यक्ष प्रश्न यही है कि खुशनुमा की मृत्यु बीमारी के कारण हुई या उसने आत्महत्या की है या उसकी हत्या की गई है रविवार की रात करीब 8 बजे नूरसराय में जाकिर मुल्तानी की पत्नी खुशनुमा जहां (25 वर्ष)की मौत की खबर व्हाट्स एप ग्रुपों में वायरल हुई थी।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास कुमार महिला पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उस कमरे का निरीक्षण किया जिसमें बेड पर खुशनुमा मृत अवस्था में पड़ी हुई

थी।पुलिस की पूछताछ में खुशनुमा के ससुराल वालों ने बताया था कि उसे दौरे पड़ते थे और मृत्यु से पूर्व भी उसे दौरा पड़ा था रात 9 बजे सूचना मिलने के बाद खुशनुमा का भाई मौहम्मद नईम नगीना पहुंचा और पुलिस को अपनी बहन खुशनुमा की मृत्यु को संदिग्ध बताते हुए पोस्टमार्टम कराने की गुहार लगाई। थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि नईम ने ससुराल वालों पर खुशनुमा को परेशान करने का आरोप भी लगाया था।पुलिस ने खुशनुमा के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर मोर्चरी भेज दिया था सोमवार की शाम को सोशल मीडिया पर खुशनुमा का मोबाइल के फ्रंट कैमरा से बना हुआ एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह रोते बिलखते हुए कह रही है कि मुझे बचा लो, मेरी इज्जत बचा लो, मुझे जला कर मार देंगे। मैं चार पहियों की गाड़ी कहां से लाऊं।मेरे बाप का भी इंतकाल हो गया है और मेरी मां भी इदत्त में बैठी है।मुझे बचा लो ये मुझे जलाकर मार देंगे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मृतका खुशनुमा के भाई नईम के हवाले से कहा गया है कि उसकी बहन खुशनुमा जहां के ससुराल वाले चार पहियों की गाड़ी की मांग कर रहे थे और उसे कमरे में बंद कर मारते पीटते व प्रताड़ित करते थे।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कहा गया है कि खुशनुमा सात महीने से मायके में रह रही थी और समझौते के बाद 29 अगस्त को उसे ससुराल नगीना भेजा गया था लेकिन अगले दिन 30 अगस्त की रात 9 बजे उन्हें खुशनुमा की मृत्यु की खबर मिली।

थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि खुशनुमा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं है और बिसरा प्रिजर्व कर जांच के लिए लैब भेज दिया गया है। अभी कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।परिजनों की शिकायत पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

भारत के वास्तविक स्वर्णिम इतिहास पढ़ेगी नई पीढ़ी- प्रो.अशोक रूस्तगी

भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना होगा जल्द पूरा.. डॉ. कुलदीप त्यागी

समाज जागरण

संभल।इतिहास संकलन समिति द्वारा आयोजित राशि समर्पण कार्यक्रम में भारत माता को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेकर 100 से अधिक स्वाभिमानी नागरिको ने बाबा साहब आप्टे के चित्र के समक्ष राशि की समर्पित की।

सर्वप्रथम प्रांत अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार रुस्तगी, प्रांत संगठन मंत्री डॉ. कुलदीप कुमार त्यागी, संरक्षक अशोक कुमार गर्ग, जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी ने समारोह अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल के साथ प्रथम प्रचारक रहे एवं भारतीय इतिहास संकलन समिति के प्रेरणा स्रोत पूज्य बाबा साहब आप्टे जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए माल्यार्पण किया।

प्रांत अध्यक्ष एवं प्रांत संगठन मंत्री को मंचासीन अतिथियों ने शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण करके स्वागत अभिनंदन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री डॉ. कुलदीप कुमार त्यागी ने कहा कि वामपंथियों द्वारा लिखा गया और पढ़ाया गया इतिहास झूठ का पुलिंदा था। अब प्रमाण, साक्ष्य के आधार पर सच्चे और वास्तविक इतिहास का लेखन कार्य बड़ी तेजी के साथ चल रहा है। इतिहास और शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए भारत माता को विश्व गुरु बनाने का सपना अति शीघ्र पूर्ण करेंगे ऐसा संकल्प व्यक्त किया। इतिहास संकलन समिति के प्रांत अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार रूस्तगी ने अनेक ऐतिहासिक घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की दृष्टि से लिखा गया सच्चा और वास्तविक स्वर्णिम इतिहास संकलित किया जाएगा लिखा जाएगा और भारत की पीढ़ी गर्व और गौरव के साथ अपने देश की विचारधारा परंपरा उपलब्धियां समझ सकेगी। संरक्षक अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि अंग्रेजो के कैदखाने से इतिहास को निकालकर स्वर्णमई मंदिर में स्थापित करने का कार्य इतिहास संकलन समिति का है।

जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी, बौद्धिक प्रमुख अतुल कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष अत्यंत त्यागी, वैभव गुप्ता, मनीष चौधरी, जिला सह मंत्री सत्यवीर सिंह पाल तथा जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने इतिहास संकलन समिति द्वारा व्यक्ति किए गए संकल्प, किए गए कार्य, प्राप्त की गई उपलब्धियां एवं अन्य अनेक विचारों के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए इतिहास संकलन समिति के विभिन्न आयामो की प्रशंसा की। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में समिति संरक्षक अनंत कुमार अग्रवाल के साथ मंचासीन सभी अतिथियों ने राशि समर्पित की। तत्पश्चात 100 से अधिक स्वाभिमानी सामाजिक कार्यकताओं ने इतिहास संकलन समिति के कार्यों विचारों से प्रभावित होकर पूज्य बाबा साहब आप्टे के चित्र के समक्ष अपनी राशि समर्पित की। कार्यक्रम में राकेश कुमार शर्मा, उमेश श्रीमाली, राजेंद्र सिंह गुर्जर, विकास कुमार वर्मा, शोभित शास्त्री, सुमन लता शर्मा, पूनम शुक्ला, संतलाल गंभीर, अमन सिंह, सुभाष चंद्र शर्मा, उमेश कुमार शर्मा, मुकेश कुमार सैनी आदि अनेक बुद्धिजीवियों ने व्यवस्था में सहयोग किया। कार्यक्रम का प्रारंभ संपूर्ण वंदे मातरम के साथ हुआ तथा समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया गया। राशि समर्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी अनंत कुमार अग्रवाल ने की तथा संचालन जिला महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

लंबित मजदूरी के मामलों में श्रम विभाग की त्वरित कार्रवाई

दो प्रकरणों में श्रमिकों को 1,49,268 की बकाया मजदूरी का भुगतान कराया गया

समाज जागरण

संभल।श्रमिकों की लंबित मजदूरी के भुगतान को लेकर प्राप्त शिकायतों पर श्रम विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए आज सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल सम्भल द्वारा मजदूरी भुगतान अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान सेवायोजक पक्ष से वार्ता कर श्रमिकों की बकाया मजदूरी का भुगतान कराया गया।

पहले प्रकरण में श्रमिक ममता एवं अन्य की शिकायत पर सहायक श्रम आयुक्त रामलखन पटेल द्वारा सेवायोजक पक्ष प्रगमैटिक इन्फ्रा प्रा. लि. के स्वामी/प्रतिनिधि से वार्ता कराई गई। वार्ता के उपरांत दोनों पक्षों के मध्य सहमति बनी, जिसके तहत सेवायोजक पक्ष द्वारा श्रमिकों ममता, बृजभूषण, हरदयाल, मातादीन, महेश, रतीराम, अनिल, यथोदा, इन्द्रा, पूजा एवं तुलसा को कुल 82,000 (बयासी हजार रुपये) की मजदूरी का भुगतान कराया गया। इसके अतिरिक्त, कार्यालय आए श्रमिकों को आने-जाने के किराये के रूप में 4,500 (चार हजार पांच सौ रुपये) का अतिरिक्त भुगतान भी सेवायोजक पक्ष से कराया गया।

इसी क्रम में एक अन्य शिकायत की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता हरनाम सिंह, धर्म सिंह आदि के सेवायोजक पक्ष मै. अभिलाषा इंटरप्राइजेज पर बकाया वेतन 67,268 (सरसठ हजार दो सौ अड़सठ रुपये) का भुगतान श्रमिकों को कराया गया।

मजदूरी का भुगतान प्राप्त होने पर सभी शिकायतकताओं ने सहायक श्रम आयुक्त रामलखन पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्रम विभाग के वाद लिपिक ललित कुमार द्वारा बताया गया कि यदि जनपद में किसी भी श्रमिक की मजदूरी सेवायोजक पक्ष पर बकाया एवं भुगतान लंबित है, तो संबंधित श्रमिक कार्यालय/न्यायालय सहायक श्रम आयुक्त, सम्भल में उपस्थित होकर नियमानुसार वाद दायर कर सकते हैं। ऐसे प्रकरणों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रमिकों को उनकी बकाया मजदूरी का भुगतान कराया जाएगा।

गुन्नौर नरोरा मुरादाबाद मार्ग को जोड़ने वाला जमुना सिंह मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर बहा रहा है आँसू

समाज जागरण

गुन्नौर। गंगा बैराज जुनावाई की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है सड़क जगह जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है जिससे राहगीरों और वाहन चालकों का निकालना दूसबार हो गया है स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार गंगा बैराज नरोरा के समीप होने के कारण सड़क में लगातार नमी बनी रहती है जिससे इसकी नींव पहले से ही कमजोर थी रही सही कसर खनन माफियाओं और ओवरलोड वाहनों ने पूरी कर दी दिन रात दौड़ने वाले डंफर मिट्टी व बालू से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियां की अनियंत्रित आवाजाही के कारण सड़क पूरी तरह टुट वा दरार खा चुकी है सड़क इस कदर इस हद तक खराब हो चुकी है कि आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसल कर चोटिल हो रहे हैं धूल मिट्टी और बड़े-बड़े गड्ढों के कारण क्षेत्र के लोगों का जीवन दुश्वार हो गया है स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि खनन के ओवरलोड वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाए और जमुना सिंह मार्ग का जल्द से जल्द पुनर्निर्माण कराया जाए ताकि किसी बड़े हादसे को रोका जा सके

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।

गुणवत्ता और भरोसा ही सफलता की असली कुंजी : डॉ. डी.के. गुप्ता

क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया ने मनाया 16वां फाउंडेशन डे; 16 वर्षों में 3,000 से अधिक कर्मचारियों की टीम और 2,100 से ज्यादा क्लाइंट बनाए

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया ने अपना 16वां फाउंडेशन डे उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में एनएबीसीबी के चेयरमैन डॉ. आरपी सिंह मुख्य अतिथि और फेलिक्स अस्पताल के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने संगठन की 16 वर्षों की उपलब्धियों के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

डॉ. डी.के. गुप्ता ने कहा कि किसी भी संस्था की दीर्घकालिक सफलता केवल कारोबार बढ़ने से तय नहीं होती, बल्कि लोगों के भरोसे और लगातार बेहतर काम करने से बनती है। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि अस्पताल आने वाला मरीज इलाज के साथ अपना भरोसा चिकित्सक और अस्पताल को सौंपता है। इसी तरह प्रमाणन या निरीक्षण की जिम्मेदारी देने वाला संगठन भी संबंधित संस्था पर विश्वास करता है।

सफलता के साथ विनम्रता जरूरी

उन्होंने कहा कि संस्था जितनी बड़ी होती जाए, उसकी विनम्रता भी उतनी ही बड़ी होनी चाहिए। सफलता के साथ यह नहीं भूलना चाहिए कि यात्रा की शुरूआत कहां से हुई थी। उन्होंने कहा कि क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया की कई उपलब्धियां हैं, लेकिन बड़ी उपलब्धियां अभी आगे हासिल की जानी हैं।

डॉ. गुप्ता ने उम्मीद जताई कि वर्ष 2029 तक संगठन को केवल सबसे बड़ा ही नहीं, बल्कि सबसे भरोसेमंद, जिम्मेदार और गुणवत्ता आधारित संस्था के रूप में पहचान मिले। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और भरोसा साथ चलते हैं तो विकास, पहचान और आर्थिक सफलता स्वतः परिणाम बनते हैं।

16 साल में 26 कार्यालय, 3 हजार से अधिक कर्मचारी

कार्यक्रम में बताया गया कि वर्ष 2010 में छोटी टीम और बड़े लक्ष्य के साथ शुरू हुआ संगठन आज 3,000 से अधिक कर्मचारियों की टीम, देशभर में 26 कार्यालय और 2,100 से अधिक क्लाइंट के साथ काम कर रहा है। कंपनी का राजस्व करीब 220 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और संगठन लगभग 35 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से आगे बढ़ रहा है।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि 3,000 कर्मचारी केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की उम्मीद हैं और 2,100 ग्राहक केवल कारोबारी खाते नहीं, बल्कि संगठन पर जताया गया भरोसा हैं। उन्होंने कहा कि किसी संस्था की वास्तविक ताकत उसकी इमारत या तकनीक नहीं, बल्कि उसके लोग होते हैं।

बड़े ब्रांड के साथ काम करने से बढ़ी जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि एयरटेल, टाटा, मारुति सुजुकी और एनटीपीसी जैसे बड़े ब्रांडों के साथ काम करना संगठन की विश्वसनीयता को दशार्ता है। हालांकि बड़े ग्राहक हासिल करना उपलब्धि है, लेकिन लंबे समय तक उनका भरोसा बनाए रखना उससे बड़ी जिम्मेदारी है।

क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया निरीक्षण, परीक्षण, प्रमाणन, प्रशिक्षण और तकनीकी सेवाओं के क्षेत्र में काम करता है। संगठन ऑटोमोटिव, टेलीकॉम, सरकारी क्षेत्र, पावर, बिल्ट एनवायरनमेंट, साइबर सिक्योरिटी, सस्टेनेबिलिटी और प्रशिक्षण समेत विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं उपलब्ध करा रहा है।

2029 तक टीआईसी उद्योग में नंबर-1 बनने का लक्ष्य

कार्यक्रम में संगठन के भविष्य के लक्ष्य पर भी चर्चा हुई। क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया ने वर्ष 2029 तक टेस्टिंग, इंस्पेक्शन एंड सर्टिफिकेशन (टीआईसी) उद्योग में नंबर-1 बनने का लक्ष्य रखा है।

डॉ. गुप्ता ने युवाओं से लगातार सीखते रहने, अपने कौशल को बेहतर बनाने और अपने काम पर गर्व करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कौशल नौकरी दिला सकता है, लेकिन चरित्र व्यक्ति को लंबे समय तक आगे बढ़ाता है।

किसानों के मुद्दे नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में रखे जाएं : अशोक चौहान

ग्राम विकास संगठन ने एसीईओ को सौंपे दो प्रत्यावेदन, 10 प्रतिशत आबादी भूखंड और आबादी जहां है जैसी है के आधार पर छोड़ने की मांग

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। किसानों की लंबित समस्याओं को लेकर ग्राम विकास संगठन नोएडा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर-96 स्थित मुख्य प्रशासनिक कार्यालय पहुंचकर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी पुष्पराज सिंह को दो अलग-अलग प्रत्यावेदन सौंपे। संगठन के संयोजक डीपी चौहान के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को आगामी प्राधिकरण बोर्ड बैठक में रखने की मांग की।

तीन प्रमुख मुद्दों पर हुई थी चर्चा

ग्राम विकास संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने बताया कि 29 मई 2026 को संगठन के पदाधिकारियों की प्राधिकरण अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी। इसमें किसानों से जुड़े तीन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई थी। इनमें अर्जित भूमि के सापेक्ष करार

नियमावली 1997 के तहत किसानों को 10 प्रतिशत आबादी भूखंड दिए जाने, आबादी को जहां है जैसी है के आधार पर भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 की धारा 48 के तहत डिनोटिफाई किए जाने तथा प्राधिकरण क्षेत्र के गांवों को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने का मुद्दा शामिल था।

अशोक चौहान ने कहा कि बैठक के बाद प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर की ओर से सक्षम स्तर से अनुमोदन के बाद बैठक का कार्यवृत्त भी जारी किया गया था, लेकिन किसानों की समस्याओं का अपेक्षित समाधान नहीं हुआ।

किसानों के अधिकारों की अनदेखी का आरोप

अशोक चौहान ने आरोप लगाया कि नोएडा प्राधिकरण ने किसानों के साथ छल किया है। उन्होंने कहा कि किसानों के पास अपने अधिकारों के समर्थन में दस्तावेज और साक्ष्य मौजूद हैं, इसके बावजूद उन्हें उनका हक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण आए दिन प्राधिकरण के खिलाफ आंदोलन की स्थिति बनती रहती है।

बोर्ड बैठक में मुद्दे शामिल करने का आश्वासन

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी पुष्पराज सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनने और प्रत्यावेदन देखने के बाद किसानों के मुद्दों को आगामी बोर्ड बैठक में शामिल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने 10 प्रतिशत आबादी भूखंड तथा आबादी जहां है जैसी है के आधार पर छोड़ने सहित अन्य मुद्दों को बोर्ड बैठक के एजेंडे में शामिल करने के लिए ओएसडी हर्षिता तिवारी को एजेंडा तैयार करने के निर्देश दिए।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की लंबित मांगों को बोर्ड बैठक में गंभीरता से रखा जाता है तो लंबे समय से चले आ रहे विवादों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकता है।

प्राइवेट लोन ऐप से जुड़े साइबर ठगी गिरोह का पदार्फाश, छह गिरफ्तार

वीडियो कॉल कर मोर्फ की गई अश्लील तस्वीरें भेजने की धमकी देकर करते थे वसूली; 25 लाख रुपये की ठगी का खुलासा

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने प्राइवेट लोन ऐप से कर्ज लेने वाले लोगों को निशाना बनाकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को सेक्टर-141, नोएडा से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से सात मोबाइल फोन, चार एटीएम/डेबिट कार्ड, दो पासबुक, दो ड्राइविंग लाइसेंस, दो पर्स और 810 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपी प्राइवेट लोन ऐप से लोन लेने वाले लोगों को वीडियो कॉल करते थे। इसके बाद यूपीआई और क्यूआर कोड के जरिए रकम हासिल करते थे। कई मामलों में पीड़ितों की तस्वीरों को मॉर्फ या एडिट कर अश्लील रूप में तैयार किया जाता था और उन्हें भेजने की धमकी देकर पैसे की मांग की जाती थी।

म्यूल खातों में डलवाते थे रकम

पुलिस जांच में आरोपियों के मोबाइल फोन में बिनेंस, व्हाट्सऐप और टेलीग्राम जैसे ऐप मिले हैं। जांच में यूएसडीटी के माध्यम से धनराशि के लेन-देन से जुड़े डिजिटल साक्ष्य भी सामने आए हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने अब तक म्यूल बैंक खातों के जरिए करीब 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है।

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर इस गिरोह के खिलाफ उत्तर प्रदेश, पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र में कुल पांच शिकायतें दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।

छह आरोपी गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निशान्त कुमार (20), अनीस अली (18), आदित्य कुमार (20), पंकज कुमार (28), निक्की शर्मा (24) और शिवा शर्मा

(20) के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना साइबर क्राइम में मु0अ0सं0 500/2026, धारा 318(4), 319(2), 238(सी) बीएनएस और 66डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

लोन ऐप के नाम पर ऐसे बनाते थे शिकार

लोन ऐप से जुड़ाव → वीडियो कॉल ड्ड निजी तस्वीरों/वीडियो का इस्तेमाल ड्ड मॉर्फ फोटो से ब्लैकमेल → यूपीआई/क्यूआर के जरिए भुगतान की मांग → रकम म्यूल खातों में ट्रांसफर।

पुलिस की लोगों को सलाह

"अनधिकृत प्राइवेट लोन ऐप से लोन लेने से बचें और केवल आरबीआई से अधिकृत वित्तीय संस्थानों या उनके आधिकारिक ऐप का इस्तेमाल करें।"

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अनजान लोगों के साथ निजी फोटो, वीडियो, दस्तावेज या बैंकिंग जानकारी साझा न करें। संदिग्ध वीडियो कॉल, लिंक, यूपीआई या क्यूआर कोड के जरिए भुगतान की मांग होने पर सतर्क रहें।

साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस ने बैंक खाता, एटीएम कार्ड, ओटीपी और यूपीआई पिन किसी के साथ साझा नहीं करने की भी सलाह दी है।

समाज जागरण
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!
मात्र ₹5,000 में, पूरे 1 महीने फ्रंट पेज पर!
Prime Location: Front Page Strip (Front Strip - 4cm x 12cm)
Mass Reach: Delhi-NCR, UP, Bihar, MP, Rajasthan

ग्रेटर नोएडा के सभी जलाशयों की होगी सफाई, 15 सितंबर से शुरू होगा अभियान

सफाई के दौरान कम दबाव में होगी पानी की आपूर्ति, जरूरत पड़ने पर टैंकर से मिलेगा पानी

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 1 सितंबर। स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर के सभी भूमिगत जलाशयों की सफाई कराने का निर्णय लिया है। सफाई अभियान की शुरूआत 15 सितंबर से ओमीक्रॉन-1 से होगी। प्राधिकरण ने सभी जलाशयों की सफाई के लिए क्षेत्रवार तिथियां निर्धारित कर दी हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर जल विभाग ने सफाई का कार्यक्रम तैयार किया है। सफाई के दौरान संबंधित क्षेत्रों में पानी का दबाव कम रह सकता है। किसी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित होने पर प्राधिकरण की ओर से टैंकर की व्यवस्था भी की जाएगी। निर्धारित शेड्यूल को प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा।

पानी पहले से स्टोर करने की अपील

प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि सफाई के दौरान पानी का प्रेशर कम रहने की संभावना को देखते हुए आवश्यक मात्रा में पानी पहले से ड्रम आदि में सुरक्षित रख लें। साथ ही पानी की खपत कम करने और जलाशयों की सफाई के दौरान प्राधिकरण का सहयोग करने की अपील की गई है।

प्राधिकरण ने सभी बिल्डरों और अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन को भी सोसाइटी परिसरों में बने भूमिगत जलाशयों की सफाई कराने के निर्देश दिए हैं।

15 सितंबर से शुरू होगी जलाशयों की सफाई

15 से 17 सितंबर तक ओमीक्रॉन-1 में सफाई होगी। 21 से 23 सितंबर तक ओमीक्रॉन-1ए और ईडब्ल्यूएस सोसाइटी, जबकि 24 से 26 सितंबर तक ओमीक्रॉन-1ए और जीएच-03 सोसाइटी में सफाई अभियान चलेगा।

28 से 30 सितंबर तक म्यू-2, 1 से 3 अक्टूबर तक लोटस वैली सोसाइटी, 5 से 7 अक्टूबर तक सेक्टर ज्यू-1 ईडब्ल्यूएस सोसाइटी और 8 से 10 अक्टूबर तक सेक्टर-36 व 37 के जलाशयों की सफाई की जाएगी।

12 से 14 अक्टूबर तक बीएचएस-16 सोसाइटी, 15 से 17 अक्टूबर तक अल्फा-1 व 2 और 19 से 21 अक्टूबर तक ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सफाई होगी।

22 से 24 अक्टूबर तक गामा-1, गामा-2, बीटा-1 और बीटा-2, जबकि 26 से 28 अक्टूबर तक डेल्टा-1, 2 और 3 में सफाई अभियान चलेगा। 29 से 31 अक्टूबर तक सेक्टर म्यू-1 ईडब्ल्यूएस सोसाइटी में जलाशय साफ किए जाएंगे।

2 से 4 नवंबर तक चाई-4 ईडब्ल्यूएस सोसाइटी, 5 से 7 नवंबर तक एससी/एसटी हॉस्टल, 12 से 14 नवंबर तक सेक्टर-10 ईडब्ल्यूएस सोसाइटी, 16 से 18 नवंबर तक बालक इंटर कॉलेज, 19 से 21 नवंबर तक सेक्टर-3 ईडब्ल्यूएस सोसाइटी और 25 से 27 नवंबर तक संकल्प सोसाइटी में सफाई की जाएगी।

पानी की समस्या होने पर इन नंबरों पर करें संपर्क

पानी की आपूर्ति में समस्या होने पर ग्रेटर नोएडा निवासी 7 0 1 1 8 8 0 6 9 3, 8 9 2 3 7 9 9 7 3 7, 9 8 1 1 8 3 9 4 5 6, 8 2 8 5 9 4 4 7 9 3, 9 8 7 3 7 6 3 9 9 5, 9 8 9 9 3 3 1 5 7 2, 9 6 5 4 3 0 2 9 1 3, 8130504019, 8377911380 और 9871090100 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्राधिकरण का कहना है कि जलाशयों की नियमित सफाई से पानी की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखने में मदद मिलेगी और शहरवासियों को स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

इस्कॉन नोएडा एक्सप्रेसवे का श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 4 सितंबर को

सेक्टर-149 स्थित गणेश्वरम बैंक्वेट हॉल में सुबह 9 बजे से रात 1 बजे तक होगा भव्य आयोजन, दिव्य दर्शन के साथ भजन-कीर्तन और महाप्रसाद का रहेगा विशेष आकर्षण

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा, 1 सितंबर। इस्कॉन नोएडा एक्सप्रेसवे, सेक्टर-151 की ओर से आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर मंगलवार को सेक्टर-149 स्थित गणेश्वरम बैंक्वेट हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान आयोजन की तैयारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया।

इस्कॉन नोएडा एक्सप्रेसवे के अध्यक्ष श्याम गोपाल प्रभु, टेंपल कंस्ट्रक्शन मैनेजर ओमपाल सिंह तथा गणेश्वरम बैंक्वेट हॉल के प्रबंधक शुभम पंवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। वक्ताओं ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में पहुंचने का आह्वान किया।

सुबह 9 बजे से रात 1 बजे तक चलेगा आयोजन

इस्कॉन नोएडा एक्सप्रेसवे द्वारा 4 सितंबर 2026, शुक्रवार को सुबह 9 बजे से रात 1 बजे तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन गणेश्वरम बैंक्वेट हॉल, सेक्टर-149, कौंडली गांव, नोएडा में होगा। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, सांसदों, विधायकों, प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

दिव्य दर्शन से लेकर महाप्रसाद तक विशेष आयोजन

महोत्सव में भगवान श्री श्री राधा-कृष्ण के दिव्य दर्शन, विशेष अभिषेक, भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन, आध्यात्मिक प्रवचन और महाप्रसाद वितरण सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

निःशुल्क उपलब्ध कराया गया बैंक्वेट हॉल

इस्कॉन नोएडा एक्सप्रेसवे के मीडिया प्रभारी बैकुंठ निवास प्रभु ने बताया कि गणेश्वरम बैंक्वेट हॉल प्रबंधन ने भगवान श्रीकृष्ण की सेवा के लिए हॉल पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि गणेश्वरम प्रबंधन पहले भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों में सहयोग करता रहा है। उन्होंने प्रबंधन की सेवा भावना के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि 19 सितंबर 2026 को श्री राधाष्टमी महोत्सव का आयोजन भी इसी गणेश्वरम बैंक्वेट हॉल में किया जाएगा।

प्रेम, करुणा और धर्म का संदेश

वक्ताओं ने कहा कि जन्माष्टमी केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम, करुणा, धर्म और मानवता के संदेश को जीवन में अपनाने का अवसर है। इस्कॉन नोएडा एक्सप्रेसवे ने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित महोत्सव में पहुंचकर भगवान श्री श्री राधा-कृष्ण के दिव्य दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की।

उधार के रुपये मांगने पर मारपीट, दनकौर पुलिस ने वांछित आरोपी दबोचा

समाज जागरण

संदीप गर्ग / दनकौर। उधार दिए रुपये वापस मांगने को लेकर हुई मारपीट के मामले में थाना दनकौर पुलिस ने वांछित आरोपी सोएब को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को उसके निवास स्थान मोहल्ला प्रेमपुरी, कस्बा दनकौर से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक, 30 अगस्त को उधार दिए रुपये मांगने को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि आशू, सोएब, मेराज और नन्हे उर्फ तरुण ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। मामले में पीड़ित की तहरीर पर थाना दनकौर में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी सोएब पुत्र असलम, निवासी मोहल्ला प्रेमपुरी, कस्बा व थाना दनकौर, उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी दनकौर थाने में मारपीट, आयुध अधिनियम तथा अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

7 सितंबर से रेहड़ी-पटरी संचालकों का सदस्यता व सत्यापन अभियान

गौतमबुद्धनगर से होगी शुरूआत, इसके बाद गाजियाबाद और पूरे प्रदेश में चलेगा अभियान

गौतमबुद्धनगर। रेहड़ी-पटरी संचालकों को संगठित करने और उनकी वास्तविक संख्या व स्थिति को सामने लाने के उद्देश्य से 7 सितंबर 2026, सोमवार से सदस्यता एवं सत्यापन अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान की शुरूआत गौतमबुद्धनगर से होगी। इसके बाद गाजियाबाद और फिर पूरे उत्तर प्रदेश में इसे विस्तार दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार अभियान का उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ जाना नहीं, बल्कि मेहनतकश रेहड़ी-पटरी संचालकों को एकजुट कर उनके अधिकारों और सम्मान की आवाज को मजबूत करना है। सत्यापन के माध्यम से रेहड़ी-पटरी कारोबार से जुड़े लोगों की वास्तविक स्थिति और संख्या का आंकलन भी किया जाएगा।

राधा कृष्ण गर्ग तीसरी बार बने अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष

तीसरी पंचवर्षीय कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल की तृतीय पंचवर्षीय कार्यकारिणी 2026-2031 के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो गई। चुनाव अधिकारी शिव शंकर गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पदों पर एक-एक नामांकन प्राप्त होने के बाद तीनों पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की।

राधा कृष्ण गर्ग को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। वहीं लोकेश कुमार गोयल एडवोकेट राष्ट्रीय महासचिव और प्रदीप अग्रवाल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा होते ही उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। चुनाव अधिकारी शिव शंकर गुप्ता ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 23 अगस्त, नाम वापसी की अंतिम तिथि 26 अगस्त और मतदान की तिथि 30 अगस्त

निर्धारित थी। हालांकि तीनों पदों के लिए केवल एक-एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन किए जाने के कारण मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री एवं कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता और नोएडा विधायक के भाई अनिल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. महेश शर्मा सहित पूर्व विधायक बिमला बाथम, डीडीआरडब्ल्यूए अध्यक्ष एन.पी. सिंह, दिव्य प्रेम सेवा मिशन के आशीष सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संगठन से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने तथा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का मंच संचालन सुधीर चंद्र पोरवाल ने किया।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।

लोक कल्याण विधान में की भगवान महावीर स्वामी की पूजा

समाज जागरण बागपत।

बडौत में चल रहे लोक कल्याण महामंडल विधान के तीसरे दिन आचार्य श्री आर्जव सागर महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम, भक्ति भाव से भगवान महावीर का गर्म प्रासुक जल से अभिषेक किया। सौधर्म इन्द्र इंद्राणी का सौभाग्य सुनील जैन ऊषा जैन को प्राप्त हुआ। ब्रह्मचारी गौरव भैया और ऋषिका दीदी के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने नवदेवता पूजन, सोलहकारण पूजन और लोक कल्याण महामंडल विधान की पूजन की। सौधर्म इन्द्र द्वारा मंडल पर 24 अर्घ समर्पित किए गए।

संगीतकार संतोष म्यूजिकल ग्रुप के भजनो ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए परम पूज्य अध्यात्म योगी, आचार्य श्री आर्जवसागर महाराज ने कहा साधु-संत ऑपरेशन करने आते हैं। साधु-संत कोई मान-सम्मान की खातिर गृहस्थ लोगों के बीच नहीं आते वरन् वे तो संसारी प्राणियों के उत्थान की भावना के साथ आध्यात्मिक सर्जरी से उनका ऑपरेशन करने आते हैं । चूंकि आदमी जिस तरह अपने धर्म के संस्कारों को भूल कर पाप प्रवृत्तियों में डूब जाता है, उनको सही राह दिखाने का काम संत ही तो करते हैं। यह संसार आज भी संतों की बदौलत बचा हुआ है। संत ही सबके सामने आदमी के खोट पर चोट करता है और उनका यह अऑपरेशन बहुत कारगर होता है। जो भव्य जीव होते हैं, वे गलत मार्ग छोड़कर सही राह पर आ जाते हैं और जो अभव्य होते हैं उन्हें प्रकृति एक दिन अच्छा सबक सिखाकर प्रायश्चित्त के लिए विवश कर देती है। इसलिए संतों के ऑपरेशन से कभी भागना नहीं वरनअपना परम सौभाग्य समझकर उनकी कड़वी दवा से अपने को सुधार लेना। संतों की फटकार और उनके कड़े वचनों में भी आशीर्वाद छुपा होता है। अपने जीवन को यदि सुखमय व मंगलमय बनाना है तो संत की आध्यात्मिक सर्जरी से अपनी आत्मा पर चिपकी बुराईयों को मिटा देना। ध्यान रखना- शरीर का इलाज अस्पताल में हो जाएगा लेकिन दूषित व अपवित्र मन का निदान संत-समागम से ही होगा। सभा में मुकेश जैन, वरदान जैन, राकेश जैन, प्रदीप जैन, विकास जैन, सुनील जैन, सतेंद्र जैन, अनिल जैन अंकुर जैन, संजीव जैन, संजय जैन आदि उपस्थित थे।

नेत्रदान के लिए समाज को जागरूक करना आवश्यक - अभिमन्यु गुप्ता

समाज जागरण

बागपत। वैदिक कन्या इंटर कॉलेज अग्रवाल मंडी टटीरी में भारत सरकार के 40वें नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत जिला रेडक्रॉस समिति बागपत और लायंस क्लब अग्रवाल मंडी के संयुक्त तत्वावधान में कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं की पोस्टर पेंटिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता हुई। मुख्य संयोजक और जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि नेत्रदान सर्वोत्तम दान है। मृत्यु के बाद 6 से 8 घंटे के भीतर किया गया दान दो लोगों के जीवन में रोशनी देता है। यह पूरी प्रक्रिया निशुल्क है। नेत्र बैंक की टीम 24 घंटे उपलब्ध रहती है। मुख्य अतिथि सुशील चौधरी प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज धनौरा सिल्वर नगर ने कहा कि नेत्रदान के लिए सभी को

प्रतिबद्धता से कार्य करना चाहिए। प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य गायत्री वर्मा के नेतृत्व में मिथिलेश और संगीता ने कराया। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल गांधी ने छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमोद प्रकाश, शिवकरण चौरसिया, प्रदीप शर्मा, रामवीर राठी और गौरव डबास मौजूद रहे। विजेता चार छात्राओं को समाजसेवी ईश्वर अग्रवाल द्वारा अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में स्थापित जियालाल प्रेमवती अग्रवाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

समाज जागरण बागपत।

बागपत शहर के कृष्णा एनक्लेव में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया, इसमें श्रद्धालुओं ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया और धर्म लाभ कमाया। कलश यात्रा कृष्णा एनक्लेव स्थित शिव मंदिर से शुरू हुई। महिलाएं सिर पर कलश धारण किये हुई थी और मंगल गीत

गाते हुए चल रही थी।कलश यात्रा नगर के विभिन्न स्थानों से होते हुए पुनः कथा स्थल पर आकर समाप्त हुई। नगरवासियों ने कथा व्यास और ब्राह्मण देवताओं का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। कलश यात्रा के कथा स्थल पर पहुंचने के उपरांत पूजन और महाअभिषेक किया गया। उसके बाद कथा प्रारंभ हुई। इस मौके पर कथा व्यास ईशान ज्योतिष गुरु आचार्य मनोज जोशी ने श्रीमद् भागवत कथा का वर्णन किया। बताया कि मनुष्य का जो जीवन है, उसे किस प्रकार जीवन जीना है। उसे किस प्रकार से भागवत की प्राप्ति होती है। उन्होंने भगवान कृष्ण कन्हैया गोविंद गोपाल की महिमा का भी गुणगान किया। सभी श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत की सामूहिक रूप से आरती उतारी। मठाधीश प्रशांत भारद्वाज ने कथा में पहुंचे सभी श्रद्धालुओ का आभार व्यक्त किया। अंत में सभी को प्रसाद का वितरण किया गया।

मलकपुर सोसाइटी का किसानों ने किया घेराव, गन्ना डाटा को लेकर हंगामा

7 सितंबर को सोसाइटी पर पंचायत का ऐलान

समाज जागरण

बड़ौत। नगर के छपरौली रोड स्थित मलकपुर सोसाइटी पर गन्ना किसानों ने मंगलवार को जमकर हंगामा किया। मिल पर डाले गए गन्ने का डाटा लेने की मांग को लेकर किसान धरने पर बैठ गए और सोसाइटी का घेराव किया। किसानों ने गन्ना सचिव से मांग की कि रविवार तक उन्हें डाटा उपलब्ध कराया जाए। ऐसा न होने पर आगामी 7 सितंबर सोमवार को मलकपुर मिल से जुड़े सभी गन्ना किसान सोसाइटी दफ्तर पर पंचायत करेंगे। सोसाइटी के चेयरमैन अंकित वीर ने कहा कि सोसाइटी के पास जो भी डाटा है, वह किसानों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। सचिव ने कहा कि कोर्ट द्वारा किसानों को

ब्याज देने के आदेश के मामले में वह किसानों के साथ हैं। अंतरराष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी ने कहा कि कोर्ट ने 30 साल का ब्याज देने का जो आदेश किया है, उसके लिए सभी किसानों को एकजुट होकर बड़े स्तर पर लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने 7 सितंबर को अधिक से अधिक किसानों को मलकपुर सोसाइटी पहुंचने का आह्वान किया। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष बागपत सुभाष चौधरी, कमलदीप तोमर, जयवीर मलिक, मांगेराम, योगेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, कुलदीप, योगेंद्र, सोनू प्रधान सिनोली, श्याम सिंह, बिजेंदर, सुरेंद्र सहित कई गांवों के किसान मौजूद रहे।

क्लस्टर लेवल गेम्स में डीएवी बागपत ने जीते 77 पदक, विजेताओं का हुआ सम्मान

समाज जागरण

बागपत। डीएवी पब्लिक स्कूल बागपत में मंगलवार को विशेष समारोह का आयोजन कर क्लस्टर लेवल गेम्स 2026 के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन 24 एवं 25 अगस्त को डीएवी पब्लिक स्कूल रसूलपुर, सहारनपुर में किया गया था, जिसमें डीएवी बागपत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 77 पदक जीते। इनमें 47 स्वर्ण और 30 रजत पदक शामिल हैं। स्वर्ण पदक विजेताओं में विद्यालय की अंडर-14 क्रिकेट टीम, अंडर-14 बालिका योगा टीम की वंशी, राधिका, शिवांगी शर्मा, अनुष्का, अंडर-17 बालक योगा के हर्ष, तेजस, कृष्णा, आदित्या, बालिका बैडमिंटन की धानी, वंशिका, कनिष्का, अंडर-19 बालक बैडमिंटन के रौनक, प्रतीक, नैतिक तथा अंडर-17 क्रिकेट टीम

शामिल रही। एथलेटिक्स में अंडर-17 4x100 मीटर रिले टीम के पार्थ, अभिषेक, दक्ष शर्मा, अंश शर्मा, 400 मीटर में पार्थ, अंडर-19 200 मीटर में दक्ष शर्मा और 800 मीटर में रोनक ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। रजत पदकों में वॉलीबॉल अंडर-19 बालक टीम, योगा अंडर-19 व्यक्तिगत, शतरंज अंडर-17 बालक वर्ग के साथ एथलेटिक्स में 100 मीटर अंडर-14 में कृष्णा त्रिपाठी, 4x100 रिले में ईशान, कनव, मानव पाठक, लॉन्ग जंप में रुद्र प्रताप व वेदांशी शर्मा, 200 मीटर में अभिषेक व यशवी चौहान और जैवलिन थ्रो में शिवांगी शर्मा, परी व कनिका ने पदक जीते। इस सफलता में खेल प्रशिक्षक गौरव वशिष्ठ का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल अनुशासन, आत्म विश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं।

श्रीराम पब्लिक स्कूल दोघट का कक्षा 9 का छात्र चार दिन से लापता, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

समाज जागरण

बड़ौत। थाना रमाला के गांव कंडेरा निवासी 14 वर्षीय छात्र कार्तिक पुत्र संतोष कुमार पिछले चार दिन से लापता है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। परिजनों के अनुसार

कार्तिक श्रीराम पब्लिक स्कूल दोघट में कक्षा 9 का छात्र है। वह 27 अगस्त को सुबह 7:30 बजे कासिमपुर खेड़ी रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 64034 में सवार होकर शाहदरा के लिए निकला था। शाहदरा स्टेशन पर उसके पिता संतोष कुमार उसके इंतजार में खड़े थे, लेकिन कार्तिक वहां नहीं पहुंचा।कार्तिक दिखने में पतला और लंबा है। लापता होते समय वह सफेद टी-शर्ट, जींस पर काली पट्टी वाला लोअर और हरे रंग के जूते पहने हुए था। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। परिजनों ने थाना रमाला में गुमशुदगी दर्ज कराई है। उसके बाबा जसवीर सिंह सहित सभी रिश्तेदार लगातार उसकी तलाश में जुटे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। यदि किसी को कार्तिक के बारे में कोई जानकारी मिले तो थाना रमाला प्रभारी को सूचना दें। जानकारी देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

बूथ मजबूत करें कार्यकर्ता - नीरज शर्मा

आगामी अभियानों को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

समाज जागरण

बागपत। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी कार्यक्रमों को लेकर शहर के चमरावल रोड स्थित जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं है और पार्टी चुनावी मूड में आ गई है। सभी कार्यकर्ताओं को मेहनत से कार्य कर अपने-अपने बूथों को मजबूत करना है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिए कि अपना अधिक से अधिक समय पार्टी कार्यों में लगाएं और मंडल व बूथ कार्यसमिति का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें।जिलाध्यक्ष ने बताया

कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर जल्द ही जिला कार्यशाला आयोजित की जाएगी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अजय शर्मा ने किया। बैठक में जिला महामंत्री अमित चौधरी, देवेंद्र गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष शिवेंदु दत्त शर्मा, संजीव राठी, विनोद वाल्मीकि, जिला मंत्री सुंदर धामा, अंकित लपराना, राजीव धामा, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, अमित उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ, संदीप प्रजापति, मनजीत गुर्जर, मनीष कुशवाहा, दिनेश प्रधान, सुनील तोमर, विनोद देशवाल, अमित चंदेल, सुधीर त्यागी, मंडल प्रभारी सरिता चौधरी, प्रवीण राठौड़ा, विपिन शर्मा, राजीव कौशिक, मंडल महामंत्री शशिकांत शर्मा, मांगेराम कश्यप, गौरव उपाध्याय सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश की वार्षिक बैठक लखनऊ में संपन्न, बागपत टीम ने की सहभागिता

समाज जागरण

लखनऊ। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश की वार्षिक बैठक जन भवन लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के पदा धिकारियों ने भाग लिया। महासचिव रामानंद कटियार ने वर्षभर के सेवा और राहत कार्यों का वार्षिक विवरण प्रस्तुत किया। जूनियर, यूथ और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड की स्थापना और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा हुई।उपसभापति ने सभी जिलों के प्रतिभाग के लिए धन्यवाद दिया। कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने मानवता के कार्यों के लिए तत्पर रहने का मंत्र दिया। नेशनल हेडक्वार्टर की प्रतिनिधि डॉ वनसरी ने फर्स्ट एड की जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचाने पर

जोर दिया। सभापति और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संस्था के कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने झोपड़पट्टियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने और टीकाकरण के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर बागपत की टीम से महासचिव अभिमन्यु गुप्ता, कोषा ध्यक्ष डॉ मयंक गोयल और कार्यसमिति सदस्य अमन गोयल मौजूद रहे। टीम ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को मीतली मेडिकल कॉलेज का निर्माण शीघ्र कराने के लिए ज्ञापन भी सौंपा।

बड़का गांव में धू-धूकर जला ट्रांसफार्मर, गांव की बिजली आपूर्ति ठप

समाज जागरण

बड़ौत। बड़का गांव में सोमवार देर रात काली मंदिर के सामने खंभे पर रखा ट्रांसफार्मर धू-धूकर जल गया। अचानक ट्रांसफार्मर से आग की लंबी-लंबी

चिंगारियां निकलने लगीं। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रांसफार्मर को नहीं बचाया जा सका। ट्रांसफार्मर जलने से पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। बिजली गुल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों में पानी की सप्लाई बंद हो गई है और इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं। पशुओं के चारे तक का संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि बिजली न होने से चारा काटने की मशीनें नहीं चल पा रही हैं। गांव के वरिष्ठ समाजसेवी आचार्य मधुसूदन शास्त्री ने बताया कि घटना के बाद से अब तक विद्युत विभाग के किसी अधिकारी ने गांव में आकर सुध नहीं ली है। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

ग्रामीण की सूचना से टली एटीएम चोरी, आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण मोहनलालगंज, लखनऊ

मोहनलालगंज कस्बे के मौरांवा रोड स्थित एटीएम में चोरी के प्रयास की सूचना एक ग्रामीण ने तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस सक्रिय हुई और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर

लिया। कार सवार चोरों ने एटीएम तोड़कर कैश व उसके पुर्जे निकालने का प्रयास किया था।घटना की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने वाले मोहनलालगंज थाने के कांस्टेबल दिनेश कुमार और समय रहते पुलिस को सूचना देने वाले सजग ग्रामीण के प्रयास की डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक ने सराहना की। डीसीपी ने दोनों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। डीसीपी ने कहा कि ग्रामीण की सजगता और पुलिस की तत्परता से एटीएम में चोरी की वारदात को समय रहते नाकाम किया जा सका।

डेढ़ दशक से जलभराव की मार झेल रहा स्टेशन रोड-बैरिसालपुर संपर्क मार्ग..

समाज जागरण

मोहनलालगंज, लखनऊ। निगोहा के स्टेशन रोड से बैरिसालपुर गांव को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग पिछले करीब डेढ़ दशक से जलभराव और बदहाली की समस्या से जूझ रहा है। बारिश होते ही सड़क का बड़ा हिस्सा जलमग्न होकर तालाब में तब्दील हो जाता है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को सड़क और गड्ढों का अंदाजा तक नहीं लग पाता। ऐसे में आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्या के बावजूद विकास खंड के जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से स्थायी समाधान न कराए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है।

स्थानीय निवासी विमलेश सिंह, जतिन सिंह, दीपक पटेल, उस्मान, विनोद सहित दर्जनों ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में इस मार्ग से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है। सड़क पर कई स्थानों पर जलभराव इतना अधिक हो जाता है कि वाहन चालकों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। गड्ढों में पानी भरने से कई बार दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं। वहीं पैदल राहगीरों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को कीचड़ व गंदे पानी के बीच से होकर निकलना पड़ता है।ग्रामीणों के मुताबिक स्टेशन रोड से बैरिसालपुर को जोड़ने वाला यह मार्ग आसपास के लोगों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण रास्ता है। इसी मार्ग से ग्रामीण बाजार, स्कूल, अस्पताल और अन्य जरूरी कामों के लिए आते-जाते हैं। सड़क पर जलभराव होने के कारण आसपास स्थित घरों और दुकानों तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक

परेशानी उस समय होती है जब किसी बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाना हो। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के दौरान एंबुलेंस समेत अन्य जरूरी वाहनों के आवागमन में भी बाधा उत्पन्न होती है।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की बदहाली कोई नई समस्या नहीं है। करीब डेढ़ दशक से हर बरसात में यही स्थिति बनती है। ग्रामीणों ने कई बार विकास खंड के जिम्मेदार अधिकारियों, संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से सड़क की मरम्मत कराने के साथ-साथ जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की, लेकिन हर बार आश्वासन देकर मामला टाल दिया गया। नतीजा यह है कि समय के साथ सड़क की हालत और खराब होती चली गई।

नाली न होने से बढ़ रही समस्या

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के किनारे समुचित नाली अथवा जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है। पानी की निकासी का स्थायी इंतजाम नहीं होने से कई दिनों तक जलभराव बना रहता है। इससे सड़क की परत भी लगातार खराब हो रही है और गड्ढे बढ़ते जा रहे हैं।ग्रामीणों ने विकास खंड के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था करा दी जाती तो आज हालात इतने बदतर नहीं होते। उनका कहना है कि वर्षों से समस्या सामने होने के बावजूद जिम्मेदारों की ओर से स्थायी कार्ययोजना नहीं बनाना लापरवाही को दशार्ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि बारिश के दिनों में परेशानी बढ़ने के बाद ही समस्या पर ध्यान दिया जाता है, जबकि जल निकासी और सड़क निर्माण का स्थायी समाधान पहले ही कराया जा सकता था।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके का स्थलीय निरीक्षण कराकर सड़क की स्थिति का आकलन कराया जाए और गुण वत्तापूर्ण तरीके से मार्ग का पुनर्निर्माण कराया जाए। साथ ही सड़क के दोनों ओर नाली बनाकर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।क्षेत्रवासियों का कहना है कि अब उन्हें अधिकारियों के आश्वासन नहीं, बल्कि धरातल पर काम चाहिए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे संबंधित विभाग और प्रशासन के उच्चा धिकारियों से शिकायत कर संबंधित समस्या को प्रमुखता से उठाएंगे।

14वें दिन धरना जारी, अधिकारियों को मौके पर रोका तीन सितंबर तक सक्षम अधिकारी को लाने का अल्टीमेटम.....

विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता

मोहनलालगंज। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का कुबहरा सामुदा यिक मिलन केंद्र पर चल रहा धरना मंगलवार को 14वें दिन भी जारी रहा। बीते 27 अगस्त के ज्ञापन के अनुसार मंगलवार को वन विभाग कार्यालय के घेराव का कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष के बड़े भाई के निधन के चलते घेराव स्थगित कर दिया गया। शोक के चलते धरना स्थल पर माइक और नारेबाजी भी बंद रही।दोपहर 12 बजे पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता सूर्यमणि मिश्रा अवर अभियंता के साथ धरना स्थल पहुंचे। कुछ देर बाद वन अधिकारी शुभी श्रीवास्तव भी पहुंचीं। किसानों की मौजूदगी में दोनों विभागों के अधिकारियों के बीच हुई वार्ता में सामने आया कि पीडब्ल्यूडी ने अब तक वन विभाग से एनओसी मांगी ही नहीं है। ऐसे में वन विभाग द्वारा एनओसी जारी करने का सवाल ही नहीं उठता।यह बात सामने आते ही किसानों का आक्रोश भड़क उठा। किसानों ने कहा कि बीते 21 अगस्त को राजस्व, वन और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने मौके पर नाप की थी और उन्हें भरोसा दिया गया था कि वन विभाग की एनओसी मिलते ही सड़क निर्माण शुरू हो जाएगा। किसानों ने इसे अब तक का छलावा

बताते हुए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को मौके पर रोक लिया।मौके पर मौजूद अधिकारियों ने उच्चा धिकारियों से वार्ता कर बताया कि वे छोटे कर्मचारी हैं और निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं। इसके बाद उन्होंने तीन सितंबर को दोपहर 12 बजे तक उच्चाधिकारियों को धरना स्थल पर लाने का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष से फोन पर वार्ता के बाद किसान शांत हुए।मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि निर्धारित समय पर सड़क निर्माण का निर्णय लेने में सक्षम अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचना चाहिए, अन्यथा किसान पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।धरने में प्रदेश महासचिव दिनेश यादव, मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, पुनवासी ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार, युवा ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र, केशवराम, प्रधान पति रामकुमार समेत सैकड़ों किसान पुरुष-महिलाएं मौजूद रहे। किसानों के आक्रोश को देखते हुए नगराम थाना प्रभारी अजनी सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

चैहड़ कलां में विकास को लेकर पंचायत में घमासान, आधे पंच सरपंच के खिलाफ लामबंद

दो साल से ग्राम सभा की बैठक नहीं होने का आरोप, पक्की गलियां, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था जैसे मुद्दों पर पंचायत प्रतिनिधियों ने उठाए सवाल

पंचों ने लगाया विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप, तीन करोड़ के सामुदायिक भवन से लेकर गंदे जोहड़ों और अतिक्रमण तक को लेकर जताई नाराजगी; बढ़ सकता है पंचायत में विवाद

**दैनिक समाज जागरण,
जिला संवाददाता भिवानी।**

बहल। बहल ब्लॉक के गांव चैहड़ कलां में विकास कार्यों को लेकर ग्राम पंचायत के अंदर खींचतान खुलकर सामने आने लगी है। पिछले करीब दो वर्षों से ग्राम सभा की बैठक नहीं होने और गांव में अपेक्षित विकास कार्य नहीं होने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को ग्रामीणों ने पंचायत घर में बैठक की। बैठक में सरपंच प्रतिनिधि सहित पंचायत के कई सदस्य मौजूद रहे। बैठक के बाद पंचायत के करीब आधे पंचों ने विकास कार्यों को लेकर सरपंच के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए गांव की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि पिछले दो वर्षों से गांव में विकास कार्य लगभग ठप पड़े हैं। इसके चलते उनके वार्डों में पक्की गलियां, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट सहित कई मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्य नहीं हो पा रहे हैं। पंचों ने कहा कि गांव की जनता ने उन्हें अपने-अपने वार्डों में विकास करवाने की उम्मीद के साथ चुना था, लेकिन पंचायत में आपसी खींचतान के कारण वे अपने वादों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। पंचों ने कहा कि अब पंचायत का करीब एक वर्ष का कार्यकाल ही शेष बचा है। ऐसे में वे चाहते हैं कि बचे हुए समय में गांव में अधिक से अधिक विकास कार्य करवाए जाएं। उन्होंने सरपंच से कहा कि यदि पंचायत को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त अनुदान नहीं मिल रहा है तो उन्हें इसकी जानकारी दी जाए। पंचों ने दावा किया कि वे अधिकारियों से मिलकर गांव के लिए अनुदान लाने में सरपंच का पूरा सहयोग करने को तैयार हैं। पहले गांव की कच्ची गलियों का लिया जायजा बैठक के बाद ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने गांव की कई गलियों का मौके पर निरीक्षण किया। इस दौरान गांव में आधा दर्जन से अधिक गलियां ऐसी मिलीं जो लंबे समय से कच्ची पड़ी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन गलियों के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन आज तक इनका समाधान नहीं हुआ। कच्ची गलियों के कारण बरसात के दिनों में लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है। कीचड़ और जलभराव के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने इन गलियों को प्राथमिकता के आधार पर पक्का करवाने की मांग की। तीन करोड़ के सामुदायिक भवन की बदहाली पर सवाल पंचायत प्रतिनिधियों ने गांव में बने करीब तीन करोड़ रुपये की लागत वाले सामुदायिक भवन की स्थिति पर भी गंभीर सवाल उठाए। ग्रामीणों के अनुसार यह भवन शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बनाया गया था, लेकिन उचित देखरेख के अभाव में इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। प्रतिनिधियों ने बताया कि भवन परिसर में जगह-जगह कंटीली झाड़ियां और घास उगी हुई है। भवन की कई खिड़कियां तथा अन्य सामान टूटे हुए हैं। उनका आरोप है कि शाम होते ही असामाजिक तत्वों और नशा करने वालों का जमावड़ा भी यहां दिखाई देता है। पंचों ने मांग की कि सामुदायिक भवन की नियमित साफ-सफाई, मरम्मत और देखरेख करवाई जाए, ताकि जिस उद्देश्य से करोड़ों रुपये खर्च करके इसका निर्माण किया गया था, उसका ग्रामीणों को वास्तविक लाभ मिल सके। गलियों पर अतिक्रमण और कूड़े से भी परेशान ग्रामीण गांव की गलियों, फिरनियों और जोहड़ों के आसपास कथित अवैध अतिक्रमण को लेकर भी पंचायत प्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई। उनका कहना है कि अतिक्रमण के कारण गांव की गलियां धीरे-धीरे संकरी होती जा रही हैं। इसके अलावा कई स्थानों पर गलियों के ऊपर ही गोबर और कूड़ा-कचरा डाला जा रहा है। इससे आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ गंदगी और बीमारियां फैलने का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों ने पंचायत से अतिक्रमण हटवाने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। स्कूल के पास गंदगी से अटे पड़े हैं दोनों जोहड़ पंचायत प्रतिनिधियों ने गांव के पश्चिमी हिस्से में स्कूल और स्टेडियम के पास स्थित दो पुराने जोहड़ों की बदहाल स्थिति भी सामने रखी। ग्रामीणों के अनुसार दोनों जोहड़ गंदगी और कूड़ा-कचरे से अटे पड़े हैं। स्थिति यह है कि इनमें पशुओं के पानी पीने लायक भी पानी नहीं बचा है। बरसात के समय जोहड़ों के आसपास से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इनके पास ही स्कूल और बच्चों का खेल मैदान है। जोहड़ों की चारदीवारी और सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों और पशुओं के जोहड़ में गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने दोनों जोहड़ों की सफाई करवाने के साथ-साथ उनके चारों ओर तारबंदी अथवा चारदीवारी करवाने की मांग की है। स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरे भी बदहाल गांव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पंचायत प्रतिनिधियों ने सवाल उठाए। उनका कहना है कि गांव की गलियों में लगी अधिकांश स्ट्रीट लाइटें या तो बंद पड़ी हैं या टूट चुकी हैं। इससे रात के समय ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं गांव की सुरक्षा के लिए पंचायत की ओर से विभिन्न स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों में से भी कई कैमरे बंद अथवा खराब बताए जा रहे हैं। पंचों का कहना है कि यदि सुरक्षा उपकरण काम नहीं करेंगे तो चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर नजर रखना मुश्किल होगा। हरिजन चौपाल की हालत भी जर्जर पंचायत प्रतिनिधियों ने गांव में बनी हरिजन चौपाल की बदहाल स्थिति को लेकर भी प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार लंबे समय से मरम्मत और देखरेख नहीं होने के कारण चौपाल परिसर में कंटीली झाड़ियां और घास उगी हुई है तथा भवन की हालत जर्जर होती जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं करवाई गई तो भवन को और नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से चौपाल की साफ-सफाई, मरम्मत और उचित रखरखाव करवाने की मांग की है, ताकि इसका उपयोग सामाजिक कार्यों के लिए किया जा सके। विकास में भेदभाव का आरोप, पंचायत में बढ़ी खींचतान बैठक के बाद पंचायत के करीब आधे पंचों का सरपंच के खिलाफ एकजुट होना गांव की राजनीति में नए समीकरण बनने के संकेत दे रहा है। पंचों ने विकास कार्यों में भेदभाव किए जाने के आरोप लगाते हुए कहा कि उनके वार्डों की समस्याओं को प्राथमिकता नहीं दी जा रही। पंचों का कहना है कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति का विरोध करना नहीं, बल्कि गांव का विकास करवाना है। उनका कहना है कि यदि पंचायत के पास धन या अनुदान की कमी है तो वे अधिकारियों के समक्ष जाकर विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करवाने में सहयोग करेंगे। आने वाले दिनों में और बढ़ सकता है विवाद गांव में पंचायत प्रतिनिधियों के बीच सामने आई यह नाराजगी आने वाले दिनों में और गहरा सकती है। सूत्रों के अनुसार यदि मौजूदा हालात इसी तरह बने रहे तो सरपंच के खिलाफ और भी पंच लामबंद हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में पंचायत के भीतर राजनीतिक खींचतान बढ़ने के साथ सरपंच की कुर्सी पर भी संकट के बादल मंडरा सकते हैं। हालांकि सरपंच पक्ष का इस पूरे मामले पर विस्तृत पक्ष सामने आना अभी बाकी है। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों की मांग है कि गांव की समस्याओं को राजनीतिक विवाद से अलग रखते हुए प्रशासन मामले में हस्तक्षेप करे और लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को जल्द शुरू करवाए।

बहल में निःशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर संपन्न, करीब 100 मरीजों ने उठाया लाभ

कमर-गर्दन, घुटनों व जोड़ों के दर्द सहित विभिन्न समस्याओं की विशेषज्ञों ने की जांच, मरीजों को दिया परामर्श पीआर फिजियो क्लिनिक में आयोजित शिविर में डॉ. पीके सांगवान सहित चिकित्सकों ने दी सेवाएं, क्षेत्रवासियों ने जनसेवा पहल की सराहना

**दैनिक समाज जागरण,
(महेन्द्र जावला बहल)**

बहल। बहल में स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनसेवा के उद्देश्य से मंगलवार को पीआर फिजियो क्लिनिक, एसबीआई बैंक के पास, झुंपा रोड पर आयोजित निःशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में करीब 100 मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच करवाई और विशेषज्ञों से निःशुल्क परामर्श लिया। शिविर के दौरान कमर, गर्दन एवं जोड़ों के दर्द, घुटनों में दर्द व जकड़न, मांसपेशियों में दर्द, खेल के दौरान लगी चोट तथा गलत तरीके से बैठने या उठने-बैठने के कारण होने वाली शारीरिक समस्याओं से परेशान लोगों को विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक सलाह दी गई। सर्जरी के बाद पुनर्वास की आवश्यकता वाले मरीजों को भी फिजियोथेरेपी से संबंधित उचित मार्गदर्शन दिया गया। मरीजों को दिया स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन शिविर में विशेषज्ञों ने मरीजों की समस्याओं को समझते हुए उन्हें फिजियोथेरेपी के महत्व तथा नियमित व्यायाम के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। शिविर में पहुंचे लोगों ने निःशुल्क जांच एवं परामर्श की सुविधा मिलने पर आयोजकों का आभार जताया। शिविर के संचालक डॉ. पीके सांगवान ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को फिजियोथेरेपी के प्रति जागरूक करना और उन्हें शारीरिक समस्याओं के लिए समय पर विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध करवाना था। उन्होंने कहा कि शिविर में करीब 100 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। चिकित्सकों ने दी सेवाएं शिविर के दौरान डॉ. पीके सांगवान, डॉ. अरुण कुमार सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उनकी समस्याओं के अनुसार आवश्यक फिजियोथेरेपी संबंधी परामर्श दिया। डॉ. सांगवान ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध करवाने के लिए इस प्रकार की जनसेवा गतिविधियां जारी रखने का प्रयास किया जाएगा।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व को समर्पित पगड़ी प्रतियोगिता 12 सितंबर को होगी

तारूआना में होगा खास गुरमत समागम, युवा पगड़ी और दुमाला साहिब प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे

समाज जागरण

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) तारूआना श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी ग्रंथी सभा, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व को समर्पित गांव तारूआना में एक खास गुरमत समागम आयोजित कर रही है। यह कार्यक्रम शनिवार, 12 सितंबर, 2026 को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक गांव तारूआना के गुरुद्वारा गुरमतसर दरबार साहिब में होगा। इस मौके पर, बच्चों और युवाओं में सिख धर्म के प्रति जोश भरने के मकसद से खास पगड़ी और दुमाला साहिब प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले विजेताओं को क्रमशः 4100 रुपये, 3100 रुपये और 2100 रुपये के इनाम दिए जाएंगे। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी ग्रंथी सभा ने संगत से अपील की है कि वे इन कॉम्पिटिशन में ज्यादा से ज्यादा बच्चों और युवाओं को शामिल करें और गुरु साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाएं। सभा ने कहा कि पगड़ी एक सिख की शान और पहचान है। इस तरह की कोशिशें युवा पीढ़ी को उनकी सिख पहचान और गुरमत से जोड़ने में अहम भूमिका निभाती हैं।

बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बहल में हवन एवं फ्रेशर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण,
(महेन्द्र जावला बहल)**

बहल, 1 सितंबर। बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बहल में नवआगंतुक विद्यार्थियों के स्वागत एवं उनके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य की मंगलकामना के लिए हवन एवं फ्रेशर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार, सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान पिलानी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस. के. सिन्हा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हवन एवं यज्ञ के साथ किया गया। हवन में संस्थान के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, सफलता एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की कामना की गई। मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई आधारित प्रौद्योगिकियां एवं प्रणालियां विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वर्तमान उपयोगिता एवं भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि आज एआई केवल कंप्यूटर एवं सॉफ्टवेयर के क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उपयोग अंतरिक्ष विज्ञान, चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवाओं, रक्षा, कृषि, शिक्षा, उद्योग, ऑटोमेशन एवं विभिन्न आधुनिक तकनीकी प्रणालियों में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि एआई किस प्रकार बड़ी मात्रा में उपलब्ध डेटा का विश्लेषण करके निर्णय लेने, समस्याओं का समाधान करने तथा जटिल कार्यों को अधिक प्रभावी एवं तेज बनाने में सहायता कर रहा है। डॉ. संजय कुमार ने विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों को सीखने, प्रयोग करने, शोध एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने तथा समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए बदलती तकनीकी दुनिया के साथ स्वयं को अपडेट रखना अत्यंत आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि एवं बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस. के. सिन्हा ने प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने इंजीनियरिंग जैसे महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठित प्रोफेशन का चुनाव कर एक सराहनीय निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि ओरिएंटेशन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को संस्थान के शैक्षणिक एवं सामाजिक वातावरण से परिचित कराना तथा उन्हें कॉलेज के पारिवारिक माहौल का अनुभव कराना है। उन्होंने विद्यार्थियों को बीआरसीएम शिक्षण समिति द्वारा संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं समाजसेवा से जुड़े कार्यों की जानकारी भी दी। डॉ. सिन्हा ने कहा कि ह्यहमारी दृष्टि एवं लक्ष्य मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करना है। यहां विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा एवं तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं विरासत से भी जोड़ा जाता है। बीआरसीएम विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इन सुविधाओं का सदुपयोग करते हुए विद्यार्थियों को एक योग्य, दक्ष, जिम्मेदार एवं नैतिक मूल्यों से युक्त इंजीनियर बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुज शर्मा ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए कॉलेज प्रबंधन, संस्थान की संरचना, विभिन्न विभागों, पाठ्यक्रमों एवं शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को विभागाध्यक्षों एवं रजिस्ट्रार सहित संस्थान के प्रमुख अधिकारियों एवं शिक्षकों से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग विज्ञान एवं तकनीक का एक उन्नत एवं निरंतर विकसित होने वाला क्षेत्र है, जिसमें विद्यार्थियों के लिए सीखने एवं आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर इनोवेटिव, क्रिएटिव एवं रिसर्च-ओरिएंटेड सोच विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में एक सफल इंजीनियर बनने के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ संचार कौशल, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का होना भी आवश्यक है।

उन्होंने विद्यार्थियों को संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जा रही प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, तकन ीकी सुविधाओं, खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर फर्स्ट ईयर इंचार्ज अमित कुमार ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कॉलेज प्रबंधन, सभी गणमान्य व्यक्तियों, फैकल्टी सदस्यों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. सुनील कुमार शुक्ला, प्राचार्य, लॉ कॉलेज, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. दिनेश कुमार, अमित कुमार, सुरेश कुमार, पवन पंघाल, रजिस्ट्रार, अमित रंजन, डॉ. रजनीश, शिवपाल श्योराण, विनोद जाखड़, संदीप लाखलाण, सहित कॉलेज के विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी एवं नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दूध के बढ़े दामों ने गरीबों की बढ़ाई मुश्किलें, भैंस का 100 तो गाय का दूध 80 रुपये लीटर

महंगाई ने तोड़ी गरीब व मजदूर परिवारों की कमर, बच्चों के लिए दूध खरीदना भी हुआ मुश्किल

समाज जागरण

कालांवली (सुरेश जोरासिया) महंगाई की मार झेल रहे गरीब और मजदूर परिवारों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब पशुपालकों द्वारा दूध के भाव बढ़ाए जाने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। क्षेत्र में भैंस का दूध करीब 100 रुपये प्रति लीटर और गाय का दूध 80 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है। दूध के बढ़े दामों को लेकर गरीब परिवारों में सख्त नाराजगी है। मजदूर परिवारों का कहना है कि रोजाना मेहनत-मजदूरी करके घर चलाना पहले ही मुश्किल हो गया है। राशन, सब्जी, दाल, तेल, गैस और अन्य जरूरी सामान के बढ़ते दामों के बीच दूध भी महंगा होने से घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। कई परिवारों के लिए बच्चों को रोजाना दूध पिलाना भी अब अतिरिक्त आर्थिक बोझ बनता जा रहा है। गरीब लोगों का कहना है कि महंगाई का सबसे ज्यादा असर उस वर्ग पर पड़ रहा है, जिसकी आमदनी सीमित है। आमदनी बढ़ने के बजाय खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि आवश्यक खाद्य पदार्थों के बढ़ते दामों पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए, ताकि गरीब और मजदूर परिवारों को राहत मिल सके।

वहीं पशुपालकों का कहना है कि पशुओं के चारे, खली, दवाइयों और देखभाल का खर्च लगातार बढ़ा है। इसी कारण दूध के दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं। हालांकि आम उपभोक्ताओं का कहना है कि महंगाई का बोझ आखिरकार गरीब की थाली पर ही पड़ रहा है।

सुरपुरा कलां में घर में घुसकर परिवार पर हमला, तीन घायल

कुल्हाड़ी, डंडों और सरियों से मारपीट का आरोप, पांच-छह अन्य लोगों सहित दो नामजद बहल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच, घायलों को भिवानी किया रेफर

**दैनिक समाज जागरण,
जिला संवाददाता भिवानी।**

बहल। सुरपुरा कलां गांव में घर में घुसकर एक परिवार के तीन सदस्यों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर बहल थाना पुलिस ने संजय पुत्र होशियार सिंह, उसकी पत्नी सुनील सहित पांच-छह अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में सुरपुरा कलां निवासी संदीप ने बताया कि 30 अगस्त की रात करीब 8 से 8:30 बजे वह अपने घर में खाना खा रहा था। इसी दौरान खेत के पड़ोसी संजय और उसकी पत्नी सुनील उनके घर पहुंचे। शिकायतकर्ता के अनुसार, सुनील के हाथ में कुल्हाड़ी और संजय के हाथ में डंडा था। दोनों ने उसके पिता राजबीर के साथ मारपीट शुरू कर दी। संदीप के अनुसार, जब उसकी मां शकुंतला बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। शोर सुनकर संदीप मौके पर पहुंचा तो संजय के पांच-छह रिश्तेदार भी कथित तौर पर कुल्हाड़ी और डंडे लेकर घर में घुस आए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने संदीप और उसकी मां के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया तथा संदीप, शकुंतला और राजबीर के साथ कुल्हाड़ी, डंडों व सरियों से मारपीट की। आरोपियों ने जाते समय परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। तीनों घायलों को किया भिवानी रेफर घटना के बाद संदीप, शकुंतला और राजबीर को सरकारी एंबुलेंस से बहल अस्पताल ले जाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीनों को भिवानी के सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार, मेडिकल रिपोर्ट में संदीप को छह, राजबीर को चार और शकुंतला को तीन चोटें दर्ज की गई हैं। पुलिस ने शिकायत और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है तथा घटना से जुड़े तथ्यों और आरोपों की जांच की जा रही है।

छब्बीस साल पुराने चोरी के मुकदमे में वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार...

विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता

मोहनलालगंज। माननीय न्यायालय में लंबे समय से पेशी पर हाजिर नहीं हो रहे वारंटी अभियुक्त को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त पप्पू पुत्र नन्हकू निवासी ग्राम देवती, थाना नगराम, उम्र करीब 55 वर्ष है।पुलिस के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ वाद संख्या 807/99 एवं अपराध संख्या 402/98 में धारा 379/411 आईपीसी के तहत मोहनलालगंज कोतवाली

में मुकदमा दर्ज था। न्यायालय की निर्धारित तिथियों पर लंबे समय से अनुपस्थित रहने के चलते न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। गैर जमानती वारंट के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर वारंटी की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने मंगलवार को अभियुक्त पप्पू को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में मोहनलालगंज पुलिस शामिल रही।

स्कूल के बाहर चार मासूमों के अपहरण का प्रयास पुलिस ने आरोपी मामा को हिरासत में लिया।

समाज जागरण

गुन्नौर । कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र स्थित डी ए म पब्लिक स्कूल के बाहर उस समय हड़कंप मच गया जब दोपहर में छुट्टी के वक्त चार मासूम बच्चों को जबरन ले जाने की कोशिश की गई स्थानीय लोगों की तत्परता और डायल 112 पुलिस की तुरंत कार्रवाई से मासूम सुरक्षित बच निकले पुलिस ने मौके से आरोपी को हिरासत मैं लेकर जाँच शुरू कर दी ग्राम गंगावास निवासी अजय पाल पुत्र छोटेलाल के अनुसार उनके चार बच्चे सुमन कक्षा चार सौरभ कक्षा तीन गौरी तथा अंशुल दोनों यूकेजी ,गुन्नौर स्थित डी ए म पब्लिक स्कूल में पढ़ते हैं मंगलवार को दोपहर लगभग 12:45 बजे स्कूल की छुट्टी होने पर चारों बच्चे गेट पर अपने चाचा का इंतजार कर रहे थे इस दौरान अजय पाल का साला जी राज पुत्र राम अवतार निवासी भगता नगला थाना सहसवान जनपद बदायूं अपने एक अज्ञात साथी और बच्चों की मां उर्मिला के साथ वहां पहुंचा जबरदस्ती खींचने पर बच्चों ने मचाया शोर अजय पाल ने पुलिस को दी तहरीर बताया कि आरोपी जी राज और उसके साथी ने बच्चों को पड़कर खींचना शुरू कर दिया और जबरदस्ती अपने साथ ले जाने लगे बच्चों की मां उर्मिला ने बच्चों से ननिहाल चलने को कहा बच्चों के इनकार करने और शोर मचाकर भागने पर बहाना आस-पास के लोग जमा हो गए डायल 112 में मौके पर पहुंचकर बच्चों को बचाया मौके पर मौजूद लोगों ने स्थिति को देखकर पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और चारों बच्चों को अपनी सुरक्षा में ले लिया पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी मामा जी राज मौके पर ही पकड़ लिया और कोतवाली को लो आई पीड़िता जयपाल का कहना है कि उनकी पत्नी पिछले लगभग पांच महीने से बच्चों को छोड़कर अपने मायके रह रही है उन्होंने आरोप लगाया कि उनके ससुराल वाले उनसे रंजिश रखते हैं और बच्चों का अपहरण कर उन्हें किसी बड़े झूठे मामले में फसाने की साजिश रच रहे थे अजय पाल ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है

क्रिटिकल मिनरल्स में छत्तीसगढ़ की बढ़ी भूमिका

खान मंत्रालय ने आज रायपुर, छत्तीसगढ़ में क्रिटिकल एवं स्ट्रैटेजिक मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी के आठवें चरण के लिए एक रोड शो का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे शामिल हुए। आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू और सीएमडीसी के अध्यक्ष श्री सौरभ सिंह भी वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के साथ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के समृद्ध खनिज संसाधनों और भारत के खनन तथा औद्योगिक विकास में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने अधिक निवेश, खनिज संसाधनों के तेजी से विकास और केंद्र तथा राज्य के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से राज्य की खनिज क्षमताओं का पूरा उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया।

नॉन-परफॉर्मर खंडेलवाल, उल्टी पड़ रही हर चाल!

प्रदेश भाजपा की कार्यशैली पर उठे सवाल, दतिया की हार से लेकर संगठनात्मक फैसलों तक घिरे प्रदेश अध्यक्ष

समाज जागरण,

जबलपुर। मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की कार्यशैली को लेकर पार्टी के भीतर और राजनीतिक गलियारों में सवाल उठने लगे हैं। ओरछा में हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के बाद संगठन की दिशा और नेतृत्व क्षमता को लेकर चर्चा तेज है। आलोचकों का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में खंडेलवाल अब तक अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। खंडेलवाल की व्यक्तिगत छवि सरल और सहज नेता की रही है, लेकिन संगठनात्मक फैसलों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। प्रदेश कार्यकारिणी के गठन में वरिष्ठता और अनुभव की जगह व्यक्तिगत पसंद को प्राथमिकता देने के आरोप लगे हैं। दतिया में भाजपा की हार ने प्रदेश नेतृत्व की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। चुनाव से पहले जिला संगठन के पदाधिकारियों के इस्तीफे स्वीकार नहीं किए गए, जबकि परिणाम के बाद पूरी जिला इकाई भंग कर दी गई। ऐसे में चुनाव प्रभारियों की जवाबदेही को लेकर भी सवाल उठे हैं। मीडिया प्रभारी का पद खाली होने और वैकल्पिक व्यवस्था में देरी को भी नेतृत्व की रणनीतिक कमजोरी से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार आठ से दस जिलाध्यक्षों को नॉन-परफॉर्मर मानकर बदलाव की तैयारी है। अब आगामी नगरीय निकाय चुनाव खंडेलवाल के नेतृत्व की बड़ी परीक्षा होंगे। संगठन का प्रदर्शन ही उनके कार्यकाल का वास्तविक रिपोर्ट कार्ड तय करेगा।

दीवानी के परिवार न्यायालय में बिजली करंट उतरने से हड़कंप

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। दीवानी न्यायालय के फैमिली कोर्ट परिसर में बिजली का करंट उतरने की समस्या सामने आने से हड़कंप मच गया।बताया जा रहा है कि पुरानी बिल्डिंग और जर्जर विद्युत तारों के कारण कहीं से करंट लीक होने तथा लगातार हो रही बारिश के चलते दीवारों में करंट उतर रहा है।सुरक्षा के मद्देनजर परिवार न्यायालय में आज सभी मुकदमों में जनरल डेट लगा दी गई है।बिजली कर्मियों और नाजिर द्वारा फॉल्ट की जांच कर उसे दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है।सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री आशीष कुमार सिंह ने बताया कि विद्युत समस्या को जल्द ठीक कर लिया जाएगा और कल से न्यायालय का कामकाज सुचारू रूप से शुरू होने की उम्मीद है।

पेट्रोल में मिलावट का आरोप में बाइक चालकों में आक्रोश

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। जिला मुख्यालय से चंद कदम की दूरी पर पेट्रोलियम की लापरवाही का मामला सामने आने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि वरुणा पुल के पास स्थित पेट्रोल पंप से पेट्रोल भराने के बाद कई लोगों के वाहनों में तकनीकी दिक्कत आने लगी।

वाहन चालकों के अनुसार, बाइक में पेट्रोल भराने के बाद वाहन चलने में परेशानी होने लगी। जब लोगों ने अपनी बाइक मिस्त्री को दिखाई तो जांच के दौरान पेट्रोल में पानी और केमिकल जैसे पदार्थ होने की बात सामने आने का दावा किया गया। मिस्त्री ने लोगों को बताया कि समस्या पेट्रोल में मिलावट या पानी की वजह से हो सकती है।

मामले की जानकारी होने के बाद वाहन चालकों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने पेट्रोल पंप की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इसका विरोध किया और जिम्मेदार अधिकारियों से मामले की जांच कराने की मांग की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पेट्रोल में पानी या किसी अन्य पदार्थ की मिलावट की पुष्टि होती है तो इससे वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ वाहनों को भी नुकसान पहुंच सकता है।

कच्चा मकान गिरने से दो बकरियां मरी

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में सोमवार देर रात लगातार बारिश के कारण एक कच्चा मकान गिर गया। मकान गिरने से उसमें रखा गृहस्थी का सारा सामान मलबे में दबकर खराब हो गया। इस हादसे में मलबे में दबने से दो बकरियों की भी मौत हो गई।अर्जुनपुर गांव की रहने वाली रीता देवी पत्नी शिवशंकर का कच्चा मकान कई दिनों से हो रही बारिश के कारण कमजोर हो गया था। सोमवार देर रात यह अचानक ढह गया।मकान गिरने से घर का सारा सामान मलबे में दब गया। इससे परिवार को नुकसान हुआ है। मकान के पास बंधी दो बकरियां भी मलबे की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौत हो गई।

मकान गिरने की खबर मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने मलबा हटाकर गृहस्थी का सामान निकालने की कोशिश की।पीड़ित रीता देवी ने प्रशासन से मांग की है कि उनके नुकसान का जायजा लिया जाए। साथ ही उन्हें उचित मुआवजा और आर्थिक मदद दी जाए।

उदय नारायण राय के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे मन्नू अंसारी

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के मोहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के गोंडी निवासी उदय नारायण राय उम्र 70 वर्ष का हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया है।शोक संवेदना प्रकट करने वाले लोगों का पहुंचने का क्रम जारी है। मोहम्मदाबाद विधायक

मन्नू अंसारी, भाजपा किसान मोर्चा गाजीपुर अध्यक्ष कृष्णानंद राय, मेरठ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मयंक राय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय से डॉ गौरव राय, असिटेंट कमिश्नर सेल टैक्स नोएडा प्रशांत राय, एपीओ मऊ प्रशांत राय, जोगा निवासी जेपी राय, जोगा निवासी राजेश राय, क्षेत्र पंचायत सदस्य जोगा गोलू श्रीवास्तव, मऊ से सांसद घोसी प्रतिनिधि प्रभात राय, संतोष राय, आशुतोष शाही, अमित सिंह, सुधीर सिंह , जहूराबाद सपा नेता आशीष विद्यार्थी, सैदपुर से इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रत्याशी अजीत विधायक, समेत ढेर सारे लोगों ने गोंडी पहुंच कर स्व०राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा परिजनों से मिले कर शोक संवेदना प्रकट किया।

काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता के दूसरे चरण का आयोजन

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। काशी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पलह पर जिला वाराणसी के तत्वाधान में काशी ज्ञान प्रतियोगिता के द्वितीय चरण विकासखंड स्तर पर सिल्वर ग्रो स्कूल ऊपरवार सेवापुरी में आयोजित किए गए। प्रतियोगिता का आरंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा पंकज कुमार सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा यह प्रतियोगिता अपने अविनाशी काशी के जानने का सुनहरा मौका है। यह प्रतियोगिता तीन स्तर पर आयोजित हुए कक्षा 1 से 8,कक्षा 9 से 12 और सामान्यजन के लिए आयोजित किए गए। आज के प्रतियोगिता में अपने विद्यालय एवं ग्राम सभा में प्रथम चरण के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले के बीच में आयोजित किए। आज के परीक्षा में कक्षा 8 तक के 150, कक्षा 9 से 12 में 40 एवं आमजन 40 प्रतिभागियों ने प्रतिभा किये। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक से आठ वर्ग में अनादि मिश्रा सिल्वर ग्रो स्कूल ने प्रथम स्थान, शिवम

पटेल प्राथमिक विद्यालय अमानी ने द्वितीय स्थान, स्नेहा कुशवाहा चंद्रप्रभा पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान किया। कक्षा 9 से 12 में मानव दुबे चंद्रप्रभा पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान, रिया दुबे जनता इंटर कालेज ने द्वितीय स्थान, रौनक खान प्रोजेक्ट माला तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर सामान्य जन में भास्कर शुक्ल शिक्षक प्राथमिक विद्यालय बसूहान प्रथम स्थान, अभिषेक सिंह सिल्वर ग्रुप स्कूल के द्वितीय स्थान इरफान अली शिक्षक कंपोजिट विद्यालय पूरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह सभी विजेता प्रतिभागी 3 सितंबर को संत अटलानंद कन्वेंट स्कूल कोईराजपुर में विकासखंड सेवापुरी की ओर से काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता के अंतिम चरण में प्रतिभा करेंगे इस संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन नोडल शिक्षक संकुल आनंद दुबे ने किया।

ज्योतिष और आयुर्वेद के समन्वय से बनता है जीवनोपयोगी ज्ञान : आचार्य डॉ. एच एस. रावत

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। काशी ज्योतिष संस्थान के तत्वावधान में मंगलवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय स्थित आयुर्वेद संग्रहालय के सभागार में काशी ज्योतिष महोत्सव आयुर्ज्योतिष - 2026 का आयोजन किया गया। देश के विभिन्न प्रदेशों से आए सैकड़ों ज्योतिष एवं आयुर्वेद के विद्वानों ने इसमें भाग लेकर विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे।

मुख्य अतिथि ज्योतिष जगत के सूर्य कहे जाने वाले डॉ.एच एस. रावत ने ऋतु परिवर्तन तथा ग्रहों के प्रभाव से होने वाली बीमारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पूरा संसार ग्रहों के अधीन चलता है। किस ग्रह के प्रभाव से भूलने की बीमारी होती है और ग्रहों का गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य पर किस प्रकार प्रभाव पड़ता है, इस पर उन्होंने विस्तार से प्रकाश डाला।

काशी विद्यापीठ के प्रो. पीतांबर ने बाबा विश्वनाथ और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय को नमन करते हुए ज्योतिष, आयुर्वेद एवं वेदों के महत्व पर प्रकाश डाला। नेपाल से आए सुरेश राजगिरी ने कहा कि अच्छा ज्योतिषी बनने के लिए पहले अच्छा साधक बनना जरूरी है। पटना से आये आचार्य शैलेश कुमार ने उपस्थित सभी विद्वतजनों के बीच अपना बिचार साझा किए ।

द्विवेदी ने कहा कि आयुर्वेद एक वेद है, जो सत्य से सत्य और अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने का मार्ग दिखाता है। मिथिलांचल के वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने पर्यावरण संतुलन के लिए ग्रह-नक्षत्र के अनुसार पौधरोपण का आह्वान किया और 27 नक्षत्रों से संबंधित वृक्षों की जानकारी दी।आचार्य दिलीप ने कहा कि ग्रहों के आधार पर वृक्ष लगाकर उनके प्रभाव को कम किया जा सकता है। उज्जैन की अर्चना शर्मा ने भी ज्योतिषी के लिए साधक होना जरूरी बताया। मां मैहर धाम से आए आचार्य डॉ. राकेश शुक्ला ने कहा कि जिस प्रकार ज्योतिष में पंचांग का महत्व है, उसी प्रकार ज्योतिष और आयुर्वेद का मिलन अमृत के समान है। त्यागी बाबा ने तंत्र, मंत्र और यंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय के सर्वेश्वर जी, मीता दीदी, प्रो. के एन मूर्ति, प्रो. अनिल कुमार सिंह, गोस्वामी जी, सी एस पाण्डेय, विनोद शंकर पाण्डेय सहित अन्य विद्वानों ने विचार व्यक्त किए। सभी विद्वानों का गौरव जी द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में संतोष भार्गव का विशेष योगदान रहा। आयोजक आचार्य डॉ. अंजन ने सभी अतिथियों एवं विद्वानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्रीमती बिन्दू राय के निधन पर अभिनव सिन्हा ने जताया शोक

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के रेवतीपुर ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल की मां श्रीमती बिन्दू राय पत्नी श्री रमेश चन्द्र राय का निधन 26 अगस्त बुधवार को हो गया।

इस समय आपके गाजीपुर सिद्धेश्वर नगर कालोनी स्थित आवास पर लोगों के पहुंचने एवं शोक संवेदना प्रकट करने का तांता लगा हुआ है। जम्मू कश्मीर के एल जी मनोज सिन्हा के सुपुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता अभिनव सिन्हा ने पहुंचकर स्व0 बिन्दू राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं परिजनों से मिल

कर शोक संवेदना प्रकट किया। रेवतीपुर ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने बताया की श्रद्धांजलि सभा एवं ब्रह्मभोज का आयोजन 6 सितंबर दिन रविवार को 11बजे से आयोजित किया गया है। समस्त कार्यक्रम सिद्धेश्वर नगर कालोनी गाजीपुर से सम्पन्न किया जाएगा।

अभिभावक-शिक्षक बैठक के दूसरे दिवस के अवसर पर भव्य राज्य मेले का हुआ आयोजन

समाज जागरण

चन्दौसी। एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में कक्षा प्रथम से पांचवीं तक के विद्यार्थियों की दो दिवसीय अभिभावक-शिक्षक बैठक के दूसरे दिवस के अवसर पर भव्य राज्य मेले का आयोजन किया गया।

राज्य मेले के दूसरे दिवस में भी विद्यालय परिसर भारत की विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं, कला, खान-पान, नृत्य एवं ऐतिहासिक धरोहरों के रंगों से सजा हुआ नजर आया। कार्यक्रम को देखने के लिए अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं उत्सुकता देखने को मिली।

राज्य मेले का उद्देश्य बच्चों को भारत की ह्लविविधता में एकताह्व की भावना से परिचित कराना तथा देश के विभिन्न राज्यों की समृद्ध संस्कृति और विरासत को रचनात्मक एवं रोचक तरीके से समझाना था। विद्यालय में विभिन्न राज्यों को उनकी विशिष्ट संस्कृति के अनुरूप आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित विभिन्न राज्यों की पहचान उनके पारंपरिक भोजन,

प्रसिद्ध स्मारकों, लोकनृत्य, वेशभूषा, कला एवं कलाकृतियों के माध्यम से प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि भारत की संस्कृति अत्यंत विविध एवं समृद्ध है। भारत की सांस्कृतिक विरासत में सामाजिक मानदंड, नैतिक मूल्य, पारंपरिक परंपराएं, विश्वास प्रणालियां, कला, वास्तुकला, संगीत, नृत्य, भोजन और रीति-रिवाजों का विशेष स्थान है। देश के अलग-अलग राज्यों में भाषा, खान-पान, वेशभूषा, रहन-सहन और परंपराएं भले ही अलग-अलग हैं, लेकिन इन सभी विविधताओं के बीच भारत की एकता और भाईचारे की भावना मजबूत दिखाई देती है।

एबीसी किड्स मांटेसरी में आयोजित राज्य मेले में विद्यार्थियों और शिक्षिकाओं द्वारा की गई मेहनत साफ दिखाई दी। प्रत्येक राज्य को उसकी विशेष पहचान के अनुरूप सजाया गया था। कहीं पारंपरिक भोजन आकर्षण का केंद्र रहा तो कहीं प्रसिद्ध स्मारकों और लोकनृत्यों ने अभिभावकों का ध्यान खींचा। रंग-बिरंगी सजावट, पारंपरिक कलाकृतियों और विभिन्न राज्यों की विशेषताओं ने पूरे विद्यालय परिसर को एक छोटे से भारत का रूप प्रदान कर दिया।

अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान अभिभावकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, गतिविधियों एवं उनके सर्वांगीण विकास के संबंध में शिक्षिकाओं से संवाद किया। इस दौरान अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के शिक्षण, अनुशासन, रचनात्मक गतिविधियों एवं राज्य मेले की तैयारियों में किए गए परिश्रम की भी खूब सराहना की।

अभिभावकों ने कहा कि बच्चों के लिए इस प्रकार के आयोजन कराने से उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता, टीम भावना तथा अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में अपूर्वा अग्रवाल और पवित्रा मुख्य अतिथि रही।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम को प्रिया, शालू, काजल, सिल्की, दीपिका, दीपा, निशा, सोनल, सरिता, रूपाली, संतोष, वंशिका, शिल्पा, मंतशा, हुमा, लक्षिता, दिया, अर्शी, रक्षा दीक्षा इशिता मनप्रीत अंकिता आदि अध्यापिकाओं ने कार्यक्रम की तैयारियों एवं आयोजन में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। एबीसी किड्स मांटेसरी द्वारा आयोजित यह राज्य मेला बच्चों को भारत की विविध संस्कृति, परंपराओं और विरासत से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि भारत की अनेकता ही उसकी खूबसूरती है ।

सेतु पुल के किनारे पेड़ गिरने से आवागमन बाधित

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। रामेश्वर स्थित वरुणा नदी पर बने शिव सेतु पुल के एप्रोच मार्ग पर एक विशाल पेड़ गिर गया। लगातार हो रही बारिश और तेज हवा के कारण यह घटना हुई, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।यह विशाल पीपल का पेड़ जड़ सहित उखड़कर एप्रोच मार्ग पर आ गिरा। सुबह जब ग्रामीणों ने इसे देखा तो मार्ग पूरी तरह बंद था। रामेश्वर महादेव मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को एक किलोमीटर दूर घूम कर जाना पड़ा।यह शिव सेतु पुल अंग्रेजी हुकूमत के समय का बना हुआ है और अपनी मजबूती के लिए जाना जाता है। हालांकि, एप्रोच मार्ग की देखरेख न होने के कारण किनारे खड़े जर्जर पेड़ हादसों को न्योता दे

रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने वन विभाग और पीडब्ल्यूडी को सूचना दी, लेकिन मौके पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। बाद में पुलिस को सूचना मिलने पर बैरियर लगाकर आवागमन नियंत्रित किया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि पुल के दूसरे तरफ कई पेड़ सूखकर जर्जर हो चुके हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐतिहासिक पुल के एप्रोच मार्ग की मरम्मत और जर्जर पेड़ों की कटाई कराने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

बाढ़ प्रभावित किसानों को सरकार राहत प्रदान करें ताकि मिल सके सहुलियत

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक के वरुणा तटीय क्षेत्रों में बाढ़ के चलते किसानों की तटीय फसल डूब जाने से किसानों के सामने भविष्य को लेकर समस्या उतपन्न हो गई है वहीं पशुओं को लेकर चारे की समस्या और लगातार बरसात से पशुओं के आवास की समस्या उतपन्न हो गई है।

जिला ग्राम संघ के जिलामहामंत्री मधुवन यादव व वरिष्ठ ,सक्रिय प्रधान व समाजसेवी दीपक चौहान ने आज कोइराजपुर ,अनौरा , गोसाईपुर,भगतुपुर ,करोमा , गहरवारपुरऔसानपुर ,चक्का गांवों का सक्रिय प्रधानों व प्रतिनिधियों के साथ दौरा किया। मधुवन यादव व दीपक चौहान के अनुसार वरुणा नदी के किनारे लगे सभी फसल तिल ,उतैला ,धान ,बाजरा समेत सब्जियों के फसल डूब कर बर्बाद हो गए। सब्जियों से रोज आय होने का रास्ता बंद होने ,पशुओं के चारे व लगातार बरसात से आवास की समस्या से किसान परेशान हैं। शासन व जिला प्रशासन किसानों के आये संकट से उबारने के लिए आर्थिक सहयोग की अत्यंत आवश्यकता है।किसानों को तत्कालिक सहुलियत प्रदान करें।

बाढ़ क्षेत्र का दौरा करने वालों में प्रमुख रूप से मधुवन यादव, दीपक चौहान,प्रधान प्रतिनिधि राजनारायण पटेल, भगत यादव ,बांके लाल कन्नौजिया , प्रधान आशीष राजभर ,मोदी यादव ,बंशराज यादव, सोनू प्रसाद ,अनवर उर्फ 'अन्नू' सहित सम्बंधित क्षेत्र के बीडीसी शामिल रहे।

कमलेश अपनी सेवा के दौरान पुरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किये है-पुर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण

गाजीपुर-बाराचंवर ब्लॉक मुख्यालय के सभागार मे पशु चिकित्सा विभाग से सेवानिवृत हुए वेटरनरी फार्मासिस्ट डा०अरविंद यादव कमलेश का विदाई समारोह धूमधाम के साथ सोमवार के दिन मनाया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व गृह राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह ने कहा कि कमलेश ने अपने पूरे सेवाकाल के दौरान बिना किसी भेदभाव के पूरी मेहनत लगन और ईमानदारी के साथ पशु चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा करने का कार्य किया है। अपने कार्यकाल के दौरान ईमानदारी को अपनाते हुए बिना किसी भेदभाव के जो भी पशु चिकित्सा के लिए इनके यहां आया इन्होंने पूरी ईमानदारी और मेहनत से उसकी सेवा की।

समाज में ऐसे बहुत कम लोग मिलते हैं जो पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कार्य क्षेत्र में सेवा देते हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री ने उनके उज्जवल भविष्य के कामना की।

बाराचंवर ब्लॉक मुख्यालय स्थित राजकीय पशु चिकित्सा केंद्र पर तैनात वेटरिनरी फार्मासिस्ट डा०अरविंद कुमार सिंह यादव कमलेश विभाग में 33 वर्ष सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होने पर उनके सम्मान में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान कमलेश यादव ने भावुक मन से अपने बीते पलों को याद करते हुए कहा कि यह सभी के प्रेम और आशीर्वाद तथा सहयोग की देन है कि मैं अपना पूरा कार्यकाल एक जगह पर पूरा किया, यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है। इस अवसर पर डा0अरविंद यादव कमलेश को गीता,साल,गमछा,और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाउपाध्यक्ष प०श्यामराज तिवारी, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री कृष्णानंद राय, डॉ रामाश्रय सिंह,पुर्व प्रधान मुरलीधर सिंह,भाजपा नेता नन्दलाल सिंह,सुधीर कुमार सिंह, यशवंत सिंह, प्रसून सिंह, देवेंद्र सिंह, दीपक सिंह, मण्डल अध्यक्ष बिपिन बिहारी सिंह टुनटुन,देवा सिंह, विश्राम यादव,डा० कृष्णा यादव जगदीश सिंह यादव,चतुर्भुज सिंह,अनिल यादव,सपा ब्लाक प्रभारी राधेश्याम यादव,अंगद यादव,ग्रामप्रधान रामकृत राजभर,दीपक पासवान,मण्डल महामंत्री विजयनारायण शर्मा प्रधानसंघ अध्यक्ष योगेन्द्र पाल आदि रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख ब्रजेन्द्र सिंह ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन शिवाजी सिंह ने किया।

श्रीमती बिन्दू राय के निधन पर अभिनव सिन्हा ने जताया शोक

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के रेवतीपुर ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल की मां श्रीमती बिन्दू राय पत्नी श्री रमेश चन्द्र राय का निधन 26 अगस्त बुधवार को हो गया।

इस समय आपके गाजीपुर सिद्धेश्वर नगर कालोनी स्थित आवास पर लोगों के पहुंचने एवं शोक संवेदना प्रकट करने का तांता लगा हुआ है। जम्मू कश्मीर के एल जी मनोज सिन्हा के सुपुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता अभिनव सिन्हा ने पहुंचकर स्व0 बिन्दू राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं परिजनों से मिल

कर शोक संवेदना प्रकट किया। रेवतीपुर ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने बताया की श्रद्धांजलि सभा एवं ब्रह्मभोज का आयोजन 6 सितंबर दिन रविवार को 11बजे से आयोजित किया गया है। समस्त कार्यक्रम सिद्धेश्वर नगर कालोनी गाजीपुर से सम्पन्न किया जाएगा।

मीरजापुर के राजगढ़ में बारिश का कहर, कई कच्चे मकान गिरे

गृहस्थी का सामान दबा, किसानों को हजारों रुपये का नुकसान,पशुओं के सामने भी संकट उत्पन्न

समाज जागरण

मीरजापुर/ विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के धनसीरिया ग्राम पंचायत के नौडिहवा मे लगातार हो रही बारिश के चलते राजगढ़ क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर कच्चे मकान गिरने से ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। मकान गिरने से घर में रखा गृहस्थी का सामान, अनाज, बिस्तर समेत अन्य जरूरी सामान मलबे में दब गया, जिससे किसानों को हजारों रुपये की क्षति हुई है।राजगढ़ क्षेत्र के धनसीरिया ग्राम सभा नौडिहवा गांव के मुकेश सोनी का कच्चा मकान बारिश के चलते अचानक गिर गया। मकान के मलबे में घर में रखा अनाज, बिस्तर और अन्य गृहस्थी का सामान दब गया। हादसे के बाद परिवार के सामने रहने और सामान सुरक्षित रखने की समस्या खड़ी हो गई है।

वहीं निरंजन सिंह हरिराम और पप्पू सिंह का भी कच्चा मकान गिरने से परेशानी बढ़ गई है।टिन शेड लगाकर पशुओं को सुरक्षित करने में लगे हुए हैं। मकान में रहने वाले पशुओं के लिए भी संकट पैदा हो गया है। बारिश के बीच कच्चे मकान के गिरने से पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए ग्रामीणों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से कच्चे मकानों से हुए नुकसान का सर्वे कराकर पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि बारिश से प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।

बारिश से कच्चे मकान गिरे, अब तक नही पहुँचे लेखपाल

ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक लेखपाल द्वारा मौके पर पहुंचकर सर्वे नहीं कराया गया है, जिसके कारण किसानों की वास्तविक क्षति का आकलन नहीं हो पाया है। मकान गिरने के बाद प्रभावित किसान और उनके परिवार बारिश से बचने के लिए तिरपाल लगाकर रहने को मजबूर हैं।पीड़ित किसानों मुकेश सोनी, निरंजन, हरिराम ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मौके पर सर्वे कराकर क्षति का आकलन किया जाए और सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि बारिश के इस संकट में उन्हें राहत मिल सके।

जिलाधिकारी के निर्देश पर सम्भल में अवैध कब्जों के विरुद्ध अभियान जारी

समाज जागरण

बहजोई।जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा जनपद में चकमार्गों, तालाबों एवं सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा जनपद में 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची तैयार करने तथा ऐसे तालाबों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इसी क्रम मे उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र के निर्देशन में नायब तहसीलदार शुभम के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा ग्राम रामनगर में कार्रवाई करते हुए चकमार्ग गाटा संख्या 174 को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि जनपद में तालाबों, चकमार्गों एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करने तथा अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिला प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि एवं सार्वजनिक उपयोग की परिसंपत्तियों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

सहयोग सेल पर सवाल: जनसुनवाई जिला कार्यालय में या जनता के द्वार?

बिजुरी से 55, पसान से 35, कोतमा से 40, राजेंद्रग्राम से 70 और अमरकंटक से करीब 100 किलोमीटर दूर है जिला मुख्यालय

समाज जागरण

जमुना कोतमा अनूपपुर भाजपा जिला संगठन द्वारा जनता एवं कार्यकताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शुरू किए गए सहयोग सेल को लेकर जहां संगठन इसे जनहित की पहल बता रहा है, वहीं अब इसकी कार्यप्रणाली को लेकर एक अहम सवाल भी खड़ा हो गया है– क्या वास्तव में दूर-दराज की जनता अपनी समस्याएं लेकर जिला मुख्यालय अनूपपुर तक पहुंच पाएगी? मंगलवार, 1 सितंबर 2026 को भाजपा जिला कार्यालय अनूपपुर में सहयोग सेल की शुरूआत मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल, नगर पालिका परिषद कोतमा अध्यक्ष अजय सराफ एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र भट्ट की मौजूदगी में हुई। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सुनी गईं तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा भी की गई। भाजपा संगठन ने निर्णय लिया है कि सहयोग सेल में प्राप्त

शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को भाजपा कार्यालय से पत्राचार किया जाएगा और कार्रवाई की जानकारी भी मांगी जाएगी। उद्देश्य निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन जनता तक इस व्यवस्था की पहुंच और जन प्रतिनिधियों की जवाबदेही को लेकर गंभीर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। क्या हर फरियादी 100 किलोमीटर का सफर तय करेगा? जमुना कोतमा अनूपपुर जिला मुख्यालय से बिजुरी करीब 55 किलोमीटर, पसान करीब 35 किलोमीटर, कोतमा करीब 40 किलोमीटर, राजेंद्रग्राम करीब 70 किलोमीटर और अमरकंटक करीब 100 किलोमीटर दूर है। ऐसे में सवाल यह है कि इन क्षेत्रों के ग्रामीण, बुजुर्ग, महिलाएं और आर्थिक रूप से कमजोर लोग अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय तक बार-बार कैसे पहुंचेंगे? विशेषकर भारी बारिश के मौसम में इतनी दूरी तय करना आम नागरिकों के लिए आसान नहीं है। आने-जाने का खर्च, समय और अन्य परेशानियां भी किसी फरियादी के लिए कम चुनौती नहीं हैं। ऐसे में यदि जनसुनवाई का उद्देश्य वास्तव में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है तो व्यवस्था को जिला मुख्यालय तक सीमित रखना कितना प्रभावी होगा, यह विचारणीय विषय है। जन प्रतिनिधियों से सीधी मांग–जनता तक पहुंचाएं जनसुनवाई क्षेत्र की जनता की मांग है कि सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि निर्धारित दिवसों पर स्वयं अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर जनसुनवाई करें। एक दिन कोतमा, एक दिन पसान, एक दिन बिजुरी, एक दिन राजेंद्रग्राम और एक दिन अमरकंटक में जनसुनवाई आयोजित की जाए। संबंधित अधिकारियों को भी मौके पर उपस्थित कराया जाए, ताकि शिकायतें केवल दर्ज न हों बल्कि उनके निराकरण की प्रक्रिया भी वहीं से शुरू हो। यदि जनप्रतिनिधि वास्तव में जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हैं तो उन्हें यह पहल स्वयं करनी चाहिए। आखिर लोकतंत्र में जनता जनप्रतिनिधियों तक पहुंचे या जनप्रतिनिधि जनता तक–इसका फैसला कौन करेगा? सिर्फ सुनवाई नहीं, समाधान भी चाहिए सहयोग सेल में कितनी शिकायतें आईं, यह महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह होगा कि कितनी शिकायतों का समयसीमा में समाधान हुआ। जनसुनवाई की सफलता का पैमाना भाजपा कार्यालय में जुटने वाली भीड़ या कार्यकताओं की उपस्थिति नहीं, बल्कि दूरस्थ गांवों के उस आम नागरिक की समस्या का समाधान होना चाहिए, जो सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते थक चुका है। जनता का सवाल साफ है–जब सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि जनता के वोट से चुने गए हैं, तो फिर समस्याएं लेकर जनता ही उनके कार्यालय तक क्यों दौड़े?

क्या जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही यह नहीं बनती कि वे स्वयं जनता के बीच जाएं? अब भाजपा संगठन और जिले के सांसद-विधायकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि सहयोग सेल को केवल जिला कार्यालय की चारदीवारी तक सीमित रखा जाता है या इसे कोतमा, पसान, बिजुरी, राजेंद्रग्राम और अमरकंटक तक पहुंचाकर वास्तव में जनता का सहयोग सेल बनाया जाता है सवाल भाजपा से भी है और सत्ता से भी– जनसुनवाई जनता के दरवाजे तक कब पहुंचेगी?

पुलिस प्रशासन ने किया जन चौपाल का आयोजन

समाज जागरण विजय तिवारी

सीधी। 31/8/2026 को जिला पुलिस सीधी द्वारा आयोजित जन चौपाल - आपकी पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत थाना चुरहट में ग्राम पंचायत भवन कपुरी बघेलान में सायं 05:00 बजे से जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण, पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना तथा जनता और पुलिस के मध्य विश्वास एवं सहयोग को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी थाना प्रभारी चुरहट रीता त्रिपाठी सहायक उपनिरीक्षक अमोल सिंह द्वारा उपस्थित ग्रामीणजनों को पुलिस विभाग द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं, महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्यवाही, साइबर अपराधों से बचाव, नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस की भूमिका के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे निर्भीक होकर अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव पुलिस के समक्ष प्रस्तुत करें। उक्त जन चौपाल कार्यक्रम में थाना चुरहट के पुलिस स्टाफ और ग्राम कपुरी के सरपंच, प्रतिनिधि ,थाना क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी , महिलाएं बच्चे और अन्य सम्मानित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 100 ग्रामीणजन सम्मिलित हुए। थाना चुरहट पुलिस द्वारा आमजन को आश्वस्त किया गया कि आपकी सुरक्षा - हमारा संकल्प के तहत पुलिस सदैव जनता के साथ खड़ी है। आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण, पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना तथा जनता और पुलिस के मध्य विश्वास एवं सहयोग को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित ग्रामीणजनों को पुलिस विभाग द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं, महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्यवाही, साइबर अपराधों से बचाव, नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस की भूमिका के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे निर्भीक होकर अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव पुलिस के समक्ष प्रस्तुत करें।कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

मंत्री दिलीप जायसवाल के सहयोग, अध्यक्ष साहबीन पनिका की सक्रियता और सीएमओ पवन साहू की मेहनत से बदल रही बिजुरी की तस्वीर

समाज जागरण बिजुरी।

किसी भी शहर की तस्वीर सिर्फ बड़ी-बड़ी योजनाओं से नहीं बद लती, बल्कि उसके लिए राज नीतिक इच्छाशक्ति, जन प्रति निधियों की सक्रियता और प्रशासनिक स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत होती है। बिजुरी नगर में पिछले समय से विकास कार्यों को जिस तरह गति मिली है, उसे इसी बदलाव की कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। नगर विकास में मंत्री दिलीप जायसवाल के सहयोग, नगर पालिका अध्यक्ष साहबीन पनिका की सक्रियता और मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन साहू की प्रशासनिक कार्यशैली की भूमिका चर्चा में है।

नगर पालिका अध्यक्ष का दायित्व संभालने के बाद साहबीन पनिका द्वारा नगर की मूलभूत समस्याओं और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं सीएमओ पवन साहू प्रशासनिक स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय और विकास कार्यों की निगरानी को लेकर सक्रिय नजर आ रहे हैं। इन प्रयासों को मंत्री दिलीप जायसवाल के सहयोग और मार्गदर्शन से भी मजबूती मिलने की बात कही जा रही है। मूलभूत सुविधाओं पर फोकस बिजुरी नगर में सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट एवं प्रकाश व्यवस्था, सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम विकास, कब्रिस्तान विकास, तालाब सौंदर्यी करण सहित विभिन्न विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। नगर के अलग-अलग वार्डों में नागरिकों की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े कार्यों पर जोर दिया जा रहा है। विकास कार्यों का उद्देश्य केवल निर्माण तक सीमित न रहकर नगर को अधिक व्यवस्थित और सुविधायुक्त बनाना बताया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों के विकास के साथ नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में भी काम किए जा रहे हैं। केवाई नदी नल-जल परियोजना से पेयजल व्यवस्था को उम्मीद बिजुरी जैसे नगर में पेयजल व्यवस्था सबसे अहम मुद्दों में शामिल है। ऐसे में केवाई नदी नल-जल परियोजना को भविष्य की जलापूर्ति व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। परियोजना के माध्यम से नगरवासियों को नियमित और बेहतर पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। पेयजल जैसी बुनियादी आवश्यकता को प्राथ मिकता देना इस बात का संकेत माना

जा रहा है कि नगर विकास में नागरिकों की वास्तविक जरूरतों को भी केंद्र में रखा जा रहा है। सौंदर्यीकरण के साथ बढ़ रही नागरिक सुविधाएं बिजुरी में विकास का दायरा अब सड़क और नाली निर्माण तक सीमित नहीं दिखाई दे रहा। तालाबों के सौंदर्यीकरण, पार्कों के विकास, सार्वजनिक स्थलों के कायाकल्प के साथ वाटर पार्क, स्विमिंग पूल जैसी सुविधाओं से जुड़े कार्य भी नगर के विकास की नई तस्वीर पेश कर रहे हैं। सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए विवाह घर तथा पशुओं के संरक्षण के लिए गौशाला जैसे कार्य भी नगर के समग्र विकास की सोच को दर्शाते हैं। मंत्री दिलीप जायसवाल के सहयोग से विकास को मिल रही दिशा बिजुरी क्षेत्र के विकास में मंत्री दिलीप जायसवाल के सहयोग को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्थानीय स्तर पर विकास से जुड़े कार्यों और आवश्यकताओं को शासन स्तर तक पहुंचाने तथा उन्हें आगे बढ़ाने में मंत्री के सहयोग की चर्चा है। नगरवासियों का मानना है कि यदि स्थानीय निकाय को शासन और जनप्रतिनिधियों का निरंतर सहयोग मिलता रहे तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रशासनिक स्तर पर होता रहे, तो बिजुरी में विकास की गति और तेज हो सकती है। अध्यक्ष और सीएमओ के तालमेल से योजनाओं को मिल रहा अमलीजामा नगर पालिका अध्यक्ष साहबीन पनिका की सक्रियता और अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय के साथ सीएमओ पवन साहू की प्रशासनिक भूमिका भी विकास कार्यों को गति देने में अहम मानी जा रही है। योजनाओं की मॉनिटरिंग, विभागीय समन्वय और कार्यों के क्रियान्वयन पर ध्यान दिए जाने से विकास कार्यों को जमीन पर उतारने की कोशिश दिखाई दे रही है।

जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला जब एक दिशा में काम करता है तो योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने में आसानी होती है। बिजुरी में मंत्री का सहयोग, अध्यक्ष की सक्रियता और सीएमओ की प्रशासनिक कार्यशैली का यह समन्वय नगर के लिए सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

विकास की नई तस्वीर की ओर बिजुरी सड़क से पेयजल, प्रकाश व्यवस्था से सौंदर्यीकरण और सार्वजनिक सुविधाओं से लेकर मनोरंजन एवं सामाजिक उपयोग की सुविधाओं तक विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे कार्य बिजुरी को नई दिशा देने की कोशिश हैं। यदि मंत्री दिलीप जायसवाल का सहयोग, अध्यक्ष साहबीन पनिका की सक्रियता और सीएमओ पवन साहू का प्रशासनिक तालमेल इसी तरह आगे बढ़ता रहा, तो आने वाले समय में बिजुरी नगर विकास के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। बिजुरी की बदलती तस्वीर के पीछे केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि विकास को लेकर दिखाई दे रही सोच, राजनीतिक इच्छाशक्ति और योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास महत्वपूर्ण है। यही समन्वय आने वाले समय में बिजुरी के विकास की नई कहानी लिख सकता है।

घुनघुटी वन परिक्षेत्र के बहुचर्चित खैर कटाई मामले में नया मोड़

आदिवासी को बनाया बलि का बकरा

समाज जागरण

उमरिया -घुनघुटी वन परिक्षेत्र में बहुचर्चित खैर की अवैध कटाई का मामला अब नया मोड़ ले चुका है। जंगल में बड़े पैमाने पर खैर के पेड़ों की कटाई के बाद जब ठूंठ गिनती हुई तो विभाग की नींद उड़ गई। अपनी इसी विफलता और लापरवाही पर पर्दा डालने और आंकड़ों की खानापूर्ति के लिए वन विभाग ने गांव के भोले-भाले आदिवासी वाहन चालक को निशाने पर ले लिया है। सूत्रों के अनुसार घुनघुटी के जंगलों में खैर की अवैध कटाई लंबे समय से चल रही थी, जिसकी भनक तक स्थानीय बीट अमले को नहीं लगी। जब मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आया और ठूंठों की गिनती कराई गई तो जंगल में बड़ी संख्या में खैर के ठूंठ पाए गए। इस पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए पहले स्थानीय बीट गार्ड और उप वनपाल को निलंबित कर दिया और आनन-फानन में जांच बैठा दी गई। इसी जांच की आड़ में विभाग ने अपनी गर्दन बचाने के लिए तीन अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किए, जिनका अपराध क्रमांक 806/04, 7790/23 और 807/01 है। इन तीनों प्रकरणों को एक साथ जोड़कर 25 अगस्त को घुनघुटी निवासी एक गरीब आदिवासी के नाम धारा 72 के तहत समन जारी कर दिया गया। समन मिलते ही 31 अगस्त को पीड़ित प्रदीप बैगा उर्फ टिप्पू पिता कन्जी बैगा निवासी घुनघुटी, जो वाहन चलाकर अपना परिवार पालता है, बयान देने घुनघुटी स्थित रेंज ऑफिस पहुंचा। आरोप है कि उसे घुनघुटी से अन्यत्र स्थान पर ले जाया गया। पीड़ित का आरोप है कि बयान के नाम पर बीट गार्ड सुभाष पटेल ने उससे गाली-गलौज शुरू कर दी और खैर काटने वालों के नाम बताने का दबाव बनाया। जब उसने कहा कि साहब मैं तो दिन भर गाड़ी चलाता हूं, मुझे जंगल के बारे में कुछ नहीं पता, तो उसे हाथ-मुक्कों से पीटा गया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद उसके बायें पैर के जंघे पर 4-5 डंडे मारे गए, जिसके चोट के निशान अभी भी बने हुए हैं। उसे करीब पांच घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया और डरा-धमकाकर तीन-चार सादे कागजों पर जबरन हस्ताक्षर करा लिए गए।

विभाग की इस कार्यप्रणाली से कई ग्रामीणों में इस कार्रवाई को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि खैर कटाई के असली जिम्मेदार आज भी खुलेआम घूम रहे हैं और विभाग गरीब आदिवासी को बलि का बकरा बना रहा है।

इधर पीड़ित ने 1 सितंबर को थाना पाली में आवेदन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी बीट गार्ड पर कार्रवाई की मांग की है। पाली पुलिस ने आवेदक का मेडिकल कराते हुए गंभीर सवाल खड़े होते हैं। यदि खैर की कटाई हुई है तो विभाग ने मौके पर असली तस्करों को क्यों नहीं पकड़ा? ठूंठ गिनती के बाद ही अचानक एक ही आदिवासी पर तीन अपराध कैसे दर्ज हो गए? और बयान के लिए बुलाए गए व्यक्ति को पीटकर सादे कागज पर हस्ताक्षर कराने की क्या जरूरत पड़ गई?

अमलाई में श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता 4 सितंबर को

समाज जागरण

अमलाई। श्री कृष्णा समिति के तत्वाधान में आगामी 4 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन बस स्टैंड अमलाई स्थित मंदिर में किया जा रहा है। रात्रि 12:00 भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समिति के लोगों एवं युवाओं द्वारा भव्य तैयारियां की गई है और 7:00 बजे मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

महिला मोर्चा मातृशक्ति ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

समाज जागरण विजय तिवारी

कटनी । भाजपा महिला मोर्चा कटनी की कार्यकताओं ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए पुलिस अधिकारियों व जवानों को राखी बांधी। बहनों ने पुलिसकर्मियों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर समाज की सुरक्षा के प्रति उनके समर्पण को नमन किया। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय अश्विनी परांजपे के निदेर्शानुसार महिला मोर्चा कटनी द्वारा राखी एवं कजलियो के पावन पर्व के शुभ अवसर पर राखी बांधकर विश्वास और

स्नेह का सौहार्द पूर्ण वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से आज कटनी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सपना अभिनंदन सरावगी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा एवं एडिशनल एसपी कमल मौर्य को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन त्यौहार मनाया एवं अधिकारियों से पूरे जिले की सुरक्षा का वचन लिया इसी दौरान अन्य पुलिस स्टाफ को राखी बांध कर परस्पर भ्रातृत्व और स्नेह का संदेश दिया । इस दौरान आम राय बनी कि नशा मुक्ति और नारी सशक्तिकरण के लिए पुलिस प्रशासन और सामाजिक संगठनों को मिलकर काम करने की जरूरत है। पुलिस और समाज के बीच जितना मजबूत विश्वास होगा, शहर का वातावरण उतना ही सुरक्षित बनेगा। इस अवसर पर ऋचा गेलानी,शिल्पा जैन,नीतू गुप्ता , निशा मिश्रा , आशा सुहाने , माधुरी जयसवाल की उपस्थिति रही।

ओपन कास्ट नहीं, अंडरग्राउंड खदान की मांग: विधायक शिवनारायण सिंह ने कलेक्टर को लिखा पत्र

घुलघुली सहित प्रभावित गांवों के ग्रामीणों की मांग पर उठाई आवाज, खनन से व्यापार, आवास, कृषि और पर्यावरण पर असर की जताई आशंका

समाज जागरण

उमरिया। बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह (लल्लू भैया) ने ग्राम घुलघुली, कोहका, कंचनपुर, नरवार, नयागांव, गहिराटोला एवं भनपुरा सहित प्रभावित ग्रामों में एसईसीएल द्वारा प्रस्तावित एवं प्रचलित कोयला खनन को लेकर कलेक्टर उमरिया को पत्र भेजा है। विधायक ने क्षेत्र में ओपन कास्ट माइन के स्थान पर अंडरग्राउंड माइन विकसित किए जाने की मांग की है। विधायक ने पत्र में बताया कि संबंधित ग्राम पंचायतों की ओर से प्रस्ताव एवं पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें ग्रामीणों ने एसईसीएल द्वारा कोयला खनन के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई को लेकर अपनी चिंताएं सामने रखी हैं। कुछ क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अभी भी जारी बताई गई है। 85 गांवों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है घुलघुली विधायक ने कहा कि घुलघुली आसपास के करीब 85 गांवों के लिए महत्वपूर्ण व्यापारिक एवं आवागमन केंद्र है। हजारों ग्रामीण प्रतिदिन अपनी जरूरतों, व्यापार, रोजगार और अन्य कार्यों के लिए घुलघुली पहुंचते हैं। ऐसे में यदि क्षेत्र में बड़े स्तर पर ओपन कास्ट खदान शुरू होती है तो इसका असर आवासीय क्षेत्रों, कृषि भूमि, व्यापार, आवागमन, पर्यावरण और सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की प्रमुख मांग है कि कोयला उत्पादन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ओपन कास्ट खनन के विकल्प के रूप में भूमिगत खनन की संभावना तलाश की जाए। इससे क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र, आवासीय व्यवस्था और सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सकेगा। तकनीकी और आर्थिक व्यवहार्यता जांचने की मांग विधायक ने कलेक्टर से मांग की है कि संबंधित अधिकारियों एवं एसईसीएल के अधिकारियों के समन्वय से क्षेत्र का स्थल निरीक्षण एवं तकनीकी परीक्षण कराया जाए। साथ ही यह भी जांचा जाए कि प्रस्तावित क्षेत्र में अंडरग्राउंड माइनिंग तकनीकी और आर्थिक दृष्टि से कितनी व्यवहार्य है। उन्होंने कहा कि यदि भूमिगत खनन तकनीकी एवं आर्थिक रूप से संभव पाया जाता है तो ग्रामीणों की भावनाओं और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ओपन कास्ट माइन के स्थान पर अंडरग्राउंड माइन प्रारंभ करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। निर्णय होने तक स्थानीय लोगों की राय शामिल करने पर जोर विधायक ने यह भी कहा कि जब तक मामले का समुचित तकनीकी परीक्षण एवं निर्णय नहीं हो जाता, तब तक प्रभावित ग्रामों की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए भूमि अधिग्रहण एवं खनन से जुड़ी आगामी कार्रवाई में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों की भावनाओं को शामिल किया जाना उचित होगा। विधायक ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस जनहित के महत्वपूर्ण विषय पर संवेदनशीलता से विचार करेगा, ताकि कोयला उत्पादन और क्षेत्र के विकास के साथ-साथ स्थानीय निवासियों के हित, व्यापारिक गतिविधियां, आवासीय व्यवस्था एवं पर्यावरण भी सुरक्षित रह सकें।

डायवर्सन मार्ग बना जानलेवा, एनएच लोक निर्माण की लापरवाही से जनता त्रस्त

समाज जागरण

नौरोजाबाद-- - नौरोजाबाद से बिरसिंहपुर पाली मुख्य मार्ग पर रेलवे फाटक पर बन रहा ओवरब्रिज और उसका डायवर्सन मार्ग अब जनता के लिए जी का जंजाल बन गया है। मौके पर डायवर्सन पर दो से तीन फीट तक के गहरे गड्ढे तालाब और पोखरी में तब्दील हो गए हैं, जिनमें बरसात का पानी भर जाने से रोजाना बाइक सवार फिसलकर गिरते और घायल होते देखे जा रहे हैं। रात के समय बिना संकेतक व लाइट के यह मार्ग और भी भयावह, मौत के कुएं जैसा बन जाता है। हालत यह है कि इस मार्ग से कोयले के ट्रकों के साथ-साथ सैकड़ों टन राखड़ लेकर चलने वाले बड़े-बड़े बल्कर भी इसी संकीर्ण डायवर्सन से गुजरते हैं और जब दो बल्कर आमने-सामने आ जाते हैं तो घंटों तक जाम लगा रहता है। इस जाम और गड्ढों के डर से दो पहिया और चार पहिया वाहन चालक तो मजबूरन पाली की तरफ से घूमकर नौरोजाबाद कॉलरी जाने को मजबूर हैं। यह पाली-नौरो जाबाद-बिरसिंहपुर को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य मार्ग है, लेकिन इस दुर्दशा के पीछे विभागीय भुगतान का बड़ा पेंच है। गत वर्ष एनएच बाइपास से रामपुर तिराहे तक 17 करोड़ की लागत से ईपीसी मोड में सड़क का निर्माण सतना के ठेकेदार के. के. सिंह द्वारा किया गया था, परंतु जहां ओवरब्रिज बन रहा है उस 200 मीटर पैच को बिना बनाए ही कागजों में भुगतान ले लिया गया, जबकि वर्तमान ब्रिज कंपनी के एस्टीमेट में डायवर्सन मार्ग का प्रावधान ही नहीं रखा गया। ब्रिज कंपनी ने पिछले वर्ष अपनी जेब से डायवर्सन बनाया, लेकिन पीडब्ल्यूडी एनएच ने न तो उसे मेजरमेंट में लिया और न ही भुगतान किया, इसलिए कंपनी ने दोबारा डायवर्सन बनाने से साफ इनकार कर दिया है। एक को बिना काम के भुगतान और दूसरे से काम लेकर बिना भुगतान की इस कार्यशैली की सजा आम जनता भुगत रही है। वहीं 15 दिन पहले कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने समीक्षा बैठक में खराब सड़कों के लिए अधिकारियों को सीधे जिम्मेदार मानने की चेतावनी दी थी, लेकिन उमरिया से घुनघुटी तक मार्ग आज भी जर्जर पड़ा है। इसी मार्ग से कलेक्टर का भी आना-जाना बना रहता है, फिर भी सुधार न होना वरिष्ठ अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने एक सप्ताह में डायवर्सन दुरुस्त न होने पर चक्का जाम कर आंदोलन की चेतावनी दी है।

रिटायरमेंट की दहलीज पर खड़े गुरुजी छेड़छाड़ के आरोप में पहुंचे जेल

नाबालिग छात्राओं से कथित अभद्रता का मामला, शिक्षा विभाग की जांच के बाद एफआईआर; पॉक्सो व एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज

समाज जागरण

उमरिया। जनपद मानपुर के शासकीय प्राथमिक शाला सुल्तानपुर में पदस्थ एक सहायक शिक्षक पर नाबालिग छात्राओं से कथित छेड़छाड़ और अभद्रता के गंभीर आरोप लगे हैं। मंगलवार को इंदवार पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजे जाने की जानकारी सामने आई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायत प्राप्त होने के बाद शिक्षा विभाग ने तत्काल जांच कराई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर विभाग ने 28 अगस्त को थाना इंदवार को एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र भेजा। इसी दिन संबंधित शिक्षक को निलंबित किए जाने की कार्रवाई भी की गई। शिक्षा विभाग के पत्र के बाद इंदवार पुलिस ने मामले में सक्रियता दिखाते हुए 29 अगस्त को एफआईआर दर्ज की। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के साथ एससी - एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम तथा पॉक्सो एक्ट, 2012 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी शिक्षक नौकरी से सेवानिवृत्ति की दहलीज पर था। ऐसे में उन पर लगे गंभीर आरोपों ने शिक्षक पद की गरिमा और विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस उम्र और अनुभव के आधार पर शिक्षक से विद्यार्थियों को संस्कार, मार्गदर्शन और सुरक्षा की अपेक्षा की जाती है,

उसी दौर में नाबालिग छात्राओं से कथित आपत्तिजनक व्यवहार के आरोप बेहद गंभीर माने जा रहे हैं। इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग द्वारा शिकायत के बाद जांच कर कार्रवाई किए जाने और पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी किए जाने से प्रशासनिक स्तर पर तत्परता सामने आई है।

शिक्षक और छात्राओं के बीच विश्वास का रिश्ता बेहद संवेदनशील और पवित्र माना जाता है। ऐसे में किसी शिक्षक पर नाबालिग छात्राओं के साथ इस तरह के आरोप लगना उस विश्वास को झकझोरने वाला है। हालांकि मामले में लगे आरोपों की अंतिम पुष्टि न्यायालयीन प्रक्रिया के बाद ही होगी।

लगातार बारिश से बढ़ा नदियों का जलस्तर, जिला प्रशासन का तटीय क्षेत्रों में अलर्ट

समाज जागरण/ ब्यूरो
चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जनपद में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण बांधों, नदियों और पहाड़ी जल धाराओं में पानी का स्तर बढ़ने लगा है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को बांधों और नदियों के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने तथा तटीय और निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय रहते सतर्क करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन के अनुसार, रिहंद बांध का एक गेट खोल दिया गया है, जबकि दूसरे गेट को खोलने की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद ओबरा बांध के तीन गेट नौ फीट तक खोले गए हैं। बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण नदियों के जलस्तर और बहाव में वृद्धि होने की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए नदी तटीय क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। संभावित बढ़े जलप्रवाह को लेकर प्रशासनिक टीमें संवेदनशील इलाकों में पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। चकाड़ी क्षेत्र में थाना प्रभारी ने स्थानीय नागरिकों के बीच पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली और नदी तट, निचले इलाकों तथा तेज बहाव वाले स्थानों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि सोनभद्र की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए लगातार बारिश के दौरान पहाड़ी नालों और बरसाती जलधाराओं में अचानक पानी बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी उफनते नाले, नदी अथवा तेज बहाव वाले रास्ते को पार करने का प्रयास न करें। उन्होंने कहा कि बच्चों और पशुओं को भी नदी-नालों के आसपास जाने से रोकें। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है और संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अफवाहों से बचने और केवल प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश के दौरान नदी-नालों और तेज जलप्रवाह वाले क्षेत्रों से सुरक्षित दूरी बनाए रखना ही सबसे प्रभावी सुरक्षा उपाय है।

बेलवनिया में तालाब की बन्धी टूटने से जलजमाव, प्रशासन ने संभाला मोर्चा

मौके पर एसडीएम-पुलिस टीम तैनात, जल निकासी के साथ राहत एवं बचाव कार्य जारी

समाज जागरण/
डॉ अरुण पांडेय "गुरुजी"

घोरावल/ सोनभद्र। ग्राम बेलवनिया, तहसील घोरावल में मंगलवार को लगभग 200 से 250 बीघे क्षेत्रफल वाले नकटी निबहवा तालाब की बन्धी टूटने से गांव में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। पानी बढ़ने से 11 परिवारों के घरों में पानी प्रवेश कर गया। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ के निर्देश पर प्रशासन ने तत्परता से राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। प्रशासनिक टीम ने प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर सर्वप्रथम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की। पानी से प्रभावित सभी 11 परिवारों को सुरक्षित निकालकर नजदीकी पंचायत भवन में अस्थायी रूप से ठहराया गया है, जहां उनके भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। प्रभावित परिवारों में बबूंदर पुत्र नन्हकू, बाबूलाल पुत्र नन्हकू, बंधु पुत्र वीरे, हुकुम अली पुत्र अली कासी, अबू हुसैन पुत्र हमीद, तौलन पुत्र सादिक, आजाद पुत्र शमी उल्लाह, छोटेलाल पुत्र मक्खन राम, भरत लाल पुत्र पतिराम, नखड़ू पुत्र राम जियावन एवं अमृत लाल पुत्र रामविलास के परिवार शामिल हैं। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने निर्देशित किया है कि प्रभावित परिवारों की सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे। जल निकासी का कार्य तेजी से कराया जाए तथा प्रत्येक प्रभावित परिवार को नियमानुसार आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल एवं पुलिस टीम मौजूद रहकर राहत कार्यों एवं स्थिति की निगरानी कर रही है। गांव में जमा पानी की निकासी का कार्य लगातार जारी है। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी आवश्यकता के त्वरित समाधान के लिए मेडिकल टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है। प्रभावित परिवारों के लिए भोजन एवं आवश्यक राहत किट की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है और उनका वितरण कराया जा रहा है। प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों एवं टीमों को मौके पर सक्रिय रखा गया है। प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देते हुए राहत एवं बचाव कार्य निरंतर जारी है।

55.989 किलो गांजा बरामद, अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार ; कार समेत 35 लाख का माल जब्त

समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शुद्धि के तहत दुद्धी पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त टीम ने एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 55.989 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 28 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त वर्ना कार, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 10 हजार रुपये की एटीएम निकासी से संबंधित पर्ची भी बरामद की है। कुल बरामदगी की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल और क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। 1 सितंबर 2026 को दुद्धी पुलिस म्योरपुर तिराहा पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि विंढमगंज की ओर से एक सफेद रंग की कार आ रही है। पुलिस टीम ने वाहन को रोकने का प्रयास किया तो चालक कार को तेज गति से रजखड़ की ओर लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा करते हुए रजखड़ घाटी के पास घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया और चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान ऋषभ सिंह उर्फ रिशु सिंह, निवासी अलीपुर, थाना कासिमपुर, जनपद हरदोई के रूप में की है। उसकी निशानदेही पर कार की डिग्गी से खाकी रंग के टेप में लिपटे 53 बंडलों में कुल 55.989 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामदगी की कार्रवाई क्षेत्राधिकारी दुद्धी और फील्ड यूनिट की मौजूदगी में की गई। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों के साथ उड़ीसा के बोध क्षेत्र से गांजा खरीदकर झारखंड और छत्तीसगढ़ के रास्ते सोनभद्र होते हुए लखनऊ के मटियारी और चिनहट क्षेत्र में सप्लाई करता था। तस्करी में शामिल लोग व्हाट्सऐप कॉल के माध्यम से एक-दूसरे के संपर्क में रहते थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना दुद्धी में मु.अ.सं. 246/2026, धारा 8/20/ 27ए/ 29/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब मोबाइल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज होने की बात पुलिस ने बताई है।

चोपन में सोन नदी के छठ घाट पर की गई बैरिकेडिंग, तेज जल प्रवाह को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशासन ने उठाए एहतियाती कदम

समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। सोन नदी में अधिक मात्रा में जल प्रवाह को देखते हुए संभावित दुर्घटनाओं से बचाव एवं नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश के क्रम में चोपन स्थित सोन नदी के किनारे छठ घाट पर बैरिकेडिंग कराई गई है। बैरिकेडिंग के माध्यम से नागरिकों को घाट के संवेदनशील हिस्सों में जाने से रोकने की व्यवस्था की गई है। उप जिलाधिकारी ओबरा रवि पासवान एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा बैरिकेडिंग का कार्य कराया गया। प्रशासन द्वारा नदी के जलस्तर एवं जल प्रवाह की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपदवासियों से अपील की है कि सोन नदी में अधिक जल प्रवाह को देखते हुए नागरिक नदी अथवा घाट के किनारे अनावश्यक रूप से न जाएं तथा बैरिकेडिंग के आगे जाने का प्रयास न करें। उन्होंने कहा कि सावधानी एवं प्रशासन के निदेर्शों का पालन कर किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सकता है।

घघरी ग्राम पंचायत के साहगोंडा में घर गिरने से अनाज समेत घरेलू सामान दबा, पीड़ित परिवार ने आर्थिक सहायता व आवास की लगाई गुहार

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

बभनी/साहगोंडा। लगातार हो रही तेज बारिश के कारण बभनी ब्लॉक अंतर्गत घघरी ग्राम पंचायत के साहगोंडा में एक गरीब परिवार का मिट्टी का मकान भरभरा कर गिर गया। मंगलवार की रात हुई तेज बारिश के बाद देव बाबू पुत्र रामकिशन का कच्चा मकान अचानक ढह गया। घर गिरने से मकान में रखा अनाज सहित घरेलू सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। घर के गिरने से पीड़ित परिवार के सामने अब रहने और खाने-पीने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। बारिश के बीच आशियाना उजड़ने से परिवार काफी परेशान है। स्थानीय लोगों के अनुसार लगातार बारिश के कारण मिट्टी की दीवारें कमजोर होने से यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान कृष्णानन्द सोनी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद एवं सरकारी मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान द्वारा लेखपाल से भी संपर्क कर क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार कराने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा गया।मौके पर ग्राम प्रधान कृष्णानन्द सोनी, क्षेत्र पंचायत सदस्य शिव कुमार, स्थानीय ग्रामीण उमंग गुप्ता समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि मौके का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर क्षति का उचित आकलन कराया जाए तथा परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता, मुआवजा, राशन और रहने के लिए आवास उपलब्ध कराया जाए, ताकि बारिश के इस संकट में परिवार को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि बारिश से प्रभावित गरीब परिवारों की स्थिति को देखते हुए राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए।

लगातार बारिश से कच्चे मकान में पड़ी दरारें, परिवार ने छोड़ा घर

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

बभनी/ सोनभद्र। स्थानीय ब्लॉक के बरवाटोला 'क' ग्राम पंचायत में लगातार तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण एक कच्चे मकान में बड़ी दरारें आ गई हैं। मकान का कुछ हिस्सा ढह गया है, जिसके चलते इसमें रहने वाले परिवार को अपना घर छोड़कर दूसरों के यहां शरण लेनी पड़ी है। जानकारी के अनुसार, रामखेलावन पुत्र रामचंदर के मकान में यह घटना हुई। सोमवार शाम को मकान में एक बड़ी दरार पड़ी और उसका कुछ हिस्सा भरभराकर गिर गया। पूरे मकान में दरारें आ गई हैं और वह कभी भी ढह सकता है। एहतियात के तौर पर, रामखेलावन ने अपनी पत्नी और चार बच्चों सहित घर का सारा सामान निकालकर दूसरे मकान में शरण ली है। परिवार इस घटना के बाद से दहशत में है। क्षेत्र में तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण पशुओं के चारे की व्यवस्था में भी समस्या आ रही है। इस घटना की सूचना ग्राम प्रधान राम दौलत और क्षेत्रीय लेखपाल कुंदन कुमार को दे दी गई है। रामखेलावन ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है ताकि बारिश के इस मौसम में उन्हें राहत मिल सके।

15 दिन से जला ट्रांसफॉर्मर, विभाग की नींद नहीं टूटी, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

दुद्धी/ सोनभद्र। दुद्धी तहसील क्षेत्र के लिलासी मार्ग स्थित शिव मंदिर डुमरडिहा का विद्युत ट्रांसफॉर्मर पिछले करीब 15 दिनों से जला पड़ा है, लेकिन बिजली विभाग की ओर से अब तक ट्रांसफॉर्मर बदलने की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विभागीय उदासीनता को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफॉर्मर जलने के बाद से विद्युत व्यवस्था प्रभावित है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि शिव मंदिर डुमरडिहा के प्रांगण में भव्य श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाना है, लेकिन बिजली व्यवस्था ठप होने के कारण आयोजन को लेकर लोगों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। विभागीय लापरवाही से लोगों में बढ़ रहा आक्रोश स्थानीय लोगों का आरोप है कि ट्रांसफॉर्मर जले हुए करीब 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन संबंधित विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान कराने में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि धार्मिक आयोजन के समय हजारों लोगों की आवाजाही होगी, ऐसे में बिजली की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। जल्द ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला तो होगा बड़ा आंदोलन : अजय यादव समाजवादी पार्टी छात्रसभा के दुद्धी विधानसभा अध्यक्ष अजय यादव ने बिजली विभाग के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि 15 दिन से ट्रांसफॉर्मर जला पड़ा है और विभाग के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी अब तक इसकी सुधि लेने नहीं पहुंचे हैं। वहीं ग्रामीण दीपक साहनी ने भी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला गया और विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्युत विभाग की होगी। उन्होंने विभाग से मांग की कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम को देखते हुए तत्काल ट्रांसफॉर्मर बदला जाए और विद्युत आपूर्ति सुचारु कराई जाए। अब देखना यह है कि 15 दिन से जले ट्रांसफॉर्मर की सुधि बिजली विभाग कब लेता है, या फिर ग्रामीणों को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

चोपन के वार्ड संख्या चार एवं आठ के बीच सरकारी बोर व पानी की टंकी की जमीन पर कब्जे का आरोप, जांच की मांग

समाज जागरण/
अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। नगर पंचायत चोपन के वार्ड संख्या 4 और 8 के बीच स्थित सरकारी बोर एवं पानी की टंकी की भूमि पर कब्जे को लेकर शिकायत की गई है। मामले में नगर पंचायत प्रशासन से जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।

प्राप्त शिकायत पत्र के अनुसार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग के उपाध्यक्ष सेतराम, भारतीय किसान के जिलाध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने अधिशासी अधिकारी के नाम सौंपें गए पत्र में कहा है कि चोपन नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 एवं 8 में सरकारी बोर एवं पानी की टंकी स्थापित है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सामने स्थित भूमि को कुछ लोगों द्वारा अपनी जमीन बताते हुए घेरने का प्रयास किया जा रहा है। इससे भविष्य में क्षेत्रवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

शिकायत में यह भी मांग की गई है कि यदि संबंधित भूमि सरकारी है तो नगर पंचायत द्वारा किसी भी व्यक्ति को अपनी जमीन बताकर कब्जा करने से रोका जाए। साथ ही वार्ड संख्या 4 और 8 के नगरवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पानी की सुविधा प्रभावित न होने देने की अपील की गई है।मामले को लेकर मौके पर पहुंचकर जांच कराने, भूमि की स्थिति का जायजा लेने तथा तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।

शिकायत पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र की सरकारी संपत्ति एवं आमजन की सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि भविष्य में पेयजल व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। अब देखना होगा कि नगर पंचायत प्रशासन इस शिकायत पर क्या जांच और कार्रवाई करता है।

अनवरत बारिश से घाघर नदी उफान पर, तीसरी बार बहा वैकल्पिक मार्ग, प्रशासनिक व्यवस्था पर उठे सवाल, आखिर कब जागेगा प्रशासन ?

वाराणसी-शक्तिनगर मुख्यमार्ग पर पानी का बहाव, ओबरी-अवई बस्तियों मे भी भरा पानी
आवागमन बाधित, मरीज, स्कूली बच्चे और राहगीर परेशान

समाज जागरण तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरमा-मारकुंडी इलाके में पिछले तीन दिनों से हो रही अनवरत और मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार वर्षा के चलते ताल-तलैया, नदी-नाले और तालाब उफान पर हैं। वहीं घाघर बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद घाघर नदी विकराल रूप धारण कर उफान पर बह रही है।स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि घाघर नदी के तेज बहाव ने मारकुंडी जिला जेल के मुख्य वैकल्पिक संपर्क मार्ग को एक बार फिर अपनी चपेट में ले लिया है। मीनाबाजार के पास बना वैकल्पिक मार्ग टूटकर बह गया है। बताया जा रहा है कि यह तीसरी बार है जब यह संपर्क मार्ग नदी के तेज बहाव में क्षतिग्रस्त हुआ है।बार-बार वैकल्पिक मार्ग के बह जाने से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और निराशा है। सवाल यह उठ रहा है कि हर बार बारिश और बाढ़ के बाद आवागमन बाधित होने की समस्या का आखिर स्थायी समाधान कब किया जाएगा? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे लोगों को अब केवल अस्थायी व्यवस्था नहीं, बल्कि मजबूत और स्थायी संपर्क मार्ग की आवश्यकता है।

बताते हैं कि मार्ग बह जाने से आमजनमानस का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। स्कूली बच्चों को विद्यालय पहुंचने में परेशानी हो रही है, वहीं मरीजों और बुजुर्गों के सामने सबसे बड़ी चुनौती आवागमन की खड़ी हो गई है। आपातकालीन स्थिति में लोगों को लंबा और कठिन रास्ता तय करने की मजबूरी बन सकती है।इसी क्रम में मारकुंडी क्षेत्र के मुख्य राजमार्ग के किनारे स्थित ओबरी और अवई बस्तियों में जलभराव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई स्थानों पर पानी भरने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।वहीं वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग के कुछ हिस्सों पर भी पानी का बहाव शुरू हो गया है, जिससे छोटे-बड़े वाहनों के संचालन में कठिनाई पैदा हो रही है। सड़क पर बहते पानी के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर आवागमन की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, बार-बार बहने वाले मीनाबाजार वैकल्पिक मार्ग की समस्या का स्थायी और मजबूत समाधान कराया जाए, ताकि हर वर्ष बारिश के दौरान हजारों लोगों को इस गंभीर संकट का सामना न करना पड़े। अब सवाल यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को केवल बरसात की मौसमी परेशानी मानकर टालता रहेगा या फिर आमजन, स्कूली बच्चों और मरीजों की सुरक्षा को देखते हुए कोई ठोस और स्थायी कदम उठाएगा?

समाजसेवी अमरजीत पाण्डेय के निधन से इलाके में शोक की लहर

क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने गहरा दुख व्यक्त कर, की भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित

समाज जागरण तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। सलखन न्याय पंचायत क्षेत्र के वरिष्ठ एवं सम्मानित समाजसेवी अमरजीत पाण्डेय (85 वर्ष) के आकस्मिक निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।स्वर्गीय अमरजीत पाण्डेय अपने मृदुभाषी स्वभाव, सरल व्यक्तित्व, कुशल व्यवहार और समाजसेवा के प्रति समर्पण के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में सामाजिक सरोकारों से जुड़े अनेक कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाई और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहे।उनके निधन को क्षेत्रवासियों ने समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। लोगों का कहना है कि उनका स्नेहपूर्ण व्यवहार और समाज के प्रति उनकी सेवाभावना लंबे समय तक याद की जाएगी। इस दुखद अवसर पर क्षेत्र के लोगों एवं शुभचिंतकों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति एवं संबल प्रदान करने की कामना की।

तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

सलखन के समीप हुआ हादसा, इलाज के दौरान जिला अस्पताल में तोड़ा दम; परिजनों में मचा कोहराम

समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय नगर पंचायत चोपन के वार्ड नंबर दो निवासी 42 वर्षीय बृजेश चंद्रवंशी उर्फ छोटू पुत्र त्रिवेणी सोमवार को अपनी मोटरसाइकिल से निजी कार्य से रॉबर्ट्सगंज गए थे। कार्य निपटाने के बाद वह मोटरसाइकिल से वापस चोपन लौट रहे थे। इसी दौरान सलखन के समीप पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक पिकअप ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बृजेश चंद्रवंशी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल बृजेश को उपचार के लिए जिला अस्पताल रॉबर्ट्सगंज भेजा गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा था।लेकिन मंगलवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बृजेश की मौत की खबर सुनकर परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे दो पुत्रियों और एक पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार के लोगों के लिए अचानक हुई इस घटना ने गहरा सदमा पहुंचाया है। बताया गया कि हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने पीछा कर पिकअप को पकड़ लिया और उसे स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद परिजन शव को लेकर चोपन पहुंचे और अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद पूरे वार्ड में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा सड़क पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

75 हजार रुपये रिश्वत लेते BDO और उसके मामा गिरफ्तार

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

बांका। भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार की कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने मंगलवार, 1 सितंबर 2026 को फुल्लीडूमर के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित प्रताप सिंह और उनके मामा बच्चन कुमार सिंह को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। निगरानी के अनुसार, दोनों की गिरफ्तारी बांका थाना क्षेत्र के नेहरू कॉलोनी स्थित BDO के किराये के मकान से की गई। मामले में निगरानी थाना कांड संख्या 102/2026, दिनांक 21 अगस्त 2026 को दर्ज किया गया था।

बताया गया कि परिवादी गौतम प्रकाश ने शिकायत की थी कि फुल्लीडूमर प्रखंड में 15वीं वित्त आयोग की राशि से 26 योजनाओं के अनुमोदन एवं क्रियान्वयन के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि होने के बाद निगरानी ने प्राथमिकी दर्ज कर धावादल का गठन किया।

कार्रवाई के दौरान BDO अमित प्रताप सिंह एवं उनके मामा बच्चन कुमार सिंह को 75 हजार रुपये लेते गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद दोनों को विशेष न्यायालय, निगरानी, भागलपुर में प्रस्तुत किया जाएगा। मामले में आगे की जांच जारी है।

2026 में 102वां भ्रष्टाचार कांड

निगरानी ब्यूरो के अनुसार, वर्ष 2026 में भ्रष्टाचार के विरुद्ध यह 102वां प्राथमिकी दर्ज करने का मामला है। इनमें 94 ट्रैप कांड हैं और अब तक कुल 95 अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया जा चुका है। इस दौरान 35.09 लाख रुपये रिश्वत की राशि तथा 37 हजार रुपये कीमत की एक नई वाशिंग मशीन जब्त की गई है।

ब्यूरो के मुताबिक, वर्ष 2025 में कुल 101 ट्रैप कांड दर्ज हुए थे, जबकि 2026 में अब तक औसतन 11.8 ट्रैप कांड प्रति माह दर्ज किए गए हैं। पिछले वर्ष यह औसत 8.4 कांड प्रति माह था। इस आधार पर इस वर्ष ट्रैप मामलों में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने कहा है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी लोक सेवक द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने पर समय पर शिकायत करने की अपील की गई है।

दौला पंचायत में सहयोग शिविर, 59 आवेदन प्राप्त, 34 मामलों का मौके पर निष्पादन

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

किशनगंज प्रखंड की दौला पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को जिला पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में सहयोग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डीएम ने आम लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 59 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 34 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष 25 लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

डीएम नवीन कुमार ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही आम लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को छोटी-बड़ी समस्याओं के लिए बार-बार प्रखंड एवं जिला कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करने तथा आवेदकों को कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया।

जिला प्रशासन के निर्देश पर 1 सितंबर को जिले के सभी प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में भी जिला स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में सहयोग शिविर आयोजित किए गए। शिविर में बीडीओ कर्मवीर कुमार, सीओ राहुल कुमार, जिला मुखिया संघ अध्यक्ष अखलाकुर हुसैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।

चलती कार में नाबालिग से दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

कुटुंबा (बिहार)औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। चलती कार में कक्षा 7 की नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता के परिजनों के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 12 बजे नाबालिग पैदल घर से कुटुंबा रेफरल अस्पताल जा रही थी। रास्ते में नहर के पास गांव के ही तीन युवकों ने अस्पताल छोड़ने के बहाने उसे कार में बैठा लिया और घटना को अंजाम दिया।बताया जा रहा है कि शाम करीब 6 बजे आरोपी पीड़िता को एक स्कूल के पास छोड़कर फरार हो गए।मामले में पीड़िता के बयान पर कुटुंबा थाना कांड संख्या 162/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मेडिकल जांच कराई गई है। त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों प्रिंस कुमार और रौशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरा आरोपी राजू कुमार उर्फ झून्नू फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सूत्री से मिली जानकारी के अनुसार बाहर भागने के क्रम में बनारस से राजू कुमार उर्फ झुन्नू को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।पूरा मामला नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा बताया जा रहा है।

भेड़ियाडांगी औद्योगिक क्षेत्र का डीएम ने किया निरीक्षण, लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज

जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने मंगलवार को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान भेड़ियाडांगी औद्योगिक क्षेत्र, जिला उद्योग केंद्र एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, किशनगंज में स्थापित स्टार्टअप सेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक विकास, स्वरोजगार और युवा उद्यमिता को बढ़ावा देने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भेड़ियाडांगी औद्योगिक क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र ने औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। डीएम ने उपलब्ध अवसंरचना, आवंटित भूखंडों, आंतरिक सड़कों सहित विभिन्न विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा की और लंबित विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भेड़ियाडांगी औद्योगिक क्षेत्र जिले के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

इसके बाद डीएम ने जिला उद्योग केंद्र कार्यालय का निरीक्षण कर पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की जानकारी ली तथा उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने महाप्रबंधक को लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके।

राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में स्थापित स्टार्टअप सेल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिहार स्टार्टअप योजना से लाभान्वित युवा उद्यमियों के इनोवेटिव प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की और स्टार्टअप सेल की गतिविधियों की जानकारी ली। स्थानीय युवाओं एवं छात्र उद्यमियों ने डीएम के समक्ष अपने बिजनेस आइडिया प्रस्तुत किए।

डीएम ने युवाओं के विचारों को गंभीरता से सुनते हुए उनके प्रोजेक्ट की उपयोगिता, बाजार की संभावनाओं और भविष्य में विस्तार की क्षमता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने युवाओं को उनके बिजनेस आइडिया को व्यवहारिक रूप देने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। साथ ही, युवाओं द्वारा बताई गई समस्याओं से अवगत होकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

हाईटेंशन बिजली खंभे में करंट से युवक की मौत, बाजार में पसरा मातम

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र में हाईटेंशन बिजली की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।मृतक की पहचान माली थाना क्षेत्र के बैरिया गांव निवासी 35 वर्षीय मिथिलेश चौरसिया पिता रामप्रसाद चौरसिया के रूप में हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मिथिलेश रोज की तरह बैरिया बाजार स्थित अपनी दुकान खोल रहे थे। इसी दौरान बगल से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली के खंभे में करंट आ गया और वे उसकी चपेट में आ गए।स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल औरंगाबाद ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बैरिया बाजार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

व्यवसायियों के साथ एसपी ने की संवाद गोष्ठी, सुरक्षित माहौल और बेहतर यातायात पर जोर

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने 31 अगस्त को पुलिस सभागार में जिले के करीब 60 व्यवसायियों के साथ संवाद गोष्ठी आयोजित कर व्यवसायिक सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और साइबर अपराध से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। एसपी ने सुरक्षित व्यवसायिक वातावरण के लिए पुलिस और व्यवसायियों के बीच बेहतर समन्वय एवं आपसी तालमेल पर जोर दिया।

एसपी ने व्यवसायियों और दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान के सामने पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने तथा सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया, ताकि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के साथ घटना होने पर अपराधियों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की जा सके। किसी प्रतिष्ठान या दुकान के आसपास संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील भी की गई।

व्यवसायियों की मांग पर शहर में सुगम यातायात, बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था को लेकर पुलिस उपाधीक्षक, यातायात को आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रतिष्ठान और मॉल संचालकों से ग्राहकों के वाहनों के लिए अपने स्तर से पार्किंग की व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में बढ़ते साइबर अपराध को लेकर व्यवसायियों को जागरूक किया गया। ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतने, संदिग्ध लिंक, कॉल और APK फाइल से बचने तथा साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई। व्यवसायियों के साथ हो रहे साइबर फ्रॉड की रोकथाम और कार्रवाई के लिए पुलिस उपाधीक्षक, साइबर क्राइम को भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

संवाद के दौरान व्यवसायियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एसपी के समक्ष रखीं। एसपी ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और अपराध नियंत्रण में व्यवसायिक समुदाय से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा जताते हुए शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं अनुकूल व्यवसायिक माहौल बनाए रखने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

किशनगंज पुलिस की ओर से आमजन और व्यवसायिक समुदाय के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए लगातार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

पटना के खुसरूपुर दियारा में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, तस्कर मौके से फरार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के खुसरूपुर थाना क्षेत्र के खिरोधरपुर दियारा इलाके में मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली शराब बनाने वाली अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। हालांकि, कार्रवाई की भनक लगते ही शराब तस्कर पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम को चकमा देकर मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्पाद विभाग के निरीक्षक लालू कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम को खिरोधरपुर दियारा में अवैध रूप से नकली शराब तैयार किए जाने की पुख्ता सूचना मिली थी। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से मौके पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम को मौके से भारी मात्रा में नकली शराब तैयार करने से जुड़े उपकरण, कच्चा माल और अन्य सामग्रियां मिली हैं। पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही शातिर तस्कर वहां से फरार हो गए। सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि फरार शराब तस्करों की पहचान करने की प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी गई है। पुलिस और उत्पाद विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि इस अवैध कारोबार का मास्टरमाइंड कौन है और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

इसके साथ ही, नकली शराब के निर्माण और इसकी सप्लाई के इनपुट और आउटपुट नेटवर्क को खंगाला जा रहा है ताकि यह साफ हो सके कि यह खेप किन-किन इलाकों में खपाई जाती थी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद इस गोरखधंधे में संलिप्त सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, इलाके में उत्पाद विभाग की विशेष जांच और छापेमारी का अभियान लगातार जारी है।

एससी-एसटी एक्ट मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)औरंगाबाद जिले के नवीनगर थाना पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट से जुड़े एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के कांड़ी गांव निवासी शिशु कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया तेज कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, शिशु कुमार सिंह के खिलाफ नवीनगर थाना में एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। मामला दर्ज होने के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में पुलिस को अभियुक्त के संबंध में जानकारी मिली, जिसके आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर नजर रख रही थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे अपने कब्जे में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मामले से संबंधित आवश्यक कागजी प्रक्रिया शुरू कर दी है। नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि एससी-एसटी एक्ट के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त शिशु कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पटना के दनियावां में बड़ा सड़क हादसा टला ट्रक में घुसी स्कूटी, बाल-बाल बचे पिता-पुत्र

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जाको राखे साइयां, मार सके न कोय... यह कहावत पटना जिले के दनियावां थाना क्षेत्र में हुए एक भीषण सड़क हादसे में पूरी तरह चरितार्थ साबित हुई। मड़वा गांव के समीप एक स्कूटी अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर मौजूद लोगों की सांसें थम गईं, लेकिन गनीमत यह रही कि इस भयानक हादसे में पिता-पुत्र की जान बाल-बाल बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दनियावां थाना क्षेत्र के मड़वा गांव के समीप यह दुर्घटना घटी। स्कूटी चालक आलोक कुमार अपने पिता विजय प्रसाद के साथ रात करीब आठ बजे स्कूटी पर सवार होकर दनियावां बायपास के रास्ते फतुहा की ओर जा रहे थे। बायपास ओवरब्रिज के समीप अचानक उनकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे एक भारी-भरकम ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी पूरी तरह ट्रक के पीछे फंस गई। इस दुर्घटना में चालक आलोक कुमार को हल्की चोटें आईं, जबकि उनके पिता इस भयानक हादसे में पूरी तरह सुरक्षित बच गए। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने अनुकरणीय तत्परता दिखाई और घायलों को तुरंत दनियावां अस्पताल पहुंचाया, जहां समय पर इलाज मिलने से बड़ा खतरा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की 112 आपात कालीन टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। दनियावां थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि दनियावां बायपास और आसपास के मार्गों पर लगातार बढ़ रहे यातायात के दबाव को देखते हुए वहां पुलिस की स्थायी पिकेट या यातायात व्यवस्था की सख्त जरूरत है। फिलहाल, इस चमत्कारिक रूप से पिता-पुत्र के सुरक्षित बच जाने की पूरे इलाके में चर्चा बनी हुई है।

खैरा थाना पुलिस ने एनवीडब्ल्यू वारंटी को किया गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र में पुलिस

ने कार्रवाई करते हुए एक एनवीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी पुरुषोत्तम कुमार के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, न्यायालय द्वारा जारी एनवीडब्ल्यू वारंट के आधार पर वारंटी की गिरफ्तारी की गई। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। मामले में एनटीपीसी खैरा थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि न्यायालय से जारी एनवीडब्ल्यू वारंट के आधार पर पुलिस ने गम्हरिया गांव में कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान वारंटी पुरुषोत्तम कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन को लेकर थाना पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

पटना के दानापुर में गोलीबारी मामला में वायरल वीडियो के आधार पर एक बदमाश गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र के सगुना नया टोला इलाके में हाल ही में हुए गोलीबारी के वायरल वीडियो मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ऋषि कुमार (निवासी: सगुना नदी पर, दानापुर) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी पिस्तौल, दो खोखा और नौ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। एसडीपीओ अजीत कुमार ने मंगलवार को पत्रकारों को जानकारी दी कि गत 30 अगस्त की देर रात सगुना नया टोला स्थित गांधी मूर्ति के पास तीन बदमाशों ने अवैध हथियारों से हवाई फायरिंग की थी। वे इलाके में भय का माहौल बनाने और अपना दबदबा कायम करने के लिए प्रदर्शन कर रहे थे, जिसका किसी ने वीडियो बना लिया और यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई। सिटी एसपी पश्चिमी के निर्देश पर दानापुर-1 के अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया, जिसमें थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज और सगुना ओपी की टीम शामिल थी। गुप्त सूचना और वीडियो फुटेज के सत्यापन के बाद पुलिस ने आरोपी ऋषि कुमार के घर पर छापामारी की। कड़ी पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक देशी कट्टा, नौ जिंदा कारतूस और दो खोखे जब्त किए। पुलिस के अनुसार, इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।गिरफ्तार ऋषि कुमार का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ दानापुर थाना कांड संख्या-560/19 (दिनांक 09.07.2019) के तहत हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में पहले से मामले दर्ज हैं। पूछताछ की प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

मेहरमा पुलिस ने यातायात नियम के लिए स्कूली बच्चों को किया जागरूक

समाज जागरण

गोड्डा मेहरमा पुलिस की ओर से मंगलवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिरोजपुर में सड़क सुरक्षा अधिनियम, महिला सुरक्षा, डायल 112, साइबर सुरक्षा एवं अन्य से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर ने छात्र-छात्राओं से अपने-अपने अभिभावकों को इस नियम का पालन करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कहा कि किसी भी परिस्थिति में तेज रफ्तार वाहन चलाने से अभिभावकों को रोकें। उन्हें बाइक या वाहन चलाते समय फोन पर बात नहीं करने के लिए कहें। बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करने तथा फोर व्हीलर पर बैठने पर सीट बेल्ट लगाने, किसी भी परिस्थिति में बाइक पर तीन लोड नहीं बैठाने, ट्रैफिक नियम का पालन करने के लिए सभी बच्चे अपने-अपने अभिभावक को प्रेरित करें। कहा कि जीवन अनमोल है, इसकी सुरक्षा खुद करनी है। इसके साथ ही साइबर ठगी से बचने, मोबाइल पर किसी प्रकार का मैसेज या उसे डाउनलोड करने के लिए कहा जाए तो अच्छे से इसकी पड़ताल कर लें यह साइबर ठग हो सकते हैं। इसके अलावा डायल 112 के बारे में भी जानकारी दी। कहा कि यह आपातकालीन सेवा है। कभी भी कहीं अपराध या उससे संबंधित खतरा महसूस हो तो बेझिझक 112 पर डायल करें। पुलिस आपकी मदद करेगी। महिला सुरक्षा को लेकर भी बच्चों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कई पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र पुलिस बल के अलावा विद्यालय के शिक्षक और अन्य मौजूद थे।

पटना के दीघा-आशियाना मोड़ पर यातायात पुलिस की सतर्कता

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दीघा-आशियाना मोड़ पर यातायात पुलिस की मुस्तैदी से एक बड़ी सफलता सामने आई है। सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी की एक बाइक (पंजीयन संख्या इफ01इ6561) को बरामद किया है। हालांकि, पुलिस को देखते ही चालक बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, यातायात पुलिस दीघा-आशियाना मोड़ पर नियमित वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान संदेह के आधार पर एक बाइक को रोका गया। जब पुलिस ने 'हैंड हेल्ड डिवाइस' की मदद से वाहन का डिजिटल सत्यापन किया, तो चौंकाने वाला सच सामने आया। इस बाइक पर पहले से ही आपराधिक मामला दर्ज होने का संकेत मिला। पुलिस ने जब्ती की कार्रवाई करते हुए बाइक के दस्तावेजों के जरिए असली वाहन मालिक से संपर्क साधा। वाहन मालिक ने बताया कि यह मोटर साइकिल गत 16 जून 2026 को चोरी हो गई थी। इस संबंध में खगौल थाने में कांड संख्या 271/26 के तहत पहले ही प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी थी।

शुभता के लिए कैसे करें जाप

उच्चारण का सही तरीका

यदि सुबह जल्दी उठकर जाप कर पाएं तो बहुत अच्छा। यदि ऐसा संभव न हो, तो रात को सोने से पहले इसका जाप करें।

- यदि खुली जगह जैसे कोई मैदान, छत या बगीचा न हो तो कमरे में ही इसका जाप करें।
- जाप के दौरान टीवी, म्यूजिक सिस्टम आदि बंद कर दें। कोशिश करें कि जाप के दौरान शोर न हो।
- साफ जगह पर जमीन पर आसन बिछाकर जाप करें। पलंग या सोफे पर बैठकर जाप न करें।
- ऊं का जाप करने के लिए किसी भगवान की मूर्ति, चित्र, धूप, अगरबत्ती या दीये की जरूरत नहीं होती है।
- साफ आसन पर पद्मासन बैठें और आंखें बंद कर पेट से आवाज निकालते हुए जोर से ऊं का उच्चारण करें। ऊं को जितना लंबा खींच सकें, खींचें। सांस भर जाने पर रुकें और फिर यही प्रक्रिया दोहराएं।
- उच्चारण तेज आवाज में करें।
- उच्चारण खत्म करने के बाद 2 मिनट के लिए ध्यान लगाएं और फिर उठ जाएं।
- इस मंत्र के नियमित जाप से तनाव से पूरी तरह मुक्ति मिलती है।
- के जाप से दिमाग शांत होता है और बहुत-सी शारीरिक तकलीफें दूर होती हैं। इससे आंतरिक और बाह्य विकारों का निदान होता है और नियमित जाप से व्यक्ति के प्रभामंडल में वृद्धि होती है।

श्रावण में कैसे करें शिव को प्रसन्न

- श्रावण मास यानी चहुं और हरियाली का वातावरण जिससे मन प्रसन्न हो जाता है। इस प्रसन्नता भरे मौसम में भगवान की आराधना मन से होती है।
- श्रावण मास में शिव पूजन का विशेष महत्व माना गया है। भगवान शिव जल्दी ही भक्तों पर प्रसन्न हो जाते हैं।
- शिवजी को चढ़ाए जाने वाले लता पुष्प भी चहुं और खिल उठते हैं, ताकि भक्तजनों को पूजन सामग्री में कोई कमी नहीं आए।
- आक के फूल, बेलपत्र, धतूरे के फल नीले पुष्प आदि।
- शिवजी को प्रसन्न करने हेतु कोई भी सफेद आंकड़े के फूलों को चढ़ाकर प्रसन्न किया जा सकता है।
- शिवजी को प्रसन्न करने वाला महामृत्युंजय मंत्र इस प्रकार है-
- ऊं ह्रौं जूं सः। ऊं भूः भुवः स्वः। ऊं त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ऊं। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्। स्वः भुवः भूः ऊं। सः जूं ह्रौं ऊं ॥
- यूं तो मंत्र कई हैं लेकिन कलियुग में जल्द फलित होने वाला व सबसे प्रिय शिव मंत्र इससें दूसरा कोई नहीं है। इसके जपने से रोग, शोक, दुख, जरा मृत्यु के बन्धनों से मुक्ति देने वाला सर्वश्रेष्ठ मंत्र माना गया है।
- उपरोक्त मंत्र को जपते हुए एक सफेद आंकड़े का फूल चढ़ाते जाएं एवं नित्य प्रति सोमवार को कम से कम 108 बार जप अवश्य करें। इस प्रकार आराधना करने से आपकी मनोकामना भगवान अवश्य पूरी करेंगे। श्रद्धा व विश्वास ही फलदायक होता है यह ध्यान में रखें।

हस्तरेखा और वैवाहिक जीवन

हमारे हाथों की अलग- अलग रेखाएं जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में बताती हैं। ऐसी ही एक रेखा है विवाह रेखा। आइए देखते हैं कि यह रेखा हमारे वैवाहिक जीवन के भविष्य के बारे में क्या बताती है-

- यदि बुध क्षेत्र के आसपास विवाह रेखा के साथ-साथ दो-तीन रेखाएं चल रही हों तो व्यक्ति अपने जीवन में पत्नी के अलावा और भी स्त्रियों से रिलेशनशिप में रहता है।
- शुक्र पर्वत पर टेढ़ी रेखाओं की संख्या यदि ज्यादा हैं तो ऐसे व्यक्ति के जीवन में किसी एक स्त्री या पुरुष का विशेष प्रभाव रहता है।
- यदि प्रारम्भ में विवाह रेखा एक, किन्तु बाद में दो से अधिक रेखाओं में विभक्त हो जाए तो ऐसी स्थिति में व्यक्ति एक साथ कई रिलेशनशिप में रहता है।
- किसी व्यक्ति के विवाह रेखा में आकर या विवाह रेखा स्थल पर आकर कोई अन्य रेखा मिल रही हो तो प्रेमिका के कारण उसका गृहस्थ जीवन नष्ट होने की संभावना रहती है।
- यदि प्रणय रेखा आरम्भ में पतली और बाद में गहरी होने का मतलब है कि किसी स्त्री अथवा पुरुष के प्रति आकर्षण एवं लगाव आरम्भ में कम था, किन्तु बाद में धीरे-धीरे प्रगाढ़ होता गया है।
- किसी की हथेली में विवाह रेखा एवं कनिष्ठका अंगुली के मध्य से जितनी छोटी एवं स्पष्ट रेखाएं होंगी, उस स्त्री या पुरुष के विवाहोपरान्त अथवा पहले उतने ही प्रेम सम्बन्ध होते हैं।
- विवाह रेखा आपके सुखी वैवाहिक जीवन के बारे में भी बताती है। यदी आपकी विवाह रेखा स्पष्ट तथा ललिमा लिए हुए है तो आपका वैवाहिक जीवन बहुत ही सुखमय होगा।
- गुरू पर्वत पर यदि क्रॉस का निशान लगा हो तो यह शुभ विवाह का संकेत होता है। यदि यह क्रॉस का निशान जीवन रेखा के नज़दीक हो तो विवाह शीघ्र ही होता है।

सूर्य की शांति के लिए प्रातः स्नान करने के बाद सूर्यदेव को जल अर्पित किया जाता है। इसके बाद सूर्य से संबंधित वस्तुओं का दान, जप, होम मंत्र धारण व सूर्य की वस्तुओं से जल स्नान करना भी सूर्य के उपायों में आता है। सूर्य की शांति करने के लिए इन पांच विधियों में से किसी भी एक विधि का प्रयोग किया जाता है। गोचर में सूर्य के अनिष्ट प्रभाव को दूर करने में ये उपाय विशेष रूप से उपयोगी हो सकते हैं।

सूर्य शांति के अचूक उपाय

सूर्य कुंडली में आरोग्य शक्ति व पिता के कारक ग्रह होते हैं। जब जन्म कुंडली में सूर्य के दुष्प्रभाव प्राप्त हो रहे हों या फिर सूर्य राहु-केतु से पीड़ित हों तो सूर्य से संबंधित उपाय करना लाभकारी रहता है, विशेषकर ये उपाय सूर्य गोचर में जब शुभ फल न दे रहा हों तो इनमें से कोई भी उपाय किया जा सकता है।

स्नान द्वारा उपाय

जब गोचर में सूर्य अनिष्टकारक हों तो व्यक्ति को स्नान करते समय जल में खसखस या लाल फूल या केसर डालकर स्नान करना शुभ रहता है। खसखस, लाल फूल या केसर ये सभी वस्तुएं सूर्य की कारक वस्तुएं हैं तथा सूर्य के उपाय करने पर अन्य अनिष्टों से बचाव करने के साथ-साथ व्यक्ति में रोगों से लड़ने की शक्ति का विकास होता है। सूर्य के उपाय करने पर उसके पिता के स्वास्थ्य में सुधार की संभावनाओं को सहयोग प्राप्त होता है। सूर्य की वस्तुओं से स्नान करने पर सूर्य की वस्तुओं के गुण व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करते हैं तथा उसके शरीर में सूर्य के गुणों में वृद्धि करते हैं।

सूर्य की वस्तुओं का दान

सूर्य की वस्तुओं से स्नान करने के अतिरिक्त सूर्य की वस्तुओं का दान करने से भी सूर्य के अनिष्ट से बचा जा सकता है। सूर्य की दान देने वाली वस्तुओं में तांबा, गुड़, गेहूं, मसूर दाल दान की जा सकती है। यह दान प्रत्येक रविवार या सूर्य संक्रांति के दिन किया जा सकता है। सूर्य ग्रहण के दिन भी सूर्य की वस्तुओं का दान करना लाभकारी रहता है। इस उपाय के अंतर्गत सभी वस्तुओं का एकसाथ भी दान किया जा सकता है। दान करते समय वस्तुओं का वजन अपने सामर्थ्य के अनुसार लिया जा सकता है। दान की जाने वाली वस्तुओं को व्यक्ति अपने संचित धन से दान करे तो अच्छा रहता है। जिसके लिए दान किया जा रहा है उसकी आयु कम होने या अन्य किसी कारण से अगर वह स्वयं वस्तु नहीं ले सकता है, तो उसके परिवार को कोई निकट व्यक्ति भी उसकी ओर से यह दान कर सकता है। दान करते समय व्यक्ति में सूर्य भगवान पर पूरी श्रद्धा व विश्वास होना चाहिए। आस्था में कमी होने पर किसी भी उपाय के पूर्ण शुभ फल प्राप्त नहीं होते हैं।

मंत्र जाप

सूर्य के उपायों में मंत्र जाप भी किया जा सकता है। सूर्य के मंत्रों में ऊं सूर्य आदित्यः मंत्र का जाप किया जा सकता है। इस मंत्र का जाप प्रतिदिन भी किया जा सकता है तथा प्रत्येक रविवार के दिन यह जाप करना विशेष रूप से शुभ फल देता है। प्रतिदिन जाप करने पर मंत्रों की संख्या 10, 20 या 108 हो सकती है। मंत्रों की संख्या को बढ़ाया भी जा सकता है तथा सूर्य से संबंधित अन्य कार्य जैसे हवन इत्यादि में भी इसी मंत्र का जाप करना अनुकूल रहता है। मंत्र का जाप करते समय व्यक्ति को शुद्धता का पूरा ध्यान रखना चाहिए। मंत्र जाप की अवधि में व्यक्ति को जाप करते समय सूर्य देव का ध्यान करना चाहिए। मंत्र जाप करते समय एकाग्रता बनाए रखना चाहिए तथा इसके मध्य में उठना हितकारी नहीं रहता है।

सूर्य यंत्र की स्थापना

सूर्य यंत्र की स्थापना करने के लिए सबसे पहले तांबे के पत्र या भोजपत्र पर विशेष परिस्थितियों में कागज पर ही सूर्य यंत्र का निर्माण कराया जाता है। सूर्य यंत्र में समान आकार के 9 खाने बनाए जाते हैं। इनमें निर्धारित संख्याएं लिखी जाती हैं। ऊपर के 3 खानों में 6, 1, 8 संख्याएं क्रमशः अलग-अलग खानों में होना चाहिए। मध्य के खानों में 7, 5, 3 संख्याएं लिखी जाती हैं तथा अंतिम लाइन के खानों में 2, 9, 4 लिखा जाता है। इस यंत्र की संख्याओं की ?यह विशेषता है कि इनका सम किसी ओर भी किया जाए उसका योगफल 15 ही आता है। संख्याओं को निश्चित खाने में ही लिखना चाहिए। तांबे के पत्र पर ये खाने बनवाकर इनमें संख्याएं लिखवा लेनी चाहिए या फिर भोजपत्र या कागज पर लाल चंदन, केसर, कस्तूरी से इन्हें स्वयं ही बना लेना चाहिए। अनार की कलम से इस यंत्र के खाने बनाना उत्तम होता है। सभी ग्रहों के यंत्र बनाने के लिए इन वस्तुओं व पदार्थों से लेखन किया जा सकता है। सूर्य यंत्र इस प्रकार है।

सूर्य हवन

उपरोक्त जो सूर्य का मंत्र दिया गया है उसी मंत्र को हवन में प्रयोग किया जा सकता है। हवन करने के लिए किसी जानकार पंडित की सहायता ली जा सकती है। सूर्य कुंडली में आरोग्य शक्ति व पिता के कारक ग्रह होते हैं। जब जन्म कुंडली में सूर्य के दुष्प्रभाव प्राप्त हो रहे हों या फिर सूर्य राहु-केतु से पीड़ित हों तो सूर्य से संबंधित उपाय करना लाभकारी रहता है, विशेषकर ये उपाय सूर्य गोचर में जब शुभ फल न दे रहा हों तो इनमें से कोई भी उपाय किया जा सकता है। इसके अलावा जब सूर्य गोचर में छठे घर के स्वामी या सातवें घर के स्वामी पर अपनी दृष्टि डाल उसे पीड़ित कर रहा हों, तब भी इनके उपाय करने से व्यक्ति के कष्टों में कमी होती है।

घर में कहां और कैसे रखें आईना

आईना, जिसके बगैर आपकी खूबसूरती अधूरी है समझिए। वह आईना ही है, जो आपकी खूबसूरती को आपके कॉन्फिडेंस के साथ जोड़े रखता है। लेकिन, वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि आईना यदि सही दिशा और सही स्थिति में हो तो आपका फायदा और न हो तो आपको नुकसान भी पहुंचा सकता है। आइए, जानें घर में कहां और कैसे रखें इसे...

- आप जहां रह रहे हों या जहां आपका ऑफिस हो वहां उत्तर-पूर्व दिशा में दर्पण लगाना चाहिए। आप देखेंगे कि इसके लगाते ही आय में वृद्धि तो शुरू होगी ही साथ ही कमाई के रास्ते आनेवाली बाधाएं भी दूर होंगी।
- आईना लगाते समय यह जरूर ध्यान रखें कि उस आईने में किसी शुभ वस्तु का प्रतिबिंब नज़र आ रहा हो। यह आपके भाग्य में वृद्धि लाता है।
- आईना ऐसी जगह न हो, जिसके ठीक सामने आपके घर या ऑफिस की कोई खिड़की या दरवाजा हो।
- ध्यान रखिए कि किसी भी कमरे में चारों और आईना नहीं लगाना चाहिए। जानते हैं? घर में ऐसी व्यवस्था घर के लोगों में उलझन पैदा कर देती है।
- यदि घर का कोई हिस्सा ऐसा हो, जहां अक्सर अंधेरा ही छाया रहता है तो ऐसे जगह गोल आईना लगाकर रखें। यह निगेटिव एनर्जी को भगाने की क्षमता रखता है।
- यदि आपके बेडरूम में बेड के ठीक सामने कोई आईना हो तो उसे फौरन हटाएं, क्योंकि यह आपके शादीशुदा लाइफ में बाधाएं खड़ी कर सकता है।
- कहते हैं आईना जितना बड़ा और हल्का हो, उसे उतना ही बेहतरीन माना जाता है। घर में आईने की संख्या चाहे कितनी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन यह जरूरी है कि आईने ने अलग-अलग टुकड़ों को एकसाथ जोड़कर एक जगह न रखें, क्योंकि इस तरह के आईने में आपका शरीर खंडित नजर आएगा और यह शुभ नहीं माना जाता।
- वास्तु शास्त्र में कहा गया है कि आईने के ढक कर रखना चाहिए। बेहतर है कि आईने को अपनी अलमारियों के अंदर फिट कराएं या फिर ऐसा ड्रेसिंग टेबल हो जिसका आईना उसे खोलने के बाद नज़र आता हो।

कभी घर न लाएं ये 5 चीजें

भारतीय वास्तु विज्ञान चाइनीज़ फेंगशुई से काफी मिलता जुलता है। यह प्राकृतिक शक्तियों को मनुष्य के लिए उपयोगी बनाने की एक कलात्मक परंपरा है। हम अक्सर सुनते आए हैं कि घर में क्या रखना अच्छा होता है और क्या रखना बुरा। आइए, आज आपको बताते हैं कि घर में कौन-सी 6 चीजें कभी नहीं रखनी चाहिए-

- **महाभारत की तस्वीरें या प्रतीक:** महाभारत को भारत के इतिहास का सबसे भीषण युद्ध माना जाता है। कहते हैं कि इस युद्ध के प्रतीकों, मसलन तस्वीर या रथ इत्यादि को घर में रखने से घर में क्लेश बढ़ता है। यही नहीं, महाभारत ग्रंथ भी घर से दूर ही रखने की सलाह दी जाती है।
- **ताजमहल:** ताजमहल प्रेम का प्रतीक तो है, लेकिन साथ ही वह मुमताज की कब्रगाह भी है। इसलिए ताजमहल की तस्वीर या उसका प्रतीक घर में रखना नकारात्मकता फैलाता है। माना जाता है कि ऐसी चीजें घर पर रखी होने से हमारे जीवन पर बहुत गलत असर पड़ सकता है। यह सीधे-सीधे मौत से जुड़ा है इसलिए इसे घर पर न रखें।
- **नटराज की मूर्ति:** नटराज नृत्य कला के देवता हैं। लगभग हर क्लासिकल डांसर के घर में आपको नटराज की मूर्ति रखी मिल जाती है। लेकिन नटराज की इस मूर्ति में भगवान शिव तांडव नृत्य की मुद्रा में हैं जो कि विनाश का परिचायक है। इसलिए इसे घर में रखना भी अशुभ फलकारक होता है।
- **डूबती हुई नाव या जहाज:** डूबती नाव अगर घर में रखी हो तो अपने साथ आपका सौभाग्य भी डुबा ले जाती है। घर में रखी डूबती नाव की तस्वीर या कोई शोपीस सीधा आपके घर के रिश्तों पर आघात करता है। रिश्तों में डूबते मूल्यों का प्रतीक है यह चिह्न। इसे अपने घरौंदे से दूर रखें।
- **फव्वारा:** फव्वारे या फाउन्टन आपके घर की खूबसूरती तो बढ़ाते हैं लेकिन इसके बहते पानी के साथ आपका पैसा और समृद्धि भी बह जाती है। घर में फाउन्टन रखना शुभ नहीं होता।